

गुजरात के खिलाफ चेन्नई की उम्मीदें एक बार फिर सैमसन पर ▸▸ 10

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 930135969 पर कॉल करें।

मौसम

अधिकतम तापमान 42.6°C

न्यूनतम तापमान 23.4°C



सूर्योदय - 5.40 | सूर्यास्त - 6.35



अनुपस्थिति और लापरवाही पर कड़ा रुख ! ▸▸ 2



कैट ने शुरू किया दिव्यांगजनों को ▸▸ 4



कुणाल ठाकुर ने ग्लोरी के सेट से शेयर की ▸▸ 7

# बंगाल में भाजपा का रास्ता खोल रहीं ममता : राहुल गांधी

कोलकाता

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में तीन रैलियां की। उन्होंने हुगली, कोलकाता और दक्षिण 24 परगना में सभा को संबोधित किया। कांग्रेस नेता कहा- मेरे ऊपर 36 केस हैं क्योंकि मैं बीजेपी से लड़ता रहता हूं। ईडी ने मेरे से 55 घंटे पूछताछ की। मेरा घर ले लिया गया था। लेकिन ममता बनर्जी के साथ ऐसा क्यों नहीं हुआ। क्योंकि जो ममता बंगाल में कर रही हैं, मोदी जी देश में कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, पर उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कंट्रोल करते हैं। मोदी ने अमेरिका को हमारे देश का कृषि सेक्टर बेच दिया। आप जानते हो कि देश में जहां भी नरेंद्र मोदी जाते हैं, वो सिर्फ नफरत फैलाते हैं। कुछ साल पहले कांग्रेस ने देशभर में भारत जोड़ो यात्रा की। कांग्रेस के दौर में बंगाल में उद्योग थे। राहुल गांधी ने कहा- टीएमसी ने बंगाल में कोई काम नहीं किया। उन्होंने लोगों को रोजगार नहीं दिया। टीएमसी की खराब सरकार की वजह से ही आज बंगाल में बीजेपी का रास्ता खुल रहा है। ममता बनर्जी की सरकार में महिलाओं पर अत्याचार हुआ है। आरजीकर जैसी घटनाएं हमारे सामने हैं। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने कहा- आज देश के प्रधानमंत्री 2 मिनट में अमेरिका के सामने हाथ जोड़ देते हैं। वे जब ट्रम्प से बात करते हैं तो उन्हें सर झुकाते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि ट्रम्प को पता चल गया कि मोदी भ्रष्टाचारी हैं। उन्होंने अडाणी के साथ मिलकर भ्रष्टाचार किया है। अडाणी की कंपनी का असली नाम मोदानी है। राहुल गांधी ने कहा कि- देश में विचारधारा की लड़ाई हो रही है। एक तरफ कांग्रेस देश को जोड़ रही है। वहीं, भाजपा-आरएसएस देश को बांट रहे हैं। मेरे ऊपर 36 केस हैं क्योंकि मैं इनसे लड़ता रहता हूं।

## पश्चिम बंगाल में तीन रैलियों को किया संबोधित



### दो विचारधाराओं के बीच लड़ाई

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने श्रीरामपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल में चुनाव आ रहा है और देश में दो विचारधाराओं के बीच लड़ाई चल रही है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी संविधान, एकता और भाईचारा है, दूसरी तरफ भाजपा, आरएसएस, नफरत, हिंसा और अहंकार है।

### बंगाल में ईडी क्यों नहीं भेजते

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के हुगली में कहा कि जैसे देशभर में प्रधानमंत्री हमारे कार्यकर्ताओं को धमकाते हैं, ठीक वैसे ही ममता बंगाल में हमारे कार्यकर्ताओं को धमकाती हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी और ममता मिले हुए हैं। अगर ऐसा नहीं है तो मोदी जी बंगाल में ईडी क्यों नहीं भेजते हैं।

### बीजेपी ज्वाइन करते ही राघव चड्ढा को झटका : 24 घंटे में कम हुए 10 लाख फॉलोअर्स

# हम आपके हैं कौन?



चंडीगढ़।

युवाओं के पसंदीदा नेता माने जाने वाले राघव चड्ढा के लिए आम आदमी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामना डिजिटल प्लेटफॉर्म पर महंगा साबित हो रहा है। सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म पर महज 24 घंटों के भीतर उन्हें करीब दस लाख यूजर्स ने अनफॉलो किया है। जहां पहले इंस्टाग्राम पर उनके 14.6 मिलियन फॉलोअर्स थे। वहीं, अब यह संख्या गठकर 13.3 पर आ गई है। जाहिर है सोशल मीडिया पर राघव चड्ढा के फैसले से युवाओं में नाराजगी है। इंस्टाग्राम पर राघव चड्ढा के पोस्ट्स अब आलोचनात्मक टिप्पणियों से भरे पड़े हैं। कई यूजर्स ने राघव के लिए लिखा, हमने आपमें भविष्य का प्रधानमंत्री देखा था... आपने अपने प्रशंसकों की पीठ में छुरा घोंपा है। वहीं, कमेंट सेक्शन में 'अनफॉलो राघव' जैसे अभियान गति पकड़ रहे हैं, जहां लोग एक-दूसरे से उन्हें अनफॉलो करने की अपील कर रहे हैं। इस राजनीतिक बदलाव के साथ ही उनकी पुरानी सोशल मीडिया एक्टिविटी पर भी सवाल उठ रहे हैं। दिल्ली आम आदमी पार्टी के संयोजक सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर आरोप लगाया, राघव चड्ढा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की आलोचना करने वाले अपने पुराने सोशल मीडिया पोस्ट्स को व्यवस्थित रूप से डिलीट करना शुरू कर दिया है। यह कदम उनकी छवि को 'सिस्टमैटिक रीशेपिंग' के तौर पर देखा जा रहा है। बता दें कि शुक्रवार को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राघव चड्ढा ने एलान किया कि वह बीजेपी ज्वाइन करेंगे। उन्होंने सांसद संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ प्रेसकर्मियों से बात करते हुए कहा, हमने तय किया है कि हम, राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के दो तिहाई सदस्य संविधान के प्रावधानों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

### यूथ के बीच में क्यों फेमस थे राघव चड्ढा?

युवाओं और मीडिल क्लास के बीच राघव चड्ढा की लोकप्रियता उनकी आक्रामक राजनीति के बजाय डेटा-आधारित गवर्नेंस की वजह से थी। उन्होंने अक्सर उन मुद्दों को उठाया जो मुख्यधारा की राजनीति में पीछे छूट जाते थे। मसलन- एयरपोर्ट पर महंगे खाने के दाम, मीडिल क्लास पर टैक्स का बोझ और टेलीकॉम रिचार्ज की बढ़ती कीमतें, डिलीवरी पार्टनर्स के हितों से जुड़े नियमों को भी राघव ने संसद में उठाया है।

### सांसदों का कदम असंवैधानिक : संजय सिंह

आप नेता संजय सिंह ने बताया कि पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले राज्यसभा सांसदों को अयोग्य ठहराने के लिए राज्यसभा के सभापति को लेटर लिखेंगे। आप का आरोप है कि इन सांसदों का कदम असंवैधानिक है और उन्हें अयोग्य घोषित करना चाहिए। सांसद संजय सिंह ने कहा कि दलबदल विरोधी कानून के तहत राज्यसभा और लोकसभा में किसी भी प्रकार के विभाजन या गुटबाजी को मान्यता नहीं दी जाती, चाहे वह दो-तिहाई बहुमत के साथ ही क्यों न हो। उन्होंने कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची भी ऐसे किसी अलग गुट को वैध नहीं मानती।

### केजरीवाल महिला विरोधी हैं : मालीवाल

स्वाति मालीवाल ने आप और अरविंद केजरीवाल पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने 2006 से केजरीवाल के साथ काम किया, हर आंदोलन में साथ दिया, लेकिन बाद में उनके साथ पार्टी में दुर्व्यवहार हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके घर में उनके साथ मारपीट कराई गई और खुद्रकवापस लेने के लिए दबाव बनाया गया। मालीवाल ने कहा कि उन्हें दो साल तक संसद में बोलने का मौका नहीं दिया गया जो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने केजरीवाल को महिला विरोधी, भ्रष्ट और गुंडागर्दी करने वाला नेता बताया।



# मणिपुर : पुलिस से भिड़े प्रदर्शनकारी

**इंफाल।** मणिपुर में स्थायी शांति की मांग कर रहे हजारों लोगों की शनिवार को पुलिस से झड़प हो गई। ये सभी सीएम आवास की ओर मार्च करने निकले थे लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के लगाए बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के कई गोले दागे। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए और तख्तियां थामे हुए बिष्णुपुर जिले में हाल ही में हुए एक बम धमाके में मारे गए दो बच्चों के लिए न्याय और जातीय संघर्ष से प्रभावित आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों के पुनर्वास की मांग की। बाद में प्रदर्शनकारियों के एक समूह को सीएम वाई. खेमचंद सिंह से मिलने की अनुमति दी गई। उन्होंने इस मामले पर एक ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने, मैतेई संगठन कोऑर्डिनेटिंग कमिटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी के बैनर तले चार अलग-अलग रैलियां निकालीं, जिन्हें अलग-अलग जगहों पर रोक दिया गया। ये बाबूपाड़ा इलाके में सीएम के बंगले की ओर बढ़ रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि सीएम के आवास की ओर जाने वाली चारों दिशाओं में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए और बैरिकेड लगाए गए। इंफाल पूर्वी जिले में खुराई लामलोंग में सीएम के बंगले से करीब 2 किलोमीटर दूर प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की। कोऑर्डिनेटिंग कमिटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी के संयोजक वाई. के. धीरेन ने सीएम से मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा कि संगठन, जनता के साथ मिलकर, लोगों की मांगों को मनवाने के लिए आंदोलन को और तेज करेगा।

### झोपड़ी में जल गए 7 लाख रुपए के नोट

**देवास।** देवास में शनिवार को 4 झोपड़ियों में आग लग गई। इसमें एक व्यापारी के करीब सात लाख रुपए जल गए। मौके से ढाई लाख रुपए के अधजले नोटों की गड्डियां मिली हैं। आग की लपटों से झोपड़ियों के पास में बने खाटूश्याम मंदिर को भी नुकसान पहुंचा है। झोपड़ियों में रहने वाले लोगों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। हालांकि, उनका अधिकांश सामान आग में जल गया।

### बस ने बाइक सवारों को कुचला, 3 की मौत

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले में शनिवार को नेशनल हाईवे 552 पर तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार 4 युवकों को कुचल दिया। बस बाइक को करीब 5 किलोमीटर तक घसीटते ले गई, जिससे सड़क पर चिंगारियां उठती रहीं। हादसे में 3 युवकों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत नाजुक है। उमरी पुलिस के मुताबिक, मृतकों में मुरैना निवासी आशुतोष बघेल, भिंड के खैरोली निवासी रामकेश बघेल और मुरैना निवासी मोहित बघेल शामिल हैं। वहीं भिंड के मेहदा निवासी अमित बघेल की हालत गंभीर है।

### रिश्वत लेते पकड़े गए बीईओ

**खरगोन।** खरगोन जिले की झिरन्या तहसील के शिक्षा अधिकारी प्रभात परमार्थी को लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने 2000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एक महिला अतिथि शिक्षक के वेतन अनुमोदन के लिए रिश्वत मांगने के आरोप में की गई। लोकायुक्त पुलिस ने यह कार्रवाई भगवानपुरा तहसील के अनकवाड़ी निवासी अतिथि शिक्षक के पति सुभाष बर्डे की शिकायत पर की है।

### 4 दिन में 1.24 लाख लोग पहुंचे केदारनाथ

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा ने रफ्तार पकड़ ली है। धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अब तक करीब 1 लाख 24 हजार 782 श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं, जिससे यात्रा को लेकर उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। दर्शन को सुचारू बनाने के लिए टोकन व्यवस्था लागू की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को बिना लंबी प्रतीक्षा के आसानी से दर्शन हो पा रहे हैं।

### परफ्यूम की बोतल के कारण 4 जिंदा जले

**जयपुर।** राजस्थान के नीमराना (कोटपूतली-बहरोड़) में अवैध कबाड़ गोदाम में आग लगने से 4 लोग जिंदा जल गए। इसमें दो नाबालिग भी हैं। हादसे में एक महिला गंभीर रूप से झुलसी है। दावा किया जा रहा है कि हादसा परफ्यूम की बोतल से निकले केमिकल में आग लगने से हुआ। गोदाम में रखे केमिकल ड्रमों में भी ब्लास्ट हुए।

### नीति आयोग का पुनर्गठन

**नयी दिल्ली ( वार्ता)।** सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया है और पूर्व आर्थिक सलाहकार डॉ अशोक कुमार लाहिड़ी को सरकार के इस शीर्ष परामर्श संस्थान का उपाध्यक्ष बनाया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी राजीव गौबा तथा प्रो. के.वी. राजू, प्रो. गोवर्धन दास, प्रो. अभय करंदीकर और डॉ. एम. श्रीनिवास को आयोग पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। डॉ. लाहिड़ी नीति आयोग के उपाध्यक्ष पद पर प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉक्टर सुमन बेरी का स्थान ले रहे हैं जो दो मई 2021 से इस पद पर थे। वह पश्चिम बंगाल विधानसभा में बालुरघाट निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि हैं। उन्होंने इस बार का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा है। वह 15वें वित्त आयोग के सदस्य रहे हैं। प्रधानमंत्री पदेन इस निकाय के अध्यक्ष होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संस्थान के पुनर्गठन पर नए उपाध्यक्ष और उनकी टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

## ईरान युद्ध का असर : 3 करोड़ से ज्यादा लोग हो जाएंगे गरीब

**नई दिल्ली।** ईरान युद्ध के चलते दुनिया भर में 3 करोड़ 20 लाख से अधिक लोग गरीबी की रेखा के नीचे धकेले जा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि विकासशील देशों को ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी, खाद्य असुरक्षा और धीमी आर्थिक वृद्धि के रूप में 'ट्रिपल शॉक' का सामना करना पड़ रहा है। यह युद्ध गरीब राष्ट्रों में विकास की रफ्तार को धीमा कर रहा है। यूएनडीपी की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका-इजरायल के ईरान पर हवाई हमलों के बाद ईरान द्वारा हार्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने से वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति में रुकावट पैदा हुई। इससे ऊर्जा कीमतों में तेज उछाल आया है। जिसका असर उर्वरक आपूर्ति और शिपिंग पर भी पड़ा है, जिससे विकासशील देशों में खाद्य संकट गहराने की आशंका है। रिपोर्ट में तीन कंडीशन का जिक्र किया गया है। सबसे खराब स्थिति में, जहां तेल-गैस उत्पादन में हफ्तों तक रुकावट और महीनों तक ऊंची कीमतें बनी रहें, तो 3.25 करोड़ लोग गरीबी में जा सकते हैं। गरीबी में होने वाली वृद्धि का लगभग आधा हिस्सा खाड़ी, अफ्रीका, एशिया और छोटे द्वीपीय विकासशील देशों सहित ऊर्जा आयात करने वाले 37 देशों में केंद्रित होगा।



### 6 अरब डॉलर की मदद

यूएनडीपी प्रशासक और बेल्जियम के पूर्व पीएम अलेक्जेंडर डी क्रू ने कहा, इस तरह का संघर्ष विकास को उलटी दिशा में धकेल देता है। युद्ध रुकने के बाद भी इसका असर बरकरार रहेगा। गरीब देशों में लोग गरीबी से बाहर निकले थे, अब वापस धकेले जा रहे हैं। यह सबसे दर्दनाक पहलू है। उन्होंने कहा कि करीब 6 अरब डॉलर की मदद से प्रभावित परिवारों की सुरक्षा की जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी चेतावनी दी है कि संघर्ष के निशान वैश्विक अर्थव्यवस्था पर स्थायी असर डाल चुके हैं।

### कहीं नहीं की गयी है पुनर्मतदान की सिफारिश : आयोग

नयी दिल्ली (वार्ता)

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभाओं के चुनाव के लिए 23 अप्रैल को हुए मतदान के संबंध में किसी भी स्थान पर पुनर्मतदान की सिफारिश नहीं की गयी है। यह जानकारी शनिवार को यहां चुनाव आयोग के अधिकारियों ने दी। पश्चिम बंगाल में 294 सदस्य विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में 152 सीटों के लिए 44376 मतदान केन्द्रों पर इस सप्ताह गुरुवार को वोट डाले गये थे।

### कोई भी अपराधी अब पुलिस की नजरों से बच नहीं सकेगा : ओम बिरला

कोटा (वार्ता)

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजस्थान के कोटा शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक से जोड़ने के निर्देश दिए हैं ताकि निगरानी और अधिक प्रभावी हो सके। श्री बिरला शनिवार को कोटा सर्किट हाउस में निर्भया फंड के तहत प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करते हुए महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में पुलिस विभाग के प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए यह निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोई भी अपराधी अब पुलिस की नजरों से बच नहीं सकेगा। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और त्वरित सहायता के लिए दो पिंक पेट्रोलिंग वैन शुरू करने और प्रमुख स्थानों पर पिंक बूथ स्थापित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा केवल व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज के विश्वास से जुड़ा मुद्दा है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का समय पर और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण मिल सके। इस दौरान राज्य के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी मौजूद थे।



# ऐसी संपत्ति वक्फ का हिस्सा, बेच नहीं सकते

## सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का फैसला रद्द किया

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि मस्जिदों से जुड़ी जिन जमीनों को सेवा ईनाम कहा जाता है, वे वक्फ संपत्ति का हिस्सा होती हैं और उन्हें बेचा नहीं जा सकता। शीर्ष अदालत ने आंध्र प्रदेश के एक मामले में फैसला देते हुए कहा कि यह बात निर्विवाद है कि धार्मिक या धर्मार्थ कामों के लिए सेवा इनाम के तौर पर दी गई जमीनें दान की गई संपत्ति का रूप ले लेती हैं और उन पर एक सार्वजनिक या धार्मिक ट्रस्ट का अधिकार हो जाता है, जिससे उन्हें बेचने या किसी और को देने पर रोक लग जाती है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदेश और एजी मसीह की पीठ ने आंध्रप्रदेश वक्फ बोर्ड की अपील पर यह फैसला सुनाते हुए आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट का फैसला रद्द कर वक्फ ट्रिब्यूनल के फैसले को बहाल कर दिया है। मौजूदा मामला आंध्र के कुरनूल जिले की तीन एकड़ जमीन का था जिसमें मुख्य प्रश्न यही था कि क्या यह जमीन वक्फ संपत्ति (सेवा ईनाम) मानी जाएगी जो बुड्ढा-बुड्ढी मस्जिद और अस्तबल की धार्मिक सेवाओं के लिए दी गई थी। इसलिए उसे बेचा नहीं जा सकता था या फिर वह जमीन निजी संपत्ति थी जिसे सेल डीड के जरिए कानूनी तौर पर बेचा जा सकता है। मामले में मूल वादी जानकी बासप्पा ने वक्फ ट्रिब्यूनल में वाद दाखिल कर 1985 और 1996 में हुई सेल डीड के आधार पर मालिकाना हक जताते हुए जमीन के शांतिपूर्ण इस्तेमाल का अधिकार मांगा था और किसी को भी उसमें दखल न देने पर स्थाई रोक मांगी थी। दूसरी ओर वक्फ बोर्ड ने जमीन को वक्फ संपत्ति बताते हुए दलील दी थी कि ये जमीन मूल रूप से धार्मिक कार्यों के लिए दी गई थी और ये सेवा ईनाम के रूप में दर्ज है जिसे बेचा नहीं जा सकता। वक्फ बोर्ड ने जमीन जमात अहले हदीस को ईदगाह का निर्माण करने के लिए आवंटित कर दी थी। वक्फ ट्रिब्यूनल ने जानकी बासप्पा का मुकदमा खारिज कर दिया था। मामला हाई कोर्ट गया और हाई कोर्ट ने ट्रिब्यूनल का फैसला पलटते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड जमीन पर मालिकाना हक साबित करने में नाकाम रहा। जिसके बाद वक्फ बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी जिस पर यह फैसला आया है।



### सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व फैसले में सैयद अली बनाम एपी वक्फ बोर्ड का जिक्र किया है जिसमें यह स्पष्ट रूप से कहा गया था कि धार्मिक या धर्मार्थ सेवाएं प्रदान करने के लिए दी गई जमीन का पूर्ण स्वामित्व किसी व्यक्ति को नहीं मिलता, और ऐसी जमीनें, जो मुस्लिम कानून के तहत पवित्र, धार्मिक या धर्मार्थ माने जाने वाले उद्देश्यों के लिए दी जाती हैं, उस संपत्ति को वक्फ का दर्जा दे देती हैं। कोर्ट ने कहा यही सिद्धांत इस मामले में भी पूरी तरह से लागू होता है, जहां बंटवारे के दस्तावेज में ही यह बात साफ है कि यह जमीन एक मस्जिद से जुड़ी सेवा इनाम है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर शहडोल में कार्यशाला आयोजित, मलेरिया उन्मूलन का लिया संकल्प

**दरवाजों-खिड़कियों में मच्छररोधी जाली लगाने व मच्छरदानी उपयोग पर जोर, जागरूकता ही बचाव का सबसे बड़ा उपाय**






शहडोल।

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा आई-पी-पी-06 सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. शुक्ला ने की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए प्रभावी रणनीति बनाना तथा जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। डॉ. शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि सतर्कता ही मलेरिया से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने बताया कि मलेरिया उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास, पंचायत, ग्रामीण एवं शहरी विकास, नगरीय प्रशासन, वन, कृषि एवं शिक्षा विभागों के समन्वित प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने इस वर्ष की थीम अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा के अनुरूप शपथ भी ली। जिला मलेरिया अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मलेरिया संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। इसके प्रमुख लक्षणों में ठंड लगकर बुखार आना, उल्टी, सिरदर्द और बेचैनी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी शासकीय अस्पतालों, उप स्वास्थ्य केंद्रों तथा ग्राम स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं के पास मलेरिया की जांच और उपचार की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। कार्यशाला में मच्छरों से बचाव के उपायों पर विशेष जोर दिया गया। लोगों से अपील की गई कि सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, घर के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें, पानी जमा न होने दें, तथा दरवाजों और खिड़कियों में मच्छररोधी जाली लगाएं। इसके अलावा रात में पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने और ठहरे हुए पानी की निकासी या उसे ढककर रखने की सलाह दी गई। जिला व्हीबीडी सलाहकार ने बताया कि जिले में लगातार सर्विलेंस और समय पर उपचार के कारण मलेरिया के मामलों में कमी आई है, जो कि एक सकारात्मक संकेत है। कार्यक्रम के अंत में जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मलेरिया एवं फाइलेरिया कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुनील स्थापक (जिला टीकाकरण अधिकारी/मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी सिंहपुर), जिला मलेरिया अधिकारी एच.पी. नामदेव, जिला व्हीबीडी सलाहकार शिव शंकर शुक्ला, जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर राम गोपाल गुप्ता, एपीएम रीतू चौबे सहित जिले के सभी विकासखंडों एवं शहरी क्षेत्रों के स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और मलेरिया विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बुढ़ार में ऐतिहासिक सामूहिक विवाह, मां सिंहवाहिनी मंदिर में 200 जोड़ों ने लिए सात फेरे, निकाह भी संपन्न



बुढ़ार

जनपद पंचायत बुढ़ार द्वारा शनिवार, 25 अप्रैल 2026 को सुप्रसिद्ध मां सिंहवाहिनी देवी भटिया मंदिर प्रांगण में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर 199 जोड़ों का विधिवत विवाह एवं 1 जोड़े का निकाह संपन्न कराया गया। हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने इस आयोजन को जनोत्सव का रूप दे दिया।

## सांसद-विधायक रहे मौजूद

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद हिमाद्री सिंह रहीं, जबकि अध्यक्षता विधायक जयसिंह मरावी ने की। जिला एवं जनपद स्तर के कई जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की।

मां सिंहवाहिनी देवी मंदिर प्रांगण को पारंपरिक सजावट, रंग-बिरंगी झालरों एवं सांस्कृतिक प्रतीकों से भव्य रूप दिया गया था। प्रत्येक जोड़े के लिए अलग-अलग मंडप बनाए गए, जहां पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से विवाह संस्कार सम्पन्न कराए गए। इस सम्मेलन की विशेषता यह रही कि विभिन्न वर्गों एवं समुदायों के जोड़ों ने एक साथ वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। विवाह के साथ एक निकाह का आयोजन भी किया गया, जिसने सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी है। इस योजना के माध्यम से बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न हो रहा है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अमले की सराहना की गई। स्थानीय नागरिकों ने भी व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण आयोजन बताया।

## व्यवस्थाओं में नहीं रही कोई कमी

इतने बड़े आयोजन को देखते हुए प्रशासन एवं जनपद पंचायत द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं-

- हजारों अतिथियों के लिए पंडाल, बैठने एवं स्वच्छ भोजन-पेयजल की व्यवस्था
- प्रत्येक जोड़े को वस्त्र, श्रृंगार सामग्री, बर्तन एवं घरेलू उपयोग की वस्तुएं प्रदान
- स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं एम्बुलेंस की तैनाती
- पर्याप्त पुलिस बल के साथ मजबूत सुरक्षा व्यवस्था
- जोड़ों एवं परिजनों के लिए अलग-अलग सहायता काउंटर

# जैतपुर मुख्य मार्ग हादसे को दे रहा दावत, पुलिया जर्जर, अधिकारी बेखबर

**मंत्री-नेता सब गुजरते हैं इस रोड से, फिर भी जैतपुर पहुंच मार्ग पर मौत का इंतजार**



बुढ़ार/शहडोल।

जनपद बुढ़ार अंतर्गत जैतपुर मुख्य मार्ग इन दिनों बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। चन्नोडी ग्राम तहसील के पास जैतपुर पहुंच मार्ग की हालत इतनी खराब है कि कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

## व्यस्त रोड, फिर भी अनदेखी

यह मार्ग बेहद व्यस्त है। नेता, मंत्री, अधिकारी से लेकर स्कूली बच्चे तक रोजाना इसी रोड से गुजरते हैं। हैरानी की बात है कि इतने लोगों के आवागमन के बावजूद किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति की नजर इस बदहाल सड़क पर नहीं पड़ी। चन्नोडी तहसील के पास मुख्य मार्ग पर कुछ ही मीटर की दूरी पर एक पुलिया बेहद जर्जर हालत में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। अधिकारियों को तत्काल इसका संज्ञान लेना जरूरी है।

## शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

इस रोड को लेकर जनता काफी परेशान है। स्थानीय लोगों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। न मरम्मत हुई, न कोई चेतावनी बोर्ड लगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि किसी अनहोनी से पहले जर्जर पुलिया और सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि जान-माल का नुकसान रोका जा सके।

# कलेक्टर निरंतर करें कार्यों की समीक्षा प्रगति लाना सुनिश्चित करें : कमिश्नर

**शहडोल संभाग को कुपोषण मुक्त बनाने पर जोर, विभागों को समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश**



शहडोल।

कमिश्नर सुरभि गुप्ता की अध्यक्षता में कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभाकक्ष में शहडोल संभाग के विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राकृतिक खेती, प्रधानमंत्री सूक्ष्म लघु खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, कृषि अवसंरचना निधि, नगरीय कल्याण एवं आवास, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास, श्रम, जल जीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया कि वे विभागीय कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति सुनिश्चित करें तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का भुगतान कार्य पूर्ण होने के बाद ही किया जाए और अनावश्यक लंबित न रखा जाए। बैठक में कमिश्नर ने किसान कल्याण वर्ष के तहत कृषि उत्पादन बढ़ाने और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के प्रयासों की समीक्षा की। उन्होंने बीआरसी केंद्रों को गौशालाओं से मैपिंग करने तथा आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि शहडोल संभाग को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस कार्यवाही की जाए। कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें एनआरसी में भर्ती कराया जाए तथा उनके स्वास्थ्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन और स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग को 30 अप्रैल तक एचपीवी वैक्सीनेशन लक्ष्य पूरा करने तथा वरिष्ठ नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में पेयजल की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

**आवास एवं बुनियादी योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश**- नगरीय कल्याण एवं आवास विभाग की समीक्षा में पीएम आवास योजना के लंबित आवासों को अभियान चलाकर पूर्ण कराने तथा नए आवेदनों का शीघ्र सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। अमृत 2.0 और जल जीवन मिशन के तहत कार्यों में तेजी लाने तथा मई तक हर घर नल जल कनेक्शन देने का लक्ष्य पूरा करने पर जोर दिया गया।

## ग्रामीण विकास व अन्य योजनाओं की समीक्षा

ग्रामीण विकास विभाग को पीएम आवास, जनमन योजना सहित अन्य योजनाओं के कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना एवं पीएमजीएसवाय के तहत डीपीआर तैयार करने, श्रम योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा वनाधिकार दावों का शीघ्र निराकरण करने को कहा गया। बैठक में कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, कलेक्टर उमरिया राखी सहाय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जेल में विशेष टीबी स्क्रीनिंग शिविर आयोजित

## 100 डेज़ टीबी मुक्त भारत अभियान को मिली



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले में संचालित 100 डेज़ टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला जेल परिसर में विशेष टीबी स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडेय एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. मनोज उरैती के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों के बीच टीबी रोग की शीघ्र पहचान, रोकथाम एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान बंदियों की जांच डिजिटल/हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से की गई। जिन बंदियों में टीबी के संभावित लक्षण पाए गए, उनकी मौके पर ही खखार (स्पुटम) जांच कराई गई, ताकि रोग की पुष्टि होने पर तुरंत उपचार शुरू किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उच्च जोखिम समूहों की पहचान कर उनकी विशेष निगरानी एवं गहन जांच की गई। साथ ही बंदियों को टीबी के लक्षण, बचाव के उपाय, संतुलित आहार की आवश्यकता तथा उपचार की पूरी अवधि तक नियमित दवा लेने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि जेल जैसे बंद एवं संवेदनशील वातावरण में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर अत्यंत आवश्यक होते हैं, क्योंकि यहां संक्रमण फैलने की संभावना अधिक रहती है। इस पहल से न केवल बंदियों बल्कि जेल स्टाफ के स्वास्थ्य संरक्षण में भी मदद मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग ने आश्वस्त किया है कि जिन बंदियों में टीबी की पुष्टि होगी, उन्हें शासन द्वारा नि:शुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# अनुपस्थिति और लापरवाही पर कड़ा रुख !

## एकलव्य विद्यालयों के प्राचार्यों पर गिरेगी गाज

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, विकास कार्यों, बजट प्रबंधन एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों से विद्यालयों में चल रही गतिविधियों, प्राप्त बजट, छात्र उपस्थिति तथा शिक्षक एवं स्टाफ की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित समस्याओं पर भी चर्चा करते हुए विकास कार्यों एवं वित्तीय अधिकारों के उपयोग में पारदर्शिता एवं नियमानुसार कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर भदौरिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन के निर्धारित मापदंडों के अनुसार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की सभी गतिविधियाँ समिति के अनुमोदन के बाद ही संचालित की जाएं। उन्होंने डिंडौरी, बजाग, करंजिया, शहपुरा एवं मेहदवानी के प्राचार्यों को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष के लिए अपने-अपने विद्यालयों के विकास कार्य एवं अन्य गतिविधियों के प्रस्ताव तैयार कर समिति के समक्ष



प्रस्तुत किए जाएं। साथ ही विगत वर्षों की गतिविधियों की सूचना प्रस्तुत न करने पर सभी संबंधित प्राचार्यों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में शहपुरा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के प्राचार्य द्वारा बिना सूचना अवकाश पर रहने एवं बैठक में अनुपस्थित रहने पर भी नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। छात्र उपस्थिति की समीक्षा में जानकारी दी गई कि डिंडौरी में 480 में से 477, शहपुरा में 480 में से 428, मेहदवानी में 480 में से 450 तथा करंजिया में 480 में से 478 छात्र उपस्थित हैं।

# जिले में लोक सेवा आयोग परीक्षा की तैयारियां पूरी, 1033 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

म.प्र. लोक सेवा आयोग की आगामी प्रारंभिक परीक्षा को लेकर जिले में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। संभागीय नोडल अधिकारी डॉ. अशोक कुमार भार्गव ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय और शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का दौरा कर तैयारियों की समीक्षा की। जिला परीक्षा प्रभारी एवं डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक ने बताया कि 26 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली इस परीक्षा में जिले के तीन केन्द्रों पर कुल 1033 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इनमें उत्कृष्ट विद्यालय में 382, एकलव्य विद्यालय में 350 और पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में 300 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। पहला सत्र सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 2:15 बजे से 4:15 बजे तक होगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय से 90 मिनट पहले पहुंचना अनिवार्य रहेगा। इस बार परीक्षा में त्रिस्तरीय जांच प्रक्रिया लागू की गई है, जिसमें बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्कैनिंग और एचएचएमडी के जरिए तलाशी शामिल है। प्रशासन ने सभी केन्द्रों पर विद्युत, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थी केवल ई-प्रवेश पत्र, वैध पहचान पत्र, निर्धारित पेन, स्वयं का फोटो और पारदर्शी पानी की बोतल ही ले जा सकेंगे। मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, घड़ी सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा बैग, किताबें, बेल्ट, चाबी, लाइटर और अन्य सामान भी निषिद्ध रहेगा। धार्मिक प्रतीकों जैसे हिजाब, पगड़ी, ताबीज आदि का परीक्षण किया जाएगा, लेकिन उन्हें हटाने की बाध्यता नहीं होगी। वहीं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए रैम्प, व्हीलचेयर, भूतल पर बैठने की व्यवस्था और अतिरिक्त समय जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने बजाग में विशेष पहल विभागीय समन्वय और जागरूकता से रुकेगी होम डिलीवरी

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

आकांक्षी विकासखंड बजाग में बढ़ रहे घरेलू प्रसव (होम डिलीवरी) पर रोक लगाने और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'केयर कैंपेनिंग प्रोग्राम' के तहत सघन जमीनी अध्ययन किया गया। विशेषज्ञों एवं अधिकारियों की टीम ने ग्राम पंचायत पिपरिया अंतर्गत दूरस्थ वनांचल ग्राम जलदा, खरारीटोला और सिंदूरखार के विभिन्न टोलों का भ्रमण कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया।

## अध्ययन में सामने आए तथ्य

जमीनी पड़ताल में यह पाया गया कि आम धारणा के विपरीत इन क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क और सड़क मार्ग की स्थिति संतोषजनक है। इसके बावजूद संस्थागत प्रसव के प्रति अपेक्षित रुझान नहीं है। इसका प्रमुख कारण जागरूकता और शिक्षा की




कमी सामने आई। बैगा आदिवासी महिलाओं से चर्चा में यह तथ्य सामने आया कि उन्हें शासकीय योजनाओं की सीमित जानकारी है, जिससे वे सुरक्षित प्रसव के महत्व को पूर्णत: नहीं समझ पा रही हैं।

इसके अलावा कम उम्र में विवाह और गर्भधारण की समस्या भी देखने को मिली। इस चुनौती से निपटने के लिए किशोरी चौपाल, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने तथा समाज के मुखियाओं की काउंसलिंग की रणनीति बनाई गई है।

**समाधान की दिशा में नवाचार**- भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिवों, गर्भवती महिलाओं तथा परिवार के मुखियाओं से विस्तृत चर्चा की गई। इस संवाद से यह महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकला कि मातृ स्वास्थ्य केवल महिलाओं तक सीमित विषय नहीं है।

यदि विभिन्न विभागों के समन्वय से ग्राम पंचायत स्तर पर एक साझा मंच तैयार कर महिला एवं पुरुष दोनों को एक साथ जागरूक किया जाए, तो होम डिलीवरी के मामलों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

## अधिकारियों की उपस्थिति

इस अवसर पर योसेड हेल्थ फाउंडेशन के राज्य समन्वयक अनंत राव पवार, नीति आयोग (एबीएफ) से डॉ. विकास जैन, बीपीएम लल्ला यादव, क्षेत्रीय सीएचओ, आशा कार्यकर्ता एवं पंचायत सचिव उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा इस 'समन्वित जन-जागरूकता मॉडल' को शीघ्र ही लागू करने की तैयारी की जा रही है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिल सके।

# फिर टूटा गर्मी का रिकॉर्ड, दर्ज हुआ अब तक सबसे गर्म दिन

## दिन के साथ-साथ रातें भी हुई गर्म, आमजन हो रहे हलाकान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



जिले इन दिनों सुबह से ही सूरज के तेवर से आमजन सहित विद्यार्थियों के हाल बेहाल है। लेकिन इसके बावजूद भी शहर के कई स्कूलों ने अब तक ग्रीष्म कालीन अवकाश घोषित नहीं किया है। जिला प्रशासन के आदेश पर समय जरूर घटा दिया गया है, लेकिन इसके बाद भी विद्यार्थी दोपहर तक ही अपने अपने घरों तक पहुंच पाते है। जिसके चलते उन्हें भीषण गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है। इधर शनिवार को इस अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो कि अब तक सबसे गर्म दिन आंका गया। बतां दें कि इससे पहले 19 अप्रैल को 42.5 डिग्री तापमान दर्ज किया था। इधर न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री पर रहा।

### बारिश के आसार

मौसम विभाग की मानें तो अप्रैल के आखिरी में बारिश के भी आसार हैं। मौसम विभाग ने 27 और 28 अप्रैल को ग्वालियर, चंबल, जबलपुर और सागर संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से ऐसा होगा।

### गर्मी से बचने के लिए एडवायजरी जारी

गर्मी का असर बढ़ते ही मौसम विभाग ने बचाव की एडवायजरी भी जारी की है। लोगों से कहा गया है कि वे दिनभर पर्याप्त पानी पीएं और शरीर को हाइड्रेट रखें। दोपहर के समय लंबे समय तक धूप में न रहें। हल्के वजन और रंग के सूती कपड़े पहनें। बच्चे और बुजुर्ग खासतौर पर ध्यान रखें। मौसम विभाग के अनुसार, जिस तरह दिसंबर-जनवरी में सर्दी और जुलाई-अगस्त में सबसे ज्यादा बारिश होती है, उसी तरह गर्मी के दो प्रमुख महीने अप्रैल और मई हैं। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े से तेज गर्मी पड़ती है।

### फरवरी-मार्च में 4-4 बार बदला मौसम

इस साल जनवरी में बारिश नहीं हुई, लेकिन फरवरी और मार्च में 4-4 बार मौसम बदला। फरवरी की शुरुआत में ही प्रदेश में 2 बार ओले-बारिश और आंधी का दौर रहा। इससे फसलों को खासा नुकसान हुआ था। 18 फरवरी से तीसरी बार प्रदेश भीग गया। 19, 20 और 21 फरवरी को भी बारिश का असर रहा। फिर चौथी बार 23-24 फरवरी को भी ओले-बारिश का दौर चला। मार्च में गर्मी के सीजन की शुरुआत हो गई। पहले पखवाड़े में तेज गर्मी वाला मौसम रहा। दूसरे पखवाड़े में बारिश हुई। एक दौर लगातार 4 दिन तक रहा। इस दौरान 45 से ज्यादा जिलों में आंधी-बारिश हुई। वहीं, 17 जिलों में ओले भी गिरे। इससे गेहूं, पपीता और केले की फसलें बर्बाद हुई हैं।

### जबलपुर में तेज गर्मी का ट्रेंड

जबलपुर में अप्रैल में एक बार पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, 28 अप्रैल 1970 को दिन का तापमान 45.4 डिग्री रहा था। अप्रैल में यहां भी बारिश होने की संभावना रहती है। रकॉर्ड के अनुसार, जबलपुर में 3 अप्रैल 1935 को 24 घंटे के भीतर 50.3 मिमी बारिश हुई थी। 2023 में 20.2 मिमी पानी गिरा था। इस साल 19 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था।

# एमपी ट्रांसको ने दमोह की पारेषण व्यवस्था को किया सशक्त



## ऊर्जीकृत हुआ नया 50 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने दमोह जिले की विद्युत पारेषण प्रणाली को और अधिक मजबूत एवं विश्वसनीय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एमपी ट्रांसको द्वारा 220 केवी सबस्टेशन, दमोह में क्षमता वृद्धि करते हुए 43 वर्ष पुराने 20 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर 50 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया है। जिससे सब स्टेशन की क्षमता बढ़कर 650 एम वी ए एवं दमोह जिले की क्षमता बढकर 1083 एमवीए की हो गई है।

**विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता और स्थिरता में होगा सुधार**-ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि लगभग 5 करोड रुपये की अनुमानित लागत के इस अपग्रेडेसन से दमोह जिले में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता और स्थिरता में उल्लेखनीय सुधार होगा। बढ़ती विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए किया गया यह कार्य न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि भविष्य की मांग के अनुरूप भी पर्याप्त क्षमता उपलब्ध कराएगा।उन्होंने कहा विद्युत मांग में वृद्धि को देखते हुए कंपनी द्वारा विभिन्न सबस्टेशनों पर क्षमता वृद्धि और आधुनिकीकरण के कार्य लगातार किए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर और भरोसेमंद बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस क्षमता वृद्धि से दमोह जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अधिक निर्बाध और विश्वसनीय हो सकेगी।

## पलाश ग्रुप सुरमई शाम कार्यक्रम का आयोजन




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पलाश ग्रुप द्वारा ग्रुप की पहली लाइव बैंड के साथ शहीद स्मारक गोल बाजार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रुप की संस्थापिका से श्यामला नीति एवं प्रवीण डोंगरे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सुरमई शाम कार्यक्रम में कलाकारों ने आज शाम होने को आई..... मैं तेरा तू मेरा दुनिया से क्या लेना देना .... हवा के साथ-साथ घाट के संग संग....जैसी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। सुरमई शाम को सफल बनाने के लिए लोकप्रिय संगीत निर्देशक राजेश पिल्ले का विशेष योगदान रहा।

# आज 2 सत्रों में आयोजित होगी राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार, 26 अप्रैल को राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा को पूरी तरह निर्विघ्न, सुव्यवस्थित और शुचितापूर्ण रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन ने तैयारी सुनिश्चित कर ली है। संभागायुक्त कार्यालय ने निर्देश जारी किए हैं कि इस बार परीक्षा के दौरान सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए जाएंगे, जिसके तहत केंद्रों पर नई त्रिस्तरीय जांच प्रक्रिया को अनिवार्य रूप से लागू किया गया है। इस परीक्षा का संचालन मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा किया जा रहा है, जो जबलपुर शहर के 14 परीक्षा केंद्रों सहित प्रदेश के सभी 54 संभाग और जिला मुख्यालयों के कुल 365 केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा रविवार, 26 अप्रैल को दो सत्रों में संपन्न होगी, जहाँ पहला सत्र सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 02.15 बजे से 04.15 बजे तक रहेगा। परीक्षा की पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए इस बार त्रिस्त रीय नवीन जांच प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिसमें बायोमेट्रिक प्रमाणीकरणए प्रवेश पत्र की स्कैनिंग और एचएचएमडी के माध्य म से दोनों सत्रों में होगी। इस नई व्यवस्था अंतर्गत परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से ठीक 90 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य कर दिया गया है।

# 15 एकड़ जमीन के लिए रची गई थी हत्या की साजिश

## रांझी क्लीरेंस एटकिंस हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, बाबा नेल्सन और प्रिंस नेल्सन की तलाश जारी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी थाना क्षेत्र के बड़ा पत्थर नरसिंहनगर में हुए सनसनीखेज क्लीरेंस एटकिंस हत्याकांड का पुलिस ने चंद घंटों के भीतर पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य साजिशकर्ता सहित तीन अन्य की तलाश जारी है। हत्या की वजह रायपुर स्थित 15 एकड़ बेशकीमती जमीन का पुराना कानूनी विवाद बताया जा रहा है। जानकारी अनुसार 23 अप्रैल की सुबह करीब 8:30 बजे बिल्डर क्लीरेंस एटकिंस (39 वर्ष) अपने बेटे को स्कूल छोड़कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान अशोक मेडिकल के पास पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उनके सिर में गोली मार दी थी। इलाज के दौरान अस्पताल में क्लीरेंस की मौत हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से जांच शुरू की, जिसमें ओमती निवासी बाबा नेल्सन के साथ चल रहे जमीन विवाद की बात सामने आई।

### बेटे के साथ मिलकर बनाई हत्या की योजना

पुलिस जांच के अनुसार, रायपुर के पास स्थित 15 एकड़ कृषि भूमि को लेकर क्लीरेंस और बाबा नेल्सन के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही थी। क्लीरेंस ने इस जमीन की रजिस्ट्री के खिलाफ रायपुर न्यायालय में सिविल सूट दाखिल किया था। बाबा नेल्सन लगातार केस वापस लेने का दबाव बना रहा था और बात न मानने पर उसने अपने बेटे प्रिंस नेल्सन के साथ मिलकर हत्या की योजना बना डाली।

### दो गिरफ्तार, हार्ले डेविडसन जब्त

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर गठित टीम ने घेराबंदी कर अरुण रैकवार और मोहित ठाकुर को हिरासत में लिया। आरोपियों ने पूछताछ में कबूला कि प्रिंस नेल्सन, अर्पित कुशवाहा और उनके अन्य साथियों ने मिलकर रेकी की और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने इनके पास से घटना में इस्तेमाल की गई एक हार्ले डेविडसन और एक सीडी 100 मोटरसाइकिल सहित मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

### फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

फिलहाल पुलिस ने दो शूटरों को जेल भेज दिया है, लेकिन मुख्य आरोपी प्रिंस नेल्सन, अर्पित कुशवाहा और साजिशकर्ता बाबा उर्फ रिंकू नेल्सन अभी भी फरार हैं। रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी के नेतृत्व में पुलिस की टीमें फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। अंधी हत्या का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी के नेतृत्व में उप निरीक्षक मयंक यादव, प्रधान आरक्षक सुनील दुबे, पुरुषोत्तम, चन्द्रभान, आरक्षक मनीष अहिरवार, मनीष, अभिषेक की सराहनीय भूमिका रही।

# विद्युत पोल से गिरकर हुई कर्मी की मौत पर प्रदर्शन

## गोहलपुर क्षेत्र का मामला, जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोहलपुर थाना क्षेत्र के इको सिटी में विद्युत पोल से शुक्रवार 24 अप्रैल को गिरकर आउटसोर्स कर्मचारी की मौत के बाद शनिवार 25 अप्रैल को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। वार्ड क्रमांक 74 के रहवासियों और परिजनों ने शव रखकर चक्का जाम कर दिया, जिससे गोहलपुर बाईपास पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

दरअसल बीते दिवस जब ट्रांसफार्मर में लगी केबल पर मरम्मत का काम चल रहा था। आउटसोर्स कर्मचारी रंजीत कोरी उम्र 50 वर्ष निवासी अमखेरा, विद्युत पोल पर चढ़कर सुधार कार्य कर रहे थे। इसी दौरान वे करीब 10 फीट ऊंचाई से नीचे गिर गए, जिससे उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई।



सहकर्मियों ने तत्काल उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि रंजीत कोरी पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधारताल शिकायत केंद्र में कार्यरत थे। इको सिटी में खराब केबल सुधारने का कार्य जूनियर इंजीनियर पुष्पजीत सिंह धुर्वे द्वारा सौंपा गया था। बताया जा रहा है कि कार्य शुरू करने से पहले विद्युत सप्लाई बंद कर दी गई थी, लेकिन हादसा कैसे हुआ, यह जांच का विषय बना हुआ है।

**मुआवजे और कार्रवाई की मांग**-घटना के बाद संघ के पदाधिकारियों केएन तोखंडे, एसके मोर्य, एसके सिंह, दशरथ शर्मा ओर शशि उपाध्याय ने कंपनी प्रबंधन से मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने ओर हादसे की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं बिजली विभाग के सीई संजय अरोरा का कहना है कि घटना की जानकारी मिलते ही जेई और डीई के साथ मैं मौके पर पहुंचा था और परिवार वालों से मुलाकात कर कहा था कि रंजीत के बेटे को फौरन पिता की जगह नौकरी दी जाएगी, इसके साथ ही कंपनी की तरफ से पांच लाख और बीमा कंपनी की तरफ से 4 लाख दिए जा रहे हैं।

# सप्तदिवसीय आध्यात्मिक गीता ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, रामेश्वरम कॉलोनी (विजय नगर) के सौजन्य से ग्राम रैगवा में सप्तदिवसीय आध्यात्मिक गीता ज्ञान यज्ञ का अत्यंत गरिमामय और उत्साहपूर्ण शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम में एक भव्य शोभा यात्रा निकालकर की गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु और संस्थान के सदस्य सम्मिलित हुए। इस आध्यात्मिक आयोजन का विधिवत उद्घाटन बीके भूमि बहन के पावन सानिध्य में दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गीता के वास्तविक मर्म और आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से जनमानस के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। बीके वर्षा बहन के कुशल संचालन में आयोजित इस यज्ञ में राजयोगिनी बीके भावना बहन, बीके इमला बहन, रश्मि कुशवाहा, ज्योति पटेल, डॉ. एसएस. ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# एपी नर्मदा महाविद्यालय मे विश्व रचनात्मकता और नवाचार दिवस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** 1 मप्र बटालियन जबलपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नितिन शर्मा के मार्गदर्शन में बटालियन की एनसीसी सब यूनिट एपी नर्मदा महाविद्यालय में एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा विश्व रचनात्मक और नवाचार दिवस मनाया गया । कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स के द्वारा गया। जिसमें कैडेट्स को मंत्री एवं पूर्व एन सी सी कैडेट एवं यूथ आइकन ऋषिता पटेल को सभा का स्पीकर बनाया गया। इस कार्यक्रम का मंतव्य भी रहा कि कैडेट्स सार्वजनिक तौर पर मंच पर आकर अपने विचार रख कर अपनी झिझक खोले। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य एवं पाराशर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन पर महाविद्यालय के चेयरमैन श्री सर्वेश्वर चमन श्रीवास्तव ने हर्ष व्यक्त किया एवं कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन एवं मार्गदर्शन के लिए बटालियन के कमान अधिकारी का आभार साथ ही कहा कि ऐसी गतिविधियों




आर्टिफीशियल इंटेलीजेंसी शीर्षक के ऊपर सामूहिक चर्चा की गई। कैडेट्स के द्वारा ए आई के उपयोग एवं दुरुपयोग के बारे में अपने विचार रखे गए । इस कार्यक्रम को एक मॉक पार्लियामेंट का रूप दिया एनसीसी पेट्रोन डॉ. सोनल खरे कैडेट्स के जजमेंट हेतु उपस्थित रही वही।

कार्यक्रम का समन्वयन महाविद्यालय की एनसीसी अधिकारी लेफ्टि.डॉ. दिव्या द्वारा कैडेट्स के अंदर आत्मविश्वास जागता है। महाविद्यालय के कुलसचिव मानवेंद्र सिंह एवं एनसीसी अधिकारी एवं समस्त एन सी सी की टीम को कार्यक्रम के लिए बधाई ज्ञापित की।

# सरल प्रक्रिया के साथ रादुविवि में हो सकेंगे ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश



## कुलगुरु प्रो. वर्मा की अध्यक्षता में प्रवेश समिति की बैठक का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया और सरलता सुनिश्चित करेगी, जिससे पिछले वर्ष के प्रवेश सत्र की सीमाओं और कमियों को दूर किया जा सकेगा। पंजीकरण, परिणाम घोषणा और प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाने का उद्देश्य इसे पूरी तरह पारदर्शी एवं छात्रहितैषी बनाने से है ताकि नामांकन गतिविधियां आपस में जुड़ी हुई और सुचारू रूप से संचालित हों। विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक विभागों में नामांकन का लक्ष्य स्पष्ट मानदंडों का पालन करते हुए शैक्षणिक विभागों की स्वायत्तता को बढ़ाना भी है, जिसके आधार पर अंतिम निर्णय लिए जाते हैं। ये बातें माननीय कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने शनिवार को विवि आईक्यूएसी सभागार में आयोजित विवि प्रवेश समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहीं। विश्वविद्यालय प्रवेश समिति की आयोजित बैठक में कुलगुरु की अध्यक्षता में शैक्षणिक सत्र हेतु प्रवेश प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं छात्रहितैषी बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। विवि प्रवेश समिति संयोजक प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि पूर्व वर्षों की भांति नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की भी समस्त प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से संपादित की जाएगी। अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन एवं ई-प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। इस व्यवस्था से विद्यार्थियों को घर बैठे ही आवेदन की सुविधा प्राप्त होगी तथा समय और संसाधनों की बचत सुनिश्चित होगी। नई व्यवस्था से प्रवेश प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं प्रभावी बनेगी।

**तीन चरणों में संपादित होगी प्रवेश प्रक्रिया** -विवि प्रवेश समिति संयोजक प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया को इस वर्ष तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की एमपी पोर्टल पर आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर अपनी पात्रता एवं पसंद के अनुरूप पाठ्यक्रम का चयन कर आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही अभ्यार्थी ई-प्रवेश पोर्टल पर जाकर भी अपनी प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं। विवि कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल ने बताया कि विवि की प्रवेश प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सरल बनाने के उद्देश्य से एमपी ऑनलाई रादुविवि पोर्टल को केंद्रीय मंच बनाया जा रहा है। छात्र-छात्राएं इस पोर्टल के माध्यम से विभिन्न परंपरागत और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### नए प्रोफेशनल कोर्स भी इस प्रक्रिया में शामिल रहेंगे

बैठक में कुलगुरु प्रो. वर्मा ने बताया कि प्रवेश के पोर्टल पर सभी नए प्रोफेशनल कोर्स की जानकारी भी उपलब्ध होगी। प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीए, बीकाम, बीएससी जैसे स्नातक पाठ्यक्र मों के साथ ही एमए, एमएससी, एमकाम और एमएसडब्ल्यू सहित विभिन्न परास्नातक पाठ्यक्रमों में भी आवेदन लिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय परिसर में संचालित इंटीग्रेटेड प्रोग्राम (यूजी, पीजी), पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा और प्रोफेशनल कोर्स भी इस प्रक्रिया में शामिल रहेंगे। तीन चरणों में आयोजित होने वाली प्रवेष प्रक्रिया में विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर अपनी पात्रता एवं पसंद के अनुरूप पाठ्यक्रम का चयन कर आवेदन कर सकेंगे।

# हाइवे में खड़े ट्रक से भिड़े बाइक सवार, 2 की मौत, 2 हुए घायल

## जिले मे कई जगहों पर घटित हुए सड़क हादसे

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले में गत दिवस जिले मे कई जगहो पर सडक हादसे घटित होने का समाचार प्रकाष में आया है। इन सडक हादसों मे लोगो की मौत होने के साथ ही लोग घायल भी हुए है। जानकारी अनुसार शुक्रवार की देर रात अमहा के करीब खेरमाई मंदिर के पास हुए सड़क हादसे में जिन तीन युवक सड़क हादसे का शिकार हुए थे,इनमें दो युवक कि मौत हो गई। जिन्हें देर रात चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है।ये दोनों युवक चचेरे भाई बताये जा रहे है। बताया जाता है कि इस हादसे में नौरोजाबाद थाना अंतर्गत सनन पिता सुखराम बैगा निवासी बरही उम्र 18 वर्ष एवम अभिषेक पिता बाबूलाल बैगा निवासी बरही उम्र 20 वर्ष की मौत हो गई है,हादसे में घायल दो अन्य युवक शिवम पिता दादू राम बैगा उम्र 10 वर्ष एवम छोटू पिता आशा राम बैगा उम्र 25 वर्ष निवासी कंचनपुर गम्भीर रूप से घायल है,जिन्हें जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर शहडोल रेफेर किया गया है,जहाँ फिलहाल दोनों युवक इलाजरत है। इन दोनों युवकों में शिवम की हालत ज्यादा नाजुक बताई जा रही है। सूत्रों की माने तो ये सभी युवक वैवाहिक



कार्यक्रम में ग्राम किरनताल जा रहे थे,इसी बीच खेरमाता मंदिर के पास देर रात दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हुए है। खबर ये भी है कि हाइवे पर ब्रेकडाउन ट्रक खड़ा था, बाइक में सवार ये युवक उसी ब्रेकडाउन ट्रक में अनियंत्रित होकर भीड़ गए है, और जोरदार भिड़ंत हुई है, हादसे के बाद चारों युवक वही लहूलुहान हो गए है। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से 108 एम्बुलेंस बुलाया गया, जिसके बाद चारों युवकों को जिला अस्पताल लाया गया था, जहाँ प्राथमिक उपचार कर तत्काल शहडोल रेफेर किया गया है।

### बारात से वापस हो रहे युवक सड़क हादसे का शिकार,आधे दर्जन से अधिक घायल

नौरोजाबाद थाना अंतर्गत शनिवार की सुबह दो बाइको की आपसी भिड़ंत होने का समाचार प्रकाश मे आया है। घटना में आधे दर्जन से अधिक लोगो के घायल होने की खबर है।बताया जाता है कि घायल युवक शुक्रवार की रात बारात करने घुनघुटी से बाजाकुण्ड (नया गांव) आये थे,शनिवार की सुबह ये युवक वापस घुनघुटी जा रहे थे,तभी गांव के करीब बांध के पास दूसरी ओर से आ रही बाइक से जोरदार भिड़ंत हुई है,इस घटना में घुनघुटी के चार युवक एवम बाजा कुंड के तीन युवकों के घायल होने की खबर है,इन सभी घायलों को 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया जा रहा है।

### तिलक में बिटिया के घर आये पिता हुए हादसे का शिकार

बिटिया के बेटे के तिलक में आये 72 वर्षीय लाला यादव निवासी पतौर सड़क हादसे का शिकार हुए है।ये घटना पिपरिया हाइवे की बताई जा रही है। घटना को लेकर बताया जाता है कि घायल वृद्ध अपनी मोपेड वाहन से पिपरिया से हाइवे आ रहे थे,इसी बीच हाइवे से गुजर रहे अज्ञात चार पहिया वाहन ने ठोकर मार दी है।हालांकि घटना स्थल पर लाल रंग का साइड ग्लास मिला है,जिससे कयास लगाया जा रहा है कि लाल रंग की अज्ञात चार पहिया वाहन हो सकता है।इस हादसे में वृद्ध घायल तो हुआ है,पर गम्भीर नही है।घटना के बाद घायल वृद्ध को 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया है,जहाँ घायल इलाजरत है।इस हादसे में उनका दो पहिया वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

# जिला जेल उमरिया में विशेष स्वास्थ्य शिविर संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)



जेल अधीक्षक डी0 के0 सारस ने बताया कि उच्च न्यायालय, जबलपुर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव के विशेष निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उमरिया के अध्यक्ष माननीय न्यायाधीश श्री प्रियदर्शन शर्मा एवं सचिव न्यायाधीश मोहन डावर के संयुक्त निर्देशन पर शनिवार 25 अप्रैल को जिला जेल उमरिया में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 35 बंदी एवं 4 महिला बंदी का स्वास्थ्य परीक्षण करने पर पाया गया की 1 बंदी हृदय रोग से ग्रसित है। उसे मेडिकल कालेज जबलपुर रेफर किया गया है एवं 7 बंदियों को मेडिकल कालेज, शहडोल एवं 6 बंदियों को जिला अस्पताल उमरिया में दिखाया जाना है। शिविर में बंदियों के अलावा जेल के अधिकारी..कर्मचारी के द्वारा भी चिकित्सक के समक्ष उपस्थित होकर उपचारध्परीक्षण कराया गया। मेडिकल कालेज, शहडोल से डॉ. विद्यानंद शुक्ला नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. शाहिद सिद्दीकी नेत्ररोग विशेषज्ञ, डॉ. विवेक गर्ग सर्जरी तथा जिला चिकित्सालय उमरिया से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. व्ही. एस. चंदेल, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. आर. एल. द्विवेदी, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. बी.के. प्रजापति, दंत चिकित्सक डॉ. मानसी अग्रवाल, पैथालाजिस्ट डॉ. मुकुल तिवारी, नेत्र सहायक- अभयराज शर्मा के द्वारा बंदियों के स्वास्थ्य की जांच उपचार किया गया। विशेष शिविर के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उमरिया से 4 लीगल एड काउंसिल सुरेश मित्राणी, गजराज सिंह, विजय राय एवं दिनकर तिवारी तथा 4 पैनल अधिवक्ता श्रीमती उषा गुप्ता, राजारम हरवानी, उमेश राय, शिवकरण साहू एवं 11 पैरालीगल वालेंटियर उपस्थित होकर 197 बंदियों को विधिक सहायता के संबंध में प्रावधान की जानकारी देकर उन्हे लाभ लेने की जानकारी दिये। शिविर में यह पाया गया कि समस्त बंदियों के पैरवी के लिए उनके निजी अधिवक्ता एवं शासकीय अधिवक्ता नियुक्त है। जेल प्रशासन द्वारा इस विशेष शिविर की समुचित व्यवस्था जेल अधीक्षक डी. के. सारस, जेल चिकित्सक डॉ. एस. के. जैन तथा जेलर ध् उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को एवं मेलनर्स कनिका रामपाल एवं ड्यूटीरत प्रहरी एवं रमन विश्वकर्मा, मो0 शारिब, दुरपाल सिंह मरावी तथा तकनीकी सुपरवाइजर रविंद्र प्रजापति एवं ड्यूटीरत मुख्य प्रहरी द्वारा बंदियों को अनुशासित रखकर सभी बंदियों को लाभांवित कराया गया।

# पाली नगर पालिका द्वारा जल स्त्रोंतो के संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिए किये जा रहे है प्रयास



उमरिया (स्वतंत्रमत)

जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत् नगर पालिका परिषद पाली तथा क्षेत्रीय कार्यालय, मप्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड शहडोल, जिला-शहडोल (म.प्र.) के द्वारा जल स्त्रोंतो के संरक्षण एवं पुर्नजीवन हेतु प्रयास किये जा रहे है, इसी क्रम में शनिवार दिनांक 25 अप्रैल 2026 को नगर पालिका पाली के वार्ड क्रमांक 09 सगरा तालाब घाट में श्रमदान किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के दौरान तालाब परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्र में गहन साफ-सफाई की गई। तालाब के किनारों एवं जलग्रहण क्षेत्र को विशेष रूप से साफ किया गया, जिससे जल की गुणवत्ता में सुधार लाने का प्रयास किया गया तथा भविष्य में जल प्रदूषण की संभावना को कम किया जा सके। जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के दौरान स्थानीय नागरिकों को भी स्वच्छता एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अपने आसपास के जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। अधिकारियों द्वारा यह संदेश दिया गया कि जल संरक्षण एवं स्वच्छता केवल शासकीय प्रयासों तक सीमित नहीं रह सकती, बल्कि इसमें जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उक्त गतिविधि जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई है। भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान निरंतर संचालित किए जाने की योजना है, ताकि क्षेत्र के समस्त जल स्त्रोत स्वच्छ एवं संरक्षित रह सकें। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद पाली सब इंजीनियर शिवराम एडपाचे, सहायक नोडल विपिन कुमार विश्वकर्मा, वीरेंद्र मिश्रा, विजय महतेल,क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड शहडोल, बी.एम. पटेल (वैज्ञानिक), सुभाष कुमार निगम, बालेन्द्र सिंह प्रयोगषाला परिचारक, गणेष सिंह सहित सैकड़ों नागररिकगण और जनमानस उपस्थित रहा।

# कैट ने शुरू किया दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाने का राष्ट्रीय अभियान

उमरिया (स्वतंत्रमत)

देश में 5 करोड़ से अधिक दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को एक नई दिशा देने के उद्देश्य से कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और दिव्यांगजनों के अग्रणी संगठन आईडिया द्वारा कंस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित एक 'एबिलिटी कॉनक्लेव' में दिव्यांगजनों को सक्षम बनाने हेतु एक ऐतिहासिक पहल की नींव रखी। उमरिया में कैट के जिला अध्यक्ष कीर्ति कुमार सोनी ने बताया कि इस अवसर पर दिव्यांगजनों को सहायता के पात्र नहीं, बल्कि सामर्थ्य के केंद्र के रूप में स्थापित करते हुए उन्हें बड़े पैमाने पर उद्यमिता से जोड़ने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की गई। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद श्री प्रवीन खंडेलवाल ने इस बड़े अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत की सामाजिक-आर्थिक



संरचना में एक निर्णायक बदलाव के आह्वान की दिशा में देश के व्यापारी वर्ग का एक ठोस कदम है जहाँ दिव्यांगजन जॉब सीकर्स नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर्स के रूप में उभरेंगे।इसी दिशा में कॉनक्लेव में एक 100 एक्सीलरेटर्स प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया जो दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण,कौशल विकास, वित्तीय सहयोग और बाजार से जोड़ने का कार्य करेगा। कीर्ति कुमार सोनी जिला अध्यक्ष कैट ने कहा कि अब समय आ गया है कि देश दिव्यांगजनों के प्रति अपनी सोच बदलेकृसहानुभूति से आगे बढ़कर साझेदारी की ओर बढ़े। यदि भारत के पाँच करोड़ से अधिक दिव्यांगजनों को सही अवसर, तकनीक और बाजार उपलब्ध कराया जाए, तो वे देश की अर्थव्यवस्था में एक नई क्रांति ला सकते हैं। इस अभियान को और व्यापक स्वरूप देते हुए यह भी घोषणा की गई कि आगामी 12 से 15 अगस्त तक दिल्ली में आयोजित होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव में एक विशेष एबिलिटी एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। यह एक्सपो दिव्यांग उद्यमियों के उत्पादों, कौशल और नवाचार को राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा, साथ ही व्यापारिक संगठनों को सीधे उनसे जोड़कर उन्हें बाजार उपलब्ध कराने की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। कैट द्वारा देशभर में दिव्यांगजनों के लिए एक संरचित स्किल, डिजिटल और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट मिशन भी चलाया जाएगा, जिससे उन्हें आधुनिक व्यापार, ई-कॉमर्स, डिजिटल मार्केटिंग और उत्पादन के नवीनतम साधनों से जोड़ा जा सके।

# दुर्गम वन क्षेत्रों में विद्युत लाइन बिछाने का कार्य तेज, बिजली संकट से मिलेगी राहत

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले के सुदूर और दुर्गम वन क्षेत्रों में लंबे समय से बनी वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा बड़े स्तर पर 11 के.वी. केबल लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा की पहल पर अधीक्षण अभियंता अमित कुमार के निर्देशन में यह कार्य तेजी से प्रगति पर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैहर और बालाघाट संभाग के अंतर्गत आने वाले 14 प्रमुख वन क्षेत्रों में पुरानी एवं क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों को बदलकर नई केबल लाइन डाली जा रही है। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत लगभग 2.65 करोड़ रुपये बताई गई है। विभाग का मुख्य उद्देश्य इन दुर्गम क्षेत्रों में निर्बाध



एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है, जहां वर्तमान में लो-वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है। इस योजना के तहत बैहर, बिरसा, परसवाड़ा, उकवा सहित बालाघाट के ग्रामीण अंचलों में कार्य किया जा रहा है। इसके पूर्ण होने से गंजेसर्रा, मंडवा, डोंगरिया, पीतकोना, चौरिया, जैतपुरी, दड़ेकसा, चीतालखोली, धुनधुनवार्धा, कसंगी, कुआगोंदी, माटे, पालागोंदी, कसई टोला, सर्रा, दुगलई, भूतना, नलेझरी, नरपी, मलकुआ, बरगुड़, नंदौरा, बोदलझोला, पंचेरा, खारा, कोकमा और पोलबतुर जैसे वन क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा। इन क्षेत्रों में पहले खुली तारों वाली लाइनें थीं, जिन्हें अब सुरक्षित केबल लाइनों में परिवर्तित किया जा रहा है।

# मध्य प्रदेश सरकार का केबिनेट निर्णय मतभेद पूर्ण: बाविसताले



बालाघाट(स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश सरकार का सरकारी कर्मचारियो को 20 लाख तक का कैसलेस इलाज देने वाला केबिनेट निर्णय स्वागत योग्य, किन्तु पेंशन धारकों के लिये यही निर्णय उनके सिर पर लाठी पटकने जैसा... मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं शिक्षक संघ पेंशन प्रकोष्ठ बालाघाट के संरक्षक शिवाजी बाविसताले ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कैबिनेट में लिये गये शासकीय कर्मचारी से उनके मूल वेतन से एक पर्सेंट (1त्र) प्रीमियम काट कर उन्हें 20 लाख तक का कैशलेस इलाज कराने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले निर्णय को स्वागत योग बताया हैं किंतु वही पेंशनधारकों को इसी सुविधा के लिए उनकी पेंशन से चार परसेंट (4त्र) की मासिक प्रीमियम काटे जाने का पुरजोर विरोध करते हुए, सरकार को अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार करने एवं उनसे भी एक पर्सेंट ही समान मासिक प्रीमियम लेकर ही 20 लाख तक का समान कैसे इलाज दिए जाने हेतु अपने निर्णय में संशोधन किए जाने की निवेदन पूर्ण मांग की गई है ताकि पेंशन धारकों के साथ उचित न्याय हो सके क्योंकि वृद्धावस्था में पेंशन भोगियों से कैशलेस इलाज के नाम पर उनकी पेंशन से चार प्रतिशत मासिक रूप से वसूल कर लेना यानी वृद्धावस्था में उनके सिर पर लाठी पटकने जैसा है जो उनकी सहनशक्ति की सीमा से बाहर होगा। बाविसतालेजी ने आगे कहा की सरकार अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार कर संशोधन नहीं करती है तो प्रदेश भर के समस्त पेंशन धारकों के साथ मिलकर इस विषय पर सरकार के विरोध में बड़े आंदोलन, की रणनीति बनाई जाएगी एवं प्रदेश भर के सारे वरिष्ठजन अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मध्य प्रदेश सरकार की होगी।

# भाई-भाई व उपयंत्री की मेल से स्टॉपडेम में झोल

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

पंचायत द्वारा स्टॉपडेम निर्माण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, भूजल स्तर में वृद्धि और कृषि सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। किंतु जनपद पंचायत परसवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत सहेजना के सरपंच दिलीप पंद्रे, सचिव जैतलाल पंद्रे और उपयंत्री ज्ञानप्रकाश सुलखे ने उद्देश्य को दरकिनार करते हुए ग्राम झारखेड़ा परसाड़ी नाली में स्टापडेम निर्माण में गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया गया है। और 20 लाख की राशि का बंदरबाद किया गया है। जानकारी अनुसार, पंचायत सहेजना के ग्राम झारखेड़ा परसाड़ी नाली में जल संरक्षण के उद्देश्य से जिला पंचायत, 15 वाँ वित्त और मनरेगा के सहयोग से 20 लख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत कराई गई, जिसमें



वर्ष 2024- 25 वित्तीय वर्ष में मनरेगा योजना अंतर्गत 3 लाख 96 हजार रुपए, 15वाँ वित्त जिला पंचायत से 14 लाख 50 हजार एवं 15वाँ वित्त ग्राम पंचायत से 1.97 लाख की राशि स्वीकृत की गई हैं। कुल स्वीकृति 20.43 लाख रूपये निर्माण कार्य किया गया। लेकिन स्टीमेट को नजर अंदाज किया गया था। बताया जा रहा है कि स्टॉपडेम निर्माण में मानक सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। घटिया सीमेंट, कमजोर कंक्रीट और बिना तकनीकी निगरानी के किए गए काम के चलते निर्माण की मजबूती शुरू से ही संदेह के घेरे में है। कई जगहों पर दरारें और टूट-फूट साफ दिखाई दे रही है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि यह स्टॉपडेम पहली ही बारिश में जवाब दे सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद उन्हें टिकाऊ निर्माण नहीं मिला। ग्राम पंचायत सहेजना के सरपंच दिलीप पंद्रे के चचेरे भाई जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पंद्रे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पंद्रे के द्वारा जिला पंचायत से कार्य स्वीकृत कराया गया और उक्त निर्माण कार्य में ठेकेदार की भूमिका निभा रहे हैं। यहीं नहीं उपयंत्री ज्ञानप्रकाश सुलखे की मिलीभगत से कमीशनखोरी के चलते घटिया निर्माण कर राशि का बंदरबांट किया गया है। परसवाड़ा जनपद पंचायत में पदस्थ उपयंत्री ज्ञानप्रकाश सुलखे की कार्यप्रणाली फिर एक बार चर्चाओं में है। सूत्रों अनुसार जहां स्टाफडेप निर्माण कार्य में अपनी कमिशन को लेकर निर्माणाधीन कार्य की मॉनिटरिंग नहीं किया गया और भाई-भाई की ठेकेदारी ने घटिया निर्माण कार्य किया, उपयंत्री द्वारा अपना कमीशन को लेकर एमबी फाइल भर कर राशि आहरण किया जाएगा। बताया जा रहा हैं कि पूर्व में खैरलांजी जनपद पंचायत में पदस्थ होने पर एक टीएस-एएस पर दो पाईप पुलिया का निर्माण करने का कारनामा कर चुके हैं। यहीं नहीं ग्रामीण के द्वारा तो उपयंत्री के द्वारा पंचायतों में ठेकेदारी करने को लेकर सीएम हेल्पलाईन भी की गई थी। मौका स्थल पर स्टापडेम किस मंशा से बनाया गया हैं, समझ से परे हैं। उक्त मामले को लेकर सचिव जैतलाल पंद्रे के मोबाईल पर सम्पर्क किया गया तो उन्होने कॉल रिसिव नहीं किया

# किशोरी ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले के रामपायली थाना क्षेत्र के कौलीवाड़ा में एक 16 वर्षीय किशोरी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला। परिवार में पांच बच्चों में सबसे छोटी किशोरी कुमकुम को सबसे पहले उसकी मां ने फांसी के फंदे पर देखा। मां ने तुरंत फंदा काटकर उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। शनिवार को वारासिवनी के सिविल अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार, किशोरी हाल ही में जबलपुर से 10वीं बोर्ड की परीक्षा देकर घर लौटी थी। वह अपने भाई-बहनों के साथ जबलपुर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। किशोरी के मामा राजेंद्र ने बताया कि घटना के समय उसके माता-पिता मजदूरी करने घर से बाहर गए थे और वह घर में अकेली थी। शाम को जब मां घर लौटीं, तो उन्होंने बेटी को फांसी पर लटका पाया। परिवार को भी इस आत्महत्या के पीछे की वजह पता नहीं है। पुलिस ने आशंका जताई है कि किशोरी ने परीक्षा परिणाम या किसी अन्य कारण से यह कदम उठाया होगा। वारासिवनी के एएसआई लक्ष्मीप्रसाद राहंगडाले ने बताया कि आत्महत्या का कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद उमरिया, जिला उमरिया (म.प्र.)

क्रमांक 1227/ नि.सू. /2026 — उमरिया, दिनांक 23.04.2026

## निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु जेम पोर्टल में पंजीकृत फर्म/संस्था/ठेकेदारों से जेम पार्टल में ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। https://gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | बिड क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि | अमानत राशि | कार्य की समयावधि | बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | GEM/2026/B/7438392 Date 17-04-2026 | Double Seater Kids Swing fron with FRP, Animal Shape FRP Giraffe Slide Four Seater Rocker Arch Climber Arch Swing Animal Swing 2 Seater Four Seater Swing. Two Seater Duck. Swing | 980000.00 | 9800.00 | 30 दिवस | 02-05-2026 |
| 2. | GEM/2026/B/7438357 Date 22-04-2026 | Revolving Chair Office Chair Office Table Air Condioner Split AC Steel Almirah Cupboard Ceiling Fan Electrical Cable for Light Connection | 310000.00 | 3100.00 | 30 दिवस | 07-05-2026 |
| 3. | GEM/2026/B/7466669 Date 22-04-2026 | INTEGRATED SECURITY SURVEILLANCE SYSTEM SERVICE Supply, Installation. And Commissioning Of CCTV Surveillance System With Accessories. Supply. Installation And Commissioning Of CCTV Surveillance System With Accessories Supply, Installation And Commi | 130000.00 | 2600.00 | 30 दिवस | 02-05-2026 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://gem.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद उमरिया
जिला उमरिया म.प्र.

### एचपीवी टीकाकरण अभियान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में बालिकाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान तेजी से संचालित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों से टीकाकरण कराने अपील की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डी जे मोहंती ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 फरवरी से जिले में एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत की गई है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पोषण पखवाड़ा सप्ताह के अंतर्गत नगर के आंगनबाड़ी केन्द्र डॉ राधाकृष्णन वार्ड क्रमांक 1 में शासकीय आयुर्वेदिक जिला चिकित्सालय द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभाग की निर्धारित थीम के अनुसार विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। जिसमें मातृ एवं शिशु पोषण के तहत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें संतुलित आहार एवं पोषण संबंधी परामर्श दिया गया। साथ ही 0.2 वर्ष तक के शिशुओं की देखभाल एवं पोषण पर विशेष जागरूकता फैलाई गई। इस अवसर पर आयुष विभाग से आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रियंका धुर्वे, डॉ एकता वाल्को, स्टाफ नर्स पार्वती नायकर, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता नीतू परस्ते तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जीमवती नागेश की विशेष उपस्थिति रहे।

### जल संरक्षण पर दिलाई शपथ

**मण्डला(स्वातंत्रमत)।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे एवं सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर विकास प्रस्फुटन समिति बम्हनी बंजर एवं नगर परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड नंबर 4 के तालाब में श्रमदान कर साफ सफाई कार्य किया गया एवं उपस्थित नगर वासियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विकासखण्ड समंवयक संतोष कुमार झारिया ने कहा कि जल है तो कल है जल संरक्षण का मुख्य उद्देश्य घटते भूजल स्तर को बढ़ाना वर्षा जल का संरक्षण करना और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

### हीरापुर में जागरूकता कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा एवं बाल विवाह रोकथाम के अंतर्गत ग्राम हीरापुर तहसील नैनपुर में जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले ने प्रतिभागियों को बाल विवाह रोकने के लिए ठोस कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि कम उम्र में विवाह करना बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं सामाजिक विकास पर गंभीर प्रभाव डालता है।

### बाबा साहेब की जयंती पर कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जन्म जयंती भव्यता से मनाई गई। उक्त जयंती समारोह में अनेक जिलों के बसपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता हजारों की संख्या में उपस्थित हुये वाहन रैली से नगर भ्रमण करते हुये कार्यकर्ता सभा स्थल पर पहुंचे जहां से मुख्य अतिथि नेताओं ने बाबा साहेब के विचारों व संघर्ष को बताते हुए देश में बहुजनों की बसपा सरकार बनाने का आह्वान जाना। उक्त समारोह के मुख्य अतिथि एडवोकेट सचिन फूलचंद मुख्य जोन प्रभारी मध्यप्रदेश विशिष्ट अतिथि रामजी सतनामी जोन प्रभारी जबलपुर के साथ उमाकांत बन्देवार जोन प्रभारी बालाघाट, ज्ञानेश्वर गजभिये जोन प्रभारी बालाघाट,सेठ बालकिशन चौधरी पूर्व प्रदेश प्रभारी मध्यप्रदेश इंदर सिंह उइके मुख्य जिला प्रभारी मंडला के अलावा बालाघाट, सिवनी, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पांडुरना, बैतूल आदि जिलों के जिला प्रभारी व जिलाध्यक्षगण अपने कार्यकर्ताओ के साथ शामिल हुये।

# जिम्मेदार विभाग नहीं दे रहा ध्यान, उड़ती धूल और ध्वनि प्रदूषण से जीना हुआ मुश्किल, लोग हो रहे बीमार

मण्डला(स्वतंत्र मत)।




नगर की सड़को से उड़ती धूल तथा पुराने खटारा वाहन से निकलने वाला जहरीले धुआं ही नही डीजे साउंड बॉक्स की तेजी ध्वनि लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो रहा है। कई प्रयास किये जाने के बाद भी स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया और वायु प्रदूषण दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। सड़क पर यदि आगे चौपहिया वाहन चलते हैं तो उनके पीछे आने वाले दोपहिया वाहन चालक को भारी धूल व धुएं का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी तो हालात इतने खराब हो जाते है कि वाहन चालक को रूककर बड़े वाहन के निकल जाने तक की प्रतीक्षा करनी पड़ती है। पर्यावरण में घुल रहा प्रदूषण आने वाले दिनों में भारी परेशानी का कारण बनेगा। यह जानकारी होने के बाद भी जबाबदार अमले के द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है और राहगीर परेशान हो रहे है सड़क पर दिनों दिन वाहनों की संख्या बढ़ रही है इसी के साथ वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है। हाल इतने बेहाल हो चुके है कि यदि इस तरफ गंभीरता के साथ ध्यान नहीं दिया गया तो यह समस्या विकराल रूप धर लेगी और तब पछताने के सिवा कुछ भी शेष नहीं बचेगा। विश्वव्यापी समस्या बन चुका प्रदूषित वातावरण को शुद्ध करने के प्रयास हो तो रहे है पर ऊ ंट के मुंह में जीरा ही साबित हो रहे है। नगर में तेजी के साथ वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। सबसे ज्यादा प्रदूषण तो वर्षो पुराने हो चुके वाहन से फैल रहा है। ऑटो वालों का भी योगदान इसके बढ़ने में कम नहीं है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर वाहनों की जांच का दिखावा तो किया जाता है पर कार्यवाही यदाकदा ही होती है। फलस्वरूप धड़ल्ले के साथ वाहन जहरीला धुआं छोड़ रहे है और इस पर रोक लगाने वाला कोई नहीं है जिन पर इसकी जबावदारी है उनकी मुठ्ठी धुआं छोड़ते वाहनों की वजह से गर्म रहती है। जिस वजह से उन्हें मनमानी करने छूट मिल जाती है। वायु प्रदूषण के प्रति चिंतित तो सब हैं पर जो कुछ किया जाना चाहिये वह नहीं हो पा रहा हैं। जीर्णशीर्ण अवस्था में पहुंच चुकी सड़कों पर गड्डों की भरमार हैं और यहां से दिन भर धूल उड़ती रहती है। इससे राहगीर ही नहीं सड़क किनारे रहने वाले भी खासे त्रस्त है पर कुछ कर सकने की स्थिति में नहीं है सड़क किनारे के पेड़ की पत्तियां भी धूल से सन हो जाती है। जिसके चलते उनका भी रंग बदल रहा है। प्रतिदिन सड़क पर चलने वालों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए तो स्थिति स्पष्ट हो जाएगी कि धूल व धुआं कितना घातक साबित हो रहा है। ध्वनि प्रदूषण अब सभी तरह की हदें लांघता जा रहा है। हर धार्मिक सामाजिक, राजनैतिक कार्यक्रमों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों से मनमाने ध्वनि का प्रयोग कर लोगों को बुरी तरह प्रताड़ित किया जाता है। देश में बढ़े भ्रष्टाचार के साथ धार्मिक आडम्बर भी खूब जड़ पकड़ लिया है। लोग धर्म का अर्थ व उपासना के अर्थ को सही संदर्भ में न समझ कर पूजा पाठ के अति प्रदर्शन में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का खूब उपयोग करते हैं और यह भी ध्यान नहीं रखते कि वृद्धों, बच्चों, विद्यार्थियों, बीमारों या अन्य साधना करने वालों को इससे कितनी परेशानी होती होगी। इसी तरह से सामाजिक राजनैतिक कार्यक्रमों में भी लंबे समय तक तेज ध्वनि से चोंगे और डीजे बजाये जाते हैं। जिससे बाजारों में लोग आपस में बात भी नहीं कर पाते। महानगरों में प्रशासन कड़े कदम उठाने में लगा हुआ है। तीव्र ध्वनि पर नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ध्वनि प्रदूषण रहित शांत क्षेत्रों में तो यह समस्या नहीं हैं लेकिन आम जनता जहां निवास करती है या अपना कारोबार करती हैं वहां ध्वनि प्रदूषण भीषण समस्या है। लोग अन्य तरह की ध्वनि से भी पीड़ित हैं। वाहनों में तीव्र ध्वनि के डेक बजाये जाते हैं। पान दुकानों में बस स्थानकों में मनमानी ध्वनि का प्रयोग होता है। प्रशासनिक अधिकारी या तो असहाय होते हैं या इनका मौन समर्थन होता है। वही नगर की सड़को में जमी धूल खाने पीने की सामग्रीयों में चली जाती है। हवा के साथ उड़ रही धूल से आंखो में समस्या आ रही है तो वहीं हर तरफ धूल की परत जमी दिखाई देती है। लोग परेशान हैं लेकिन कोई भी सुनवाई नही हो रही है।

## निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें : सिंह

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

संभागायुक्त धनंजय सिंह ने गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टरों से शासन के कार्यक्रमों एवं प्राथमिकता अभियानों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों से संबंधित विभागों की विस्तार से समीक्षा की लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, भवन विकास निगम, सेतु निर्माण, मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरना विकास निगम, जल संसाधन विभाग तथा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा संभाग के सभी जिलों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। संभागायुक्त श्री सिंह ने एसीएस की बैठकों के निर्माण विभागों से संबंधित कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन पर समीक्षा करते हुए जल संसाधन विभाग के विभागीय अधिकारियों से नहरों की मरम्मत व संधारण के कार्यों की भी समीक्षा की जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 एवं जल संचय जन भागीदारी 2.0 की समीक्षा के दौरान संभाग के जिलों की स्टेट रैंकिंग पर चर्चा की एवं कमिश्नर श्री सिंह द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सभी सहभागी विभागों के निर्धारित लक्ष्य अनुरूप कार्य/गतिविधियों को सतत मॉनिटरिंग करते हुए समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए कलेक्टर्स को निर्देशित किया।

## जनपद स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।



जनपद बीजाडांडी एवं नारायणगंज में बैंकर्स की जनपद स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जनपद बीजाडांडी तथा नारायणगंज में आयोजित इन बैठकों की अध्यक्षता अग्रणी जिला प्रबंधक सुजय कुमार ने की बैठक में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक देबब्रत पाल, जनपद बीजाडांडी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती वासंती दुबे, विभिन्न बैंकों के प्रमुखों एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे इस दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें जमा वृद्धि, ऋण वितरण तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया अध्यक्ष ने सभी बैंकों एवं विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने, पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा वित्तीय समावेशन को मजबूत करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से सीडी रेशियो में वृद्धि करने पर बल दिया गया बैठक में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों के त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जनपद स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देने तथा सफल उद्यमियों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई।

### आंगनवाड़ी केंद्रों को मिलेंगे नये भवन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** भवन विहीन आंगनवाड़ी केंद्रों को अब अपने पक्के भवन मिलेंगे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के लगातार प्रयासों के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने मण्डला के लिए 6 आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण को स्वीकृति दे दी है। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने मंत्री संपतिया उइके को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में आंगनवाड़ी केंद्रों में उच्च गुणवत्ता की सेवाएं देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मंत्री श्रीमती उइके ने अपने क्षेत्र में भवन विहीन आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए भवन निर्माण की सूची प्रेषित की थी। उनकी अनुशंसा पर संलग्न सूची अनुसार आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है।

## धूमधाम से मनाई गई सम्राट अशोक की जयंती

**मण्डला(स्वातंत्रमत)।** इतिहास हमारे जीवन में वह पल होता है जहां हम कुछ करने के लिए आगे बढ़ने के लिए अपने इतिहास से प्रेरणा लेते हैं समाज में युवाओं को इससे प्रेरणा मिलकर आगे बढ़ती है आज इसी बातों को लेकर सम्राट अशोक की जयंती का आयोजन सरदार पटेल भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता अधिवक्ता सीबी पटेल के द्वारा की गई वहीं विशिष्ट अतिथि में विमलेश सोनी अति पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं सचिव पिछड़ा समाज पार्टी भोपाल उपस्थित हुए सभी ने सम्राट अशोक की जीवन परिचय पर प्रकाश डाला कुंज बिहारी पटेल ने अपनी बात रखते हुए कहा अखंड भारत के सम्राट रहे सम्राट अशोक अपनी शोर्य और प्रतापी ऊर्जा के कारण जाने जाते थे उनकी रहते उनके साम्राज्य की कभी किसी ने आंख उठाकर नहीं देखा वही अधिवक्ता संजय चौरसिया ने अपनी बात रखते हुए कहा ओबीसी वर्ग से आने वाले सम्राट अशोक अपने समाज के लिए सदैव अग्रणी रहे एवं सर्व समाज के प्रेरणा के स्रोत बने और समाज को जाग्रत करने का कार्य किया है ।




वही पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विमलेश सोनी ने कहा कि वर्तमान में सम्राट अशोक के द्वारा किए गए समाज सुधार के कार्यों से हमें प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए लोग अखंड भारत की बात जरूर करते हैं पर अखंड भारत का शासक कौन था यह नहीं बताते हैं जबकि उनका अशोक स्तंभ रूपयों की शान बना है और चक्र तो अत्याचारों का दमन कर रहा है पर चाहे प्रदेश की सरकार हो या देश की सरकार हो सम्राट अशोक की जयंती मनाने में कतरा रही है हम अपने महापुरुषों को जरूर याद करते हैं क्योंकि उनका इतिहास हमे आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं जो हमारा समाज हमारा परिवार जानकर उससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़े ऐसे ही हमारे प्रेरणा सूत्र सम्राट अशोक सदैव बने रहेंगे पिछड़ा समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त नामदेव ने बात रखते हुए कहा की बड़ी मुश्किल से पिछड़ा वर्ग अब एक हो चला है कुछ दिन तो उन्होंने ब्रह्मपाल की रखा था कि वह सामान्य हो गए हैं पर ऐसा नहीं है अब सरकार भी ओबीसी वर्ग की अपेक्षा नहीं कर सकती भविष्य में होने वाली जनगणना जातिगत होगी तो वास्तव में ओबीसी वर्ग का उत्थान होगा। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे सीबी पटेल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि समाज में चेतना जरूरी है हम एक पेड़ मां का नाम तो लगा रहे हैं पर अपनी मां को एक गिलास पानी नहीं दे रहे हैं तो आखिर हम किस की मां के लिए पेड़ लगा रहे हैं जबकि हमारे खुद की मां हमारे सुखों से और कर्तव्य से वंचित है आपने कहा कि हम किसी पार्टी या समाज का ऐसा हिस्सा ना बने जो केवल भीड़ बढ़ाने का काम करें हम उसकी और अपने समाज की उन्नति के लिए कार्य करें कार्यक्रम के समापन के समय पनडब्बी गायिका नीतू झारिया ने सम्राट अशोक के जीवन चरित्र पर छत्तीसगढ़ी भाषा में चलचित्रण कर यह बता दिया कि वास्तव में उन्हें महान क्यों कहा जाता है।



## संभागीय प्रेक्षक परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त संभागीय प्रेक्षक डॉ. अशोक कुमार भार्गव आईएएस ने शनिवार को मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा का सफलतापूर्वक संचालन करने के लिए जिले में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिले में राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की परीक्षा के लिए पाँच परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। इसमें आरडी कॉलेज, रानी अवंती बाई हायरसेकेंडरी स्कूल मंडला, अमल ज्योति स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर एवं उत्कृष्ट विद्यालय में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। परीक्षार्थियों के लिए वाहन पार्किंग स्थल, बैरीकेट्स, सुरक्षा व्यवस्था, बायोमेट्रिक, साफ-सफाई, फ्रिस्किंग, बीओआईपी व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, विद्युत एवं जनरेटर की व्यवस्था, पंखे, टायलेट की व्यवस्था पुलिस कंट्रोल रूम, चिकित्सा सुविधा इत्यादि व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। विदित है कि राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 तक और दोपहर 2:15 से सायं 4:15 तक दो सत्रों में आयोजित की जाएगी संभागीय प्रेक्षक डॉ. भार्गव ने राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# नैनपुर में बड़े एक्सपेंशन प्लान की कार्य योजना पर हो रहा है कार्य : महाप्रबंधक

### रेल महा प्रबंधक ने किया नैनपुर छिन्दवाड़ा जबलपुर रेल खण्ड का निरीक्षण

नैनपुर(स्वतंत्र मत)।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के रेल महा प्रबंधक तरुण प्रकाश का नैनपुर आगमन हुआ। वे नागपुर छिन्दवाड़ा नैनपुर रेल खंड का निरीक्षण करते हुए देर शाम नैनपुर पहुंचे। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य रेल ट्रैक के रखरखाव, सिंग्नलिंग का रखरखाव, ओ एच ई विद्युत तार का रखरखाव,रेलवे सुरक्षा से जुड़े कार्य ,यात्री सुविधाओं से जुड़े कार्यो की गति के साथ रेल विकास से जुड़ी आगे की योजनाओं के संभावनाओं का प्रारूप तैयार करने से जुड़ा हुआ था। जैसा कि पहले से ही तय था कि रेलवे जी एम इस बार नैनपुर में आम अवाम और जनप्रतिनिधियों से मिलकर यहां की रेल आवश्यकताओं पर चर्चा करेंगे। हुआ भी कुछ ऐसा ही जहाँ बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश नैनपुर के मामले में संजीदगी से बातें करते दिखाई दिए। नैनपुर में रेलवे से जुड़ी संभावनाओं पर उन्होंने जनता से खुलकर बात की। प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपत्तियां उईके ने भी अपनी बात रखते हुए महाप्रबंधक से कहा की रेलवे विकास के मामले में मंडला जिला अभी अछूत जैसा है और रेल सुविधा मंडला जिले को पर्याप्त नहीं मिल पा रही है आपने नैनपुर जंक्शन में समुचित रेल विकास की बात रखी और कहा कि यहां से लंबी दूरी की गाड़ी चलती है इसलिए बेहतर रखरखाव नैनपुर से संभव हो सकेगा! साथ उन्होंने मंडला फोर्ट स्टेशन में रेल सुविधाओं की बात कही। रेल महा प्रबंधक ने बताया की नैनपुर में पिट लाइन और कोचिंग रखरखाव वर्तमान में प्लानिग स्टेज पर है। इसकी स्वीकृति रेलवे बोर्ड से मिलते ही इसका कार्य शुरू किया सकेगा। रेलवे ट्रेक के दोहरीकरण कार्य स्वीकृति पर आपने बताया कि प्रथम चरण में भूमि अधिग्रहण का कार्य प्रगति पर है, जैसे है पर्याप्त भूमी हो जाएगी इसकी निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। आपने बताया कि नैनपुर में रेलवे के बहुत बड़े बडे एक्सपेंशन के प्लान है। जिसमे नैनपुर में रेलवे की खाली पड़ी जमीन का उपयोग रेलवे के विकास कार्यो में की जाएगी। बताया कि रेलवे समपार में ओव्हर ब्रिज के लिए फ्लाय ओवर बनाने डीपी आर कार्य प्रगति पर है प्रदेश सरकार से सकीकृति के साथ ही इसका कार्य शुरू किया जा सकेगा।




इसके अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज सेवियों ने अपने स्तर से अन्य मांगे रखी। जिसमे नैनपुर रेलवे स्टेशन मैं प्लेटफार्म की संख्या बढ़ाई जाए, जिसे बेहतर संचालन हो सके साथ ही दूसरी ओर ही रेल स्टेशन का प्रवेश द्वार बनाया जाना अति आवश्यक है।

नैनपुर से मंडला 5 फेरा डेमू ट्रेन चलाई जाए जिससे कि मंडला क्षेत्र की यात्रियों को नैनपुर जंक्शन से हर ट्रेन की कनेक्टिविटी उपलब्ध हो सके। स्टेशन में एक्सीलरेटर एवं लिफ्ट अति शीघ्र बनाए जाने की बात कही गई। इस बार महाप्रबन्धक का दौरा पूर्णत: रेल विकास की सम्भवनाओ के साथ क्षेत्र की जनता की प्रमुख मांगो और आवश्यकताओं को जानने की अपेक्षा से जुड़ा हुआ नजर आया। जिसमे रेल यात्री सुविधाओं और सुरक्षा के मद्देनजर नागपुर छिन्दवाड़ा सिवनी नैनपुर होकर गढ़ा जबलपुर तक के रेल खण्ड का विस्तृत निरीक्षण भी शामिल था। इस दौरान नागपुर डिवीजन के डी आर एम और रेलवे विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल तकनीक की दुनिया को ही नहीं बदल रहा, बल्कि इसने रोजगार के बाजार में एक बड़ी क्रांति ला दी है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसी कई नौकरियां पैदा हुई हैं, जिनके बारे में 5 साल पहले किसी ने सोचा भी नहीं था। आज ये नौकरियां न केवल सबसे अधिक डिमांड में हैं, बल्कि इनके लिए कंपनियां लाखों-करोड़ों का पैकेज देने को तैयार हैं। एआई के बढ़ते प्रभाव ने इन क्षेत्रों में कॅरियर के नए द्वार खोले हैं।

**पिछले कुछ वर्षों में ऐसी कई नौकरियां पैदा हुई हैं, जिनके बारे में 5 साल पहले किसी ने सोचा भी नहीं था। आज ये नौकरियां न केवल सबसे अधिक डिमांड में हैं, बल्कि इनके लिए कंपनियां लाखों-करोड़ों का पैकेज देने को तैयार हैं।**

## नई नौकरियों ने खोली तरक्की की राह

# AI कॅरियर की नई लहर

### यंगस्टर्स का बढ़ रहा है रुझान... मिल रहा है करोड़ों का सैलरी पैकेज

### स्किल और सैलरी

इन नौकरियों की सबसे खास बात यह है कि इनमें अनुभव से ज्यादा आपके स्किल को महत्व दिया जाता है। प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग जैसे पदों के लिए भारत में भी शुरुआती पैकेज 15-20 लाख रुपए सालाना से शुरू होकर करोड़ों तक जा सकता है।

### नौकरियां बड़े पैमाने पर

दुनियाभर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के बड़ा मुद्दा है। रिसर्च के अनुसार साल 2024 के दौरान अमेरिका में एआई सेक्टर 146.09 अरब डॉलर का था। हालांकि, कुछ ही सालों में 2034 तक ये 851.46 अरब डॉलर तक हो सकता है। ऐसे में साफ है कि अमेरिका में बड़े पैमाने पर एआई की पढ़ाई करने वालों को नौकरियां आसानी से मिलेंगी और इसमें कॅरियर बनाना सफल रहेगा।

### सलाह विशेषज्ञों की

विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाला समय एआई बनाम इंसान का नहीं, बल्कि एआई जानने वाले बनाम एआई न जानने वाले इंसानों का होगा। यदि आप अपनी मौजूदा स्किल में एआई को जोड़ लेते हैं, तो आपकी कॅरियर ग्रोथ कई गुना बढ़ सकती है।

### प्रॉम्प्ट इंजीनियर

यह शायद आज की सबसे चर्चित नौकरी है। इनका काम एआई मॉडल (जैसे चेट जीपीटी) से सटीक और बेहतरीन परिणाम निकालने के लिए सही निर्देश तैयार करना है।

### एआई एथिक्स स्पेशलिस्ट

एआई समाज को प्रभावित कर रहा है, इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि एआई निष्पक्ष हो और किसी के साथ भेदभाव न करे।

### मशीन लर्निंग ऑपरेशंस इंजीनियर

ये विशेषज्ञ मशीन लर्निंग मॉडल्स को बनाने, उन्हें लागू करने और संभालने का काम करते हैं।

### एआई डेटा क्यूरेटर

एआई को सीखने के लिए डेटा की जरूरत होती है। डेटा क्यूरेटर उस डेटा को इकट्ठा करते हैं और उसे एआई के समझने लायक बनाते हैं।

### नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग साइंटिस्ट

इनका काम कम्प्यूटर को मानव भाषा समझने और बोलने में सक्षम बनाना है।

### एल्गोरिदम ऑडिटर्स

ये विशेषज्ञ जांचते हैं कि क्या कोई सॉफ्टवेयर या एल्गोरिदम सही तरीके से काम कर रहा है और सुरक्षित है।

### एआई बिजनेस स्ट्रैटेजिस्ट

ये प्रोफेशनल्स कंपनियों को बताते हैं कि वे अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए एआई का इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं।

### कम्प्यूटर विजन इंजीनियर

ये ऐसी मशीनें विकसित करते हैं, जो इंसानों की तरह चीजों को देख और पहचान सकें (जैसे फेस लॉक या सेल्फ-ड्राइविंग कार)।

### एआई सॉल्यूशंस आर्किटेक्ट

इनका काम पूरी कंपनी के लिए एक ऐसा ढांचा तैयार करना है, जिसमें एआई का सही इस्तेमाल हो सके।

### चैटबॉट डिजाइनर

ये स्पेशलिस्ट चैटबॉट को इस तरह डिजाइन करते हैं कि ग्राहकों को लगे कि वे किसी इंसान से बात कर रहे हैं।



## 3 कोर्स... जहां मिलेंगे सरकारी नौकरी के अवसर




### एआई बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर की नौकरी

एआई क्षेत्र में कई नौकरियों में से एक बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर की भी है। इस नौकरी में करीब 1.73 करोड़ रुपए सैलरी दी जाती है। ये नौकरी नए-नए बिजनेस को तलाशने और कंपनी की ग्रोथ के लिए होती है। एआई का इस्तेमाल करना भी इस नौकरी में शामिल होता है। आप बिजनेस डेवलपमेंट कोर्स के जरिए इस जॉब को हासिल करने के उम्मीदवार बन सकते हैं।

### डीप लर्निंग इंजीनियर जॉब

आप एआई क्षेत्र में डीप लर्निंग इंजीनियर की नौकरी हासिल कर सकते हैं। डीप लर्निंग इंजीनियर कोर्स में अलग-अलग तरह के ऑनलाइन और डिग्री प्रोग्राम शामिल हैं। इसमें छात्रों को एआई और मशीन लर्निंग के बारे में गहराई से समझाया जाता है। डीप लर्निंग इंजीनियर्स डेटा साइंटिस्ट की नौकरी आगामी सालों में कई सारी हासिल हो सकती हैं। अमेरिका में इसकी नौकरी करने वालों को आमतौर पर सालाना सैलरी 1.25 करोड़ रुपए है।



### कम्प्यूटर विजन इंजीनियर

सबसे चर्चित नौकरियों में से एक कम्प्यूटर विजन इंजीनियर कोर्स भी है। इसमें गहराई से कम्प्यूटरों के विजुअल डेटा को समझा जाता है। एआई पावर्ड मशीन लर्निंग के अलावा कम्प्यूटर विजन अप्रोच का यूज कम्प्यूटर विजन इंजीनियरिंग करते हैं। अमेरिका में कम्प्यूटर विजन इंजीनियर की सैलरी 1.50 करोड़ रुपए है।




## घर बैठे करें ये कोर्स निखरेगी पर्सनेलिटी और चमकेगा कॅरियर

मौजूदा समय में अधिकांश लोग घर से काम कर रहे हैं। ऐसे में सबके पास थोड़ा अतिरिक्त समय है। इस तरह यह अच्छा मौका है कि जब आप कुछ ऑनलाइन कोर्स करके अपने कॅरियर को और ऊपर ले जा सकते हैं। दुनिया में कई ऐसे कोर्स हैं, जिन्हें घर बैठे मुफ्त में किया जा सकता है। एक तरफ जहां ये कोर्स आपकी बोरियत को कम करेंगे, वहीं इनसे आपको कुछ नया सीखने का मौका भी मिलेगा। आइए जानते हैं कुछ ऐसे ही कोर्सेस के बारे में-

### कनेक्ट विद कस्टमर ओवर मोबाइल

यह फ्री कोर्स गूगल द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। इस कोर्स में आपको यह सिखाया जाएगा कि आप अपनी डिजिटल उपस्थिति को कैसे बढ़ाएं, साथ ही मोबाइल के जरिए नए ग्राहकों तक कैसे पहुंचे। यह कोर्स शुरुआती स्तर का कोर्स है और इसके दो मॉड्यूल हैं। यह कुल दो घंटे का कोर्स है।

### प्रमोट ए बिजनेस विद कंटेंट

गूगल पर मौजूद इस कोर्स के माध्यम से आप लोगों की नजरों में आ सकते हैं। इस कोर्स में आपको सिखाया जाएगा कि आप सोशल मीडिया, वीडियो और कंटेंट मार्केटिंग का बेहतर इस्तेमाल कैसे करें। कोर्स में आपको सोशल मीडिया के बेसिक्स, लॉन्ग टर्म सोशल मीडिया प्लान, राइज ऑफ ऑनलाइन वीडियो, वीडियो परफॉर्मेंस का आकलन करना आदि चीजों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### हाउ टू इनहेंस एंट प्रोटेक्ट योर ऑनलाइन कैंपेन

इस कोर्स के माध्यम से हम यह सीख सकते हैं कि किसी ऑडियंस तक सही मैसेज को कैसे पहुंचाया जाए। इसके अलावा, साइबर हमले से खुद को किस तरह बचाया जाए, यह भी इसके तहत सिखाया जाता है। इस कोर्स में 12 मॉड्यूल हैं। कोर्स शुरुआती स्तर का है। इस कोर्स में आपको सर्च इंजन के बेसिक्स के बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन की प्लानिंग, कीबर्ड्स आदि के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

### हाउ टू इनक्रीज प्रोडक्टिविटी एट वर्क

इस कोर्स में आपको समय को मैनेज करना, उसे करना, प्राथमिकताएं तय करना आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस कोर्स में 1 मॉड्यूल है। कोर्स शुरुआती स्तर का है।

### स्पीकिंग इन पब्लिक

गूगल द्वारा कराए जा रहे इस कोर्स में आपको पब्लिक में बोलने, कैसे प्रभावी ढंग से बात रखने आदि के बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा, बोलते समय आपकी बॉडी लैंग्वेज कैसी हो, आपका प्रोफेशनल प्रजेंटेशन कैसा हो, इसके बारे में भी सिखाया जाएगा। इस कोर्स में 1 मॉड्यूल है। कोर्स शुरुआती स्तर का है। इसमें वीडियो ट्यूटोरियल्स आदि भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

### सोशल साइकोलॉजी

वेसलेयान यूनिवर्सिटी द्वारा कराए जा रहे और कोर्सेरा द्वारा पावर किए जा रहे इस कोर्स में आपको सर्टिफिकेट भी मिलेगा। इसमें सोशल साइकोलॉजी की कुछ रिसर्च के बारे में आपको जानकारी दी जाएगी। इसमें ग्रुप बिहेवियर, पर्सनल अट्रेक्शन, किसी को समझाने आदि के बारे में बताया जाएगा। यह कोर्स शुरुआती स्तर का है।

### इंग्लिश फॉर कॅरियर डेवलपमेंट

इस कोर्स को पेनसेलवेनिया यूनिवर्सिटी द्वारा तैयार किया गया है। इस कोर्स को अंग्रेजी के बारे में ज्यादा जानकारी न रखने वालों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस कोर्स में प्रोफेशनल रिज्यूमे बनाना, कवर लेटर बनाना, नेटवर्किंग और इंटरव्यू स्किल के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### इंफ्लुअसिंग पीपल

इस कोर्स को मिशिगन यूनिवर्सिटी द्वारा तैयार किया गया है। इसमें आप लोगों को वाकशैली और पर्सनेलिटी से कैसे प्रभावित करते हैं, उसके बारे में सिखाया जाएगा। इसमें आपको बेहतर वक्ता और लीडर बनने में मदद मिलेगी। इसके अलावा बिजनेस आइडिया को रखने, स्टेकहोल्डर से गठबंधन करने आदि के लिए यह मददगार होगा।

## घर रहकर दें कॅरियर को उड़ान, करें ये ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स

आज के समय में अगर कॅरियर में आगे बढ़ना है या कोई नई स्किल सीखनी है, तो ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स सबसे आसान और तेज तरीका बन चुके हैं। अच्छी बात ये है कि अब आपको कहीं कोचिंग जाने की जरूरत नहीं है। बस मोबाइल या लैपटॉप व इंटरनेट चाहिए और आप घर बैठे ही कोई भी नई स्किल सीख सकते हैं।

### डेटा एनालिटिक्स कोर्स

आज कंपनियां डेटा के आधार पर फैसले लेती हैं। डेटा की समझ रखने वाले लोगों की डिमांड सबसे ज्यादा है। इस कोर्स में आपको एक्सेल, पावर बीआई, पायथन, डेटा विजुअलाइजेशन जैसी स्किल सिखाई जाती हैं। थोड़ी मेहनत के बाद इस फील्ड में अच्छी सैलरी वाली जॉब्स मिल सकती हैं।

### ग्राफिक डिजाइनिंग कोर्स

डिजाइनिंग में इंटरेस्ट है, तो ग्राफिक डिजाइनिंग आपके लिए परफेक्ट ऑप्शन है। इस कोर्स में फोटोशॉप, इलस्ट्रेशन केनवा जैसी टूल्स से काम करना सिखाया जाता है। इसके बाद आप फ्रीलांसिंग, सोशल मीडिया डिजाइनिंग या किसी कंपनी में डिजाइनर की जॉब पा सकते हैं।

### वेब डेवलपमेंट कोर्स

टेक फील्ड में आगे बढ़ना चाहते हैं तो वेब डेवलपमेंट एक शानदार स्किल है। एचटीएमएल, सीएसएस, जावा स्क्रिप्ट और बेसिक प्रोजेक्ट बनाना सिखाया जाता है। कोर्स पूरा होने के बाद आप अपनी खुद की वेबसाइट बना सकते हैं या किसी कंपनी में डेवलपर के तौर पर काम शुरू कर सकते हैं।

### कम्युनिकेशन स्किल कोर्स

यह एक ऐसा कोर्स है, जो हर फील्ड में काम आता है। चाहे आप स्टूडेंट हों, नौकरी कर रहे हों या बिजनेस कर रहे हों। अच्छा कम्युनिकेशन आपको हर जगह फायदा देता है। इस कोर्स में बोलने की कला, प्रजेंटेशन स्किल, ईमेल राइटिंग, इंटरव्यू स्किल जैसी बातें सिखाई जाती हैं।

## जानलेवा मलेरिया का बढ़ा खतरा

अनन्या मिश्रा

गर्मी और बारिश के मौसम में मलेरिया का खतरा तेजी से बढ़ जाता है। मलेरिया जैसी बीमारी मादा ठ्ठश्चद्धद्गद्यद्गह्य मच्छर के काटने से फैलती है। वहीं अगर समय रहते इस बीमारी पर ध्यान न दिया जाए, तो यह गंभीर रूप ले सकती हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक भारत में 2022 में 1.8 लाख लोग मलेरिया का शिकार हुए थे। वहीं साल 2020 में यह आंकड़ा 32 लाख तक था। ऐसे में भारत और अन्य देशों में मलेरिया के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए हर साल 25 अप्रैल को वर्ल्ड मलेरिया दिवस मनाया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि कैसे आप कुछ आसान आदतों को अपनाकर आसानी से मलेरिया को मात दे सकते हैं।




### मलेरिया से बचाव के उपाय

#### साफ-सफाई का ध्यान रखें

बता दें कि मलेरिया का मच्छर सिर्फ गंदे पानी से नहीं बल्कि साफ पानी में भी पनपता है। इसलिए घर और आसपास के क्षेत्र का पूरी तरह से ध्यान रखना चाहिए। घर या आसपास किसी तरह का पानी न जमा होने दें। वहीं गमले, कूलर और टायर और बाल्टी आदि में पानी न जमा रहने दें। गर्मियों में अगर आप जानवरों या पक्षियों के लिए पानी रखते हैं। तो हर 2 से 3 मिनट पर जरूर बदलें। नालियों और छत की रेगुलर बेसिस पर सफाई करनी चाहिए।

#### मच्छरदानी का इस्तेमाल

मार्केट में कई इलेक्ट्रिक रिपेलेंट या फिर क्रीम लाते हैं, जोकि मच्छर भगाने का दावा करते हैं। लेकिन इनमें केमिकल्स भी होता है, जोकि स्किन को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए रात को सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। इससे मच्छर आपको नहीं काटते हैं।

#### घर को बनाएं मच्छर-प्रूफ

मच्छर घर के अंदर प्रवेश न कर पाए, इसके लिए अपने घर को मच्छर प्रूफ बनाएं। दरवाजों और खिड़कियों पर जाली लगाएं। वहीं शाम के समय घर में मच्छर ज्यादा आते हैं। इसलिए समय से घर के दरवाजे और खिड़कियां बंद कर दें।

#### पूरी बाजू के कपड़े

मलेरिया वाले मच्छर से खुद का बचाव करने के लिए हमेशा फुल स्लीव के कपड़े पहनें। शाम को घर से बाहर निकलते समय शरीर को पूरी तरह से ढककर रखें। इस तरह से मच्छरों के काटने का खतरा कम होता है।

#### अपनाएं घरेलू उपाय

अगर आपके घर में भी मच्छर घुस गए हैं, तो कपूर रखकर या फिर नीम के पत्तों का धुआं करके इनको भगाएं। मच्छरों को घर से भगाने के लिए आप कमरे के अंदर तुलसी का पौधा भी रख सकते हैं।

## हेयर वॉश की सही टाइमिंग से बढ़ सकता है चेहरे का ग्लो

मिताली जैन



जब भी हेयर केयर की बात होती है तो हम सभी शैम्पू पर ध्यान देते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि हेयर वॉश सिर्फ आपके बालों का ही ख्याल नहीं रखता है, बल्कि इससे आपकी स्किन पर भी गहरा असर पड़ता है। जी हां, सुनने में आपको शायद अजीब लगे, लेकिन जब आप अपने बालों को सही समय पर धोते हैं तो इसे आपके चेहरे पर भी ग्लो आता है।

दरअसल, सिर में जमा तेल, पसीना, धूल और डैंड्रफ कई बार त्वचा को प्रभावित करते हैं। ऐसे में अगर सोच-समझकर सही समय पर हेयर वॉश किया जाए, तो इससे आपका चेहरा ज्यादा साफ, फ्रेश और ग्लोइंग नजर आ सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम जानते हैं कि हेयर वॉश की टाइमिंग और स्किन ग्लो के बीच क्या कनेक्शन है-

### हेयर वॉश और स्किन ग्लो का क्या है कनेक्शन

अगर सही समय पर हेयर वॉश किया जाए तो इससे स्किन ग्लोइंग महसूस होती है। इन दोनों का आपस में गहरा कनेक्शन है-

सिर में बनने वाला अतिरिक्त तेल माथे, हेयरलाइन और चेहरे तक आ सकता है। जिससे बालों व स्कैल्प के साथ-साथ चेहरा चिपचिपा लग सकता है। ऐसे में सही समय पर बाल धोने से चेहरा ज्यादा साफ महसूस होता है।

सिर पर पसीना, धूल और प्रदूषण मौजूद होने पर चेहरे पर असर नजर आता है। जिससे चेहरा थका हुआ और डलनेस महसूस होती है। ऐसे में बाल धोने के बाद पूरा लुक ग्लोइंग नजर आता है।

अगर डैंड्रफ माथे, आईब्रो या गालों तक गिरते हैं, तो ऐसे में चेहरे पर भी छोटे दाने, खुजली या जलन हो सकती है। वहीं, सही समय पर बाल धोने से स्किन साफ व फ्रेश नजर आती है।

### बालों को कब वॉश करें?

अगर आप अपनी स्किन को ग्लोइंग बनाना चाहती हैं तो ऐसे में सुबह बाल धोना काफी अच्छा माना जाता है, क्योंकि इससे दिनभर आप ज्यादा फ्रेश और साफ नजर आते हैं और ऑयली लुक कम होता है। साथ ही हेयर वॉश करने की वजह से आपका पूरा लुक निखरता है।

वहीं, अगर आपने अपना पूरा दिन बाहर रहकर धूल-मिट्टी और पसीने में बहाया है तो ऐसे में शाम के समय हेयर वॉश करना काफी अच्छा माना जाता है। इससे ना केवल दिनभर की गंदगी निकल जाती है, बल्कि तकिए पर भी तेल कम लगता है। साथ ही, अगली सुबह चेहरा ज्यादा साफ लग सकता है।

# ईरान युद्ध 2.0...खौफनाक प्लान अब यूएस का बचना मुश्किल!

नई दिल्ली

युद्ध किसी भी वक्त छिड़ सकता है। ऐसी खबरें साफ तौर पर अब सामने आने लगी है। ईरान की तरफ लगातार अमेरिका के तीन एयरक्राफ्ट करियर बढ़ रहे हैं। हालांकि एयरक्राफ्ट करियर वही है जो पिछले युद्ध के दौरान यानी करीब 40 दिन की जो जंग अभी चल रही थी उसमें लौट गए थे। इनको काफी हद तक नुकसान ईरान ने पहुंचाया था। लेकिन इस बार जो दो युद्धपोत थे अब्राहम लिंकन इसके साथ-साथ जो दूसरा युद्धपोत था। तीसरा युद्ध को जॉर्ज बुश भी पहुंच चुका है। तीनों न्यूक्लियर पावर्ड है, एडवांस्ड है। लेकिन इस बीच एक और खबर निकल के सामने आती है कि जो चीन है, भारत है। इसके अलावा यूनाइटेड किंगडम, रूस, तुर्की और



पाकिस्तान इन सभी देशों ने अपने नागरिकों को या फिर जो भी लोग अभी ईरान पहुंचे थे उन सभी को अर्जेंट वार्निंग दी है कि जल्द से जल्द आप लोग छोड़ के हट जाइए।

कहीं भी मौजूद है वापस लौटिए तुरंत लौटिए तो क्या वो वो दौर फिर से एक बार पास आने लगा है क्योंकि अमेरिका पर ईरान पहले से कह रहा था हमें भरोसा किसी तरीके से नहीं है और इस बीच एक और खबर निकल के सामने आती है कि अब्बास सराकची इस्लामाबाद पहुंच रहे हैं। उन्होंने ट्वीट भी किया इसके बाद मस्कट मॉस्को इन जगहों पे भी जाने वाले हैं। अभी जो 40 दिनों की जंग में जो कुछ हुआ वो अमेरिका के मुताबिक उसकी एक बड़ी हार है एक तरह की और एक तरह से उसे कुछ बढ़त नहीं मिल पाई बल्कि नुकसान हुआ। ऐसे में अमेरिका कुछ बड़ा नुकसान करके जाना चाहता है और यही वजह है कि वो एक कोशिश और कर सकते हैं। अब इसमें दो तरीके हैं। तो अमेरिका इजराइल फिर से हमला कर सकते हैं। बहुत तगड़ा हमला कर सकते हैं इस बार और एडवांस हथियारों के साथ या फिर ईरान इसको भांपते हुए प्रिवेंटिव स्ट्राइक कर सकता है।

ईरान की तरफ से तो ये सीज फायर हुआ नहीं है। ऐसे में हो सकता है कि ईरान ही पहले हमला कर दे क्योंकि अभी भी इमाम आयतुल्ला अली खाम साहब का बदला पूरा नहीं हुआ है। उनके पास तो इस बात का का तर्क है। इस बात की दलील है हमला करने के पीछे का कारण है क्योंकि उनके सुप्रीम लीडर को मारा है 28 फरवरी को। तो ऐसे में ईरान के पास फिर हमला करने का कारण है तो वही हो सकता है पहले कर दे और उसकी तैयारियां चल रही है।

## महिलाओं के सशक्तिकरण के खिलाफ कांग्रेसः भाजपा

**अंबिकापुर, (वार्ता)।** नारी शक्ति वंदन विधेयक को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला है। संकल्प भवन स्थित भाजपा जिला कार्यालय में शनिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए महापौर मंजूषा भगत, जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया और जिला महामंत्री अरुणा सिंह ने संयुक्त रूप से विपक्ष के रुख की आलोचना करते हुए इसे महिलाओं के सशक्तिकरण के खिलाफ बताया। भाजपा नेताओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक महिलाओं को राजनीति में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, लेकिन कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इसका विरोध कर महिलाओं के अधिकारों को सीमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष का यह रुख उनकी मंशा को उजागर करता है, जबकि भाजपा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है।

# पीक सीजन में रुकी माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई, सैकड़ों पर्वतारोही फंसे

नई दिल्ली



माउंट एवरेस्ट फतह करने निकले सैकड़ों पर्वतारोही इस वसंत मौसम में एक अनोखी चुनौती का सामना कर रहे हैं। बेस कैंप और कैंप-1 के बीच खुम्बु आइसफॉल में एक विशाल और अस्थिर हिमखंड लटक रहा है, जिसके कारण रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। इससे पीक सीजन की तैयारियां कई हफ्तों से पीछे चल रही हैं और पर्वतारोही बेस कैंप पर ही ठहरे हुए हैं। यह करीब 100 फीट ऊंचा हिमखंड कैंप-1 के ठीक नीचे स्थित है। आइसफॉल डॉक्टर्स नामक विशेषज्ञ शेरपा टीम ने कई दिनों तक वैकल्पिक रास्ता तलाशने की कोशिश की, लेकिन कोई सुरक्षित बायपास नहीं मिल सका। नेपाल के पर्यटन विभाग के अधिकारी हिमाल गौतम ने बताया कि यह सेराक बेहद अस्थिर है और किसी भी वक्त गिरने का खतरा है। खुम्बु आइसफॉल एवरेस्ट चढ़ाई का सबसे खतरनाक हिस्सा माना जाता है। यहां गहरी दरारें, लगातार बदलता ग्लेशियर और दस मंजिला इमारत जितनी ऊंची बर्फ की दीवारें होती हैं। आइसफॉल डॉक्टर्स हर साल रस्सियां बांधकर और एल्युमिनियम की सीढ़ियां लगाकर रास्ता तैयार करते हैं। आमतौर पर अप्रैल के मध्य तक उनका काम पूरा हो जाता है, लेकिन इस बार यह विशाल हिमखंड उनकी राह में बड़ी बाधा बन गया है। सगरमाथा प्रदूषण नियंत्रण समिति अब हवाई सर्वेक्षण के जरिए स्थिति का जायजा ले रही है। समिति के अध्यक्ष लामा काजी शेरपा ने कहा कि हिमस्खलन का खतरा बहुत ज्यादा है, इसलिए एकमात्र विकल्प इस हिमखंड के खुद पिघलकर गिरने का इंतजार करना है। जब तक यह सुरक्षित स्तर तक नहीं आता, रास्ता खोलने का काम रुका रहेगा। इस सीजन में कुल 410 विदेशी पर्वतारोहियों को एवरेस्ट चढ़ाई की अनुमति मिली है। खास बात यह है कि रिकॉर्ड 54 देशों की 97 महिलाएं इस बार चोटी फतह करने निकली हैं, जो महिलाओं की भागीदारी में नया कीर्तिमान है।

# चुनाव आयोग ने बंगाल के छह पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने के दिये निर्देश

नयी दिल्ली (वार्ता)

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी की रिपोर्ट पर राज्य पुलिस के छह अधिकारियों को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक करवाई करने के निर्देश दिए हैं।

आयोग ने इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई रिपोर्ट भी तालाब की है। आयोग के सचिव ने इस संबंध में बंगाल के मुख्य सचिव को दो पत्र भेजे हैं। 23 अप्रैल को लिखे गए एक पत्र में हिंगलगंज थाने के थाना प्रभारी संदीप सरकार को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। उन पर भेदभाव और स्थानीय तत्वों से साठगांठ करने तथा सबको बराबरी का अवसर देने में विफल रहने का आरोप है। आयोग ने श्री सरकार की जगह थाने में दूसरा प्रभारी नियुक्त किए जाने को भी कहा है। आयोग ने इसी तरह डायमंड हार्बर जिला क्षेत्र के पांच अधिकारियों के खिलाफ भी चुनाव के दौर में ड्यूटी के नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में निलंबन और अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं।

इन अधिकारियों में डायमंड हार्बर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप गराई, उप पुलिस अधीक्षक सजल मंडल, डायमंड हार्बर थाने के प्रभारी मौसम चक्रवर्ती, फाल्टा थाने के प्रभारी अजय बाग और उस्ती पुलिस थाने की प्रभारी शुभेच्छा बाग शामिल हैं।

## देवप्रयाग में पुलिस की तत्परता, विदेशी महिला पर्यटक को दिलाई वैकल्पिक टैक्सी

**टिहरी, (वार्ता)।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के क्रम में टिहरी पुलिस ने देवप्रयाग में एक विदेशी महिला पर्यटक की सहायता प्रदान की। पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता से प्रभावित होकर महिला ने उत्तराखंड पुलिस की प्रशंसा की। अनुसार, 24 अप्रैल को विदेशी महिला नतालिया अपने मित्र विवेक के साथ बद्रीनाथ से ऋषिकेश की ओर टैक्सी से यात्रा कर रही थीं। देवप्रयाग क्षेत्र में यात्रा के दौरान टैक्सी चालक और यात्रियों के बीच किराये को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद दोनों पक्ष स्थानीय थाना पहुंचे। थाना स्तर पर पुलिस ने दोनों पक्षों की बात शांतिपूर्वक सुनी और आवश्यक समझाइश देकर विवाद का समाधान कराया।

# इकोनॉमी को गति और जॉब्स देते हैं प्रवासी भारत को नरक बताने पर घर में ही घिरे ट्रंप

नई दिल्ली



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट ने विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने रेडियो होस्ट माइकल सैवेज के पॉडकास्ट का ट्रांसक्रिप्ट साझा किया था, जिसमें भारत और चीन जैसे देशों को नरक बताया था। इस बयान पर भारतीय-अमेरिकी सांसदों, समुदाय के नेताओं और भारत सरकार ने नाराजगी जताई है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर माइकल सैवेज के सैवेज नेशन पॉडकास्ट का हिस्सा शेयर किया। इसमें सैवेज ने अमेरिका के जन्म-आधारित नागरिकता कानून पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि भारत और चीन से लोग अमेरिका आकर आखिरी महीने में बच्चा पैदा कराते हैं, ताकि बच्चा तुरंत अमेरिकी नागरिक बन जाए और पूरा परिवार बाद में आ सके। सैवेज ने भारत-चीन को नरक करार दिया और भारतीय पेशेवरों को लैपटॉप वाले गैंगस्टर जैसी अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया।इस बयान पर भारतीय मूल के अमेरिकी सांसदों ने जवाब दिया। कैलिफोर्निया से डेमोक्रेट सांसद एमी बेरा ने कहा कि उनके माता-पिता भारत से आकर कड़ी मेहनत से अमेरिकी सपना साकार करने का मौका पा सके। उन्होंने कहा कि प्रवासी अमेरिका को कमजोर नहीं करते, बल्कि सेवा और नवाचार के जरिए उसे मजबूत बनाते हैं। इलिनॉय से डेमोक्रेट सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने इसे खुलकर नस्लवादी बकवास बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें लाखों भारतीय-अमेरिकियों और भारत जैसे मजबूत साझेदार का अपमान है। डेमोक्रेट नेशनल कमेटी के अजय भुटोरिया ने बयान को वास्तविकता से दूर बताया। उन्होंने कहा कि लैपटॉप वॉरियर्स असल में अल्फाबेट, माइक्रोसॉफ्ट और अडोबी जैसी बड़ी कंपनियों के सीईओ हैं। अमेरिका के 10% से ज्यादा यूनिकॉर्न स्टार्टअप भारतीय मूल के उद्यमियों ने शुरू किए हैं। कुल आबादी में सिर्फ 1.5% होने के बावजूद यह समुदाय देश के कुल आयकर में 6%का योगदान देता है। भुटोरिया ने कहा कि ये लोग नौकरियां पैदा करते हैं और अर्थव्यवस्था को गति देते हैं, जो हिंसा फैलाने वालों से कहीं बेहतर हैं।

# नेपाल में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर लगाम, फीस को लेकर नियम-कायदे तय



**नई दिल्ली।** नेपाल सरकार ने प्राइवेट स्कूलों को तय सीमा से ज्यादा फीस लेने के खिलाफ चेतावनी जारी की है। सरकार से अभिभावकों से कई शिकायतें मिली थीं, जिनमें आरोप लगाया गया था कि एक एकेडमिक सेशन के खत्म होने और दूसरे के शुरू होने के समय स्कूल मनमाने तरीके से फीस वसूल कर रहे हैं। द काठमांडू पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, शिक्षा मंत्रालय ने उस सबूतों पर गंभीरता से ध्यान दिया है, जिनसे पता चलता है कि कुछ स्कूल 2026 के एकेडमिक सेशन की औपचारिक शुरुआत से पहले ही छात्रों का एडमिशन कर रहे थे और उनसे भारी फीस वसूल रहे थे।मंत्रालय ने अब स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे छात्रों का एडमिशन एकेडमिक साल शुरू होने के बाद ही करें और प्राइवेट स्कूल फीस निर्धारण मानदंड निर्देश, 2015 का सख्ती से पालन करें। अधिकारियों ने नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है, जिसमें अभिभावकों को फीस वापस करना और मौजूदा कानूनों के तहत जुर्माना लगाना शामिल है। स्थानीय सरकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि नियमों का पालन हो।

शिकायतों में ऐसे मदों के तहत फीस लेना शामिल है जिन्हें मंजूरी नहीं मिली है, और पहले से ही एडमिशन ले चुके छात्रों से बार-बार एडमिशन फीस वसूलना शामिल है। इस निर्देश के तहत 14 श्रेणियों में फीस लेने की अनुमति है, जिनमें ट्यूशन, एडमिशन, परीक्षा और ट्रांसपोर्टेशन शामिल हैं, लेकिन इसके लिए स्पष्ट सीमाएं तय की गई हैं। उदाहरण के लिए, ट्यूशन फीस केवल 12 महीनों के लिए ली जा सकती है, एडमिशन फीस एक महीने की ट्यूशन फीस से ज्यादा नहीं होनी चाहिए और इसे केवल एक बार ही लिया जा सकता है, जबकि सालाना फीस की सीमा दो महीने की ट्यूशन फीस तक तय की गई है।

नियमों का उल्लंघन करने पर 25,000 रुपए तक का जुर्माना लग सकता है और बार-बार उल्लंघन करने पर लाइसेंस भी रद किया जा सकता है। यह सख्त कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के एक अंतरिम आदेश के बाद की गई है, जिसमें स्कूलों को निर्देश दिया गया था कि वे एडमिशन तभी शुरू करें जब एकेडमिक सेशन शुरू हो जाए। कोर्ट ने एकेडमिक कैलेंडर और एडमिशन की उचित प्रक्रिया का पालन करने पर जोर दिया। भारत में भी, प्राइवेट स्कूलों की फीस को लेकर चिताओं के कारण कार्रवाई और विरोध प्रदर्शन हुए हैं। दिल्ली में, अभिभावकों ने हाल ही में पूर्वी दिल्ली के एक प्राइवेट स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूल फीस विवादों को लेकर रिपोर्ट कार्ड रोकते और स्कूल से निकलने जैसी जबरदस्ती वाली हरकतें कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि पिछले दो सालों में फीस में लगभग 57 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है और कहा कि वे केवल उन्हीं शुल्कों का भुगतान करेंगे जिन्हें अधिकारियों द्वारा मंजूरी दी गई है। नीतिगत स्तर पर, दिल्ली सरकार ने %दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम, 2025% का प्रस्ताव रखा है।

# चीनी हथियार वाले जहाज पर अमेरिका का कब्जा, मचा बवाल !

नई दिल्ली

खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच अब एक और नया मोड़ सामने आया। अमेरिका द्वारा जब्त किए गए एक ईरानी मालवाहक जहाज को लेकर अब चीन ने अपनी चुप्पी तोड़ दी है। सवाल यह है कि क्या वाकई चीन इस पूरे मामले में शामिल है या फिर यह सिर्फ एक भू राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का खेल है। दरअसल, खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना ने एक मालवाहक जहाज को अपने कब्जे में ले लिया। अमेरिका का दावा है कि इस जहाज पर मिसाइल निर्माण से जुड़ी खतरनाक रासायनिक सामग्री लदी हुई थी और यह जहाज ईरान जा रहा था। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक जब जहाज को रोकने के लिए कहा गया तो उसने आदेश मानने से इंकार कर दिया। इसके बाद



अमेरिकी नौसैनिक जहाज ने फायरिंग की और फिर मरीन कमांडो ने उस जहाज को कब्जे में ले लिया। अब इस पूरे मामले में सबसे बड़ा बयान आया है अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली की तरफ से।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए दावा किया कि यह जहाज चीन से ईरान जा रहा था और इसमें मिसाइल वाली सामग्री थी। यह साफ सबूत है कि चीन ईरान की मदद कर रहा है। हेली का कहना है कि चीन लगातार ईरान के शासन को मजबूत करने में लगा हुआ है जो वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। अब इन आरोपों के बाद चीन ने आधिकारिक प्रतिक्रिया दी है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गो जियाकुन ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारी जानकारी के अनुसार यह एक विदेशी ध्वज वाला मालवाहक जहाज है। चीन का इससे कोई संबंध नहीं है। चीन ऐसे किसी भी निराधार आरोप का कड़ा विरोध करता है। यानी साफ है चीन इस मामले में खुद को पूरी तरह अलग बता रहा है। अब बात करें ईरान की तो उसने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया दी।

ईरानी सेना ने अमेरिका की इस कारवाई को समुद्री डकैती करार दिया। ईरान ने चेतावनी दी कि अमेरिका की इस कारवाई का जवाब दिया जाएगा। इतना ही नहीं सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक ईरानी सेना का कहना है कि अमेरिका ने ना केवल जहाज पर हमला किया बल्कि उसके नेविगेशन सिस्टम को भी नष्ट कर दिया। ईरान का साफ कहना है कि अमेरिका ने इस कारवाही के जरिए सीज फायर का उल्लंघन किया। ओमान सागर के जल क्षेत्र में हुई इस घटना को लेकर ईरान ने अंतरराष्ट्रीय नियमों की बात उठाई। इस पूरे विवाद के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी चीन को लेकर सख्त अपनाया। अगर चीन ईरान को हथियार या सैन्य सहायता देता है तो उस पर भारी टेरिफ यानी कि शुल्क लगाया जाएगा। इससे साफ है कि मामला सिर्फ एक जहाज का नहीं बल्कि अमेरिका, चीन, ईरान के बीच बढ़ती राजनीतिक टकराव का हिस्सा है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# कुणाल ठाकुर ने ग्लोरी के सेट से शेयर की दमदार बीटीएस तस्वीरें



अभिनेता कुणाल ठाकुर ने ग्लोरी के सेट से कुछ शानदार बिहाइंड-द-सीन्स तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें उनका दमदार और सख्त अंदाज़ देखने को मिल रहा है। इन तस्वीरों में उनका सख्त ट्रांसफॉर्मेशन साफ झलकता है, जो उनके किरदार की शारीरिक मेहनत और गहराई को दर्शाता है। गौरतलब है कि स्लीवलेस ट्रेनिंग गियर में नजर आ रहे कुणाल ठाकुर की तराशी हुई बॉडी तुरंत ध्यान खींचती है, जो उनकी कड़ी तैयारी का सबूत है। उनकी मजबूत बाजुएं, सटीक पोस्चर और नियंत्रित बॉडी लैंग्वेज एक बॉक्सर की असली झलक पेश करती है। इसके साथ हाथों पर बंधी पट्टियां और बॉक्सिंग ग्लव्स उनके लुक को और भी वास्तविक बनाते हैं, जिससे यह सिर्फ स्टाइल नहीं बल्कि पूरी तरह जिया हुआ किरदार लगता है।उनकी तैयारी के साथ उनका फोकस्ड, अडिग और पूरी तरह किरदार में डूबा हुआ एक्सप्रेशन भी उतने ही प्रभावशाली हैं, फिर वे चाहे किसी फेस-ऑफ में नजर आ रहे हों या सिर्फ एक पोज में खड़े हों, उनकी आंखों में एक धैर्यवान शांति के साथ गहराई भी नज़र आ रही है। इसके साथ ही उनके हल्के बिखरे बाल और घनी दाढ़ी इस रफ लुक को और मजबूत बना रही है। एक अन्य तस्वीर में भिंची हुई मुट्ठियों के साथ कुणाल ठाकुर मुक्केबाज़ी के पोज में नजर आ रहे हैं, जो एक फाइटर की ऊर्जा को बखूबी दर्शाता है। उनके कपड़ों पर पसीने के निशान हैं, जो उनके इस लुक को और प्रामाणिक बनाते हैं। अपने किरदार के लिए की गई इन छोटी-छोटी तैयारियों पर कुणाल ने जिस बारीकी से ध्यान दिया है, वो दिखाता है कि यह सिर्फ एक लुक नहीं बल्कि एक कठिन सफर की कहानी है।कुल मिलाकर, ये बीटीएस झलकियां कुणाल ठाकुर की मेहनत और उनके किरदार के प्रति समर्पण को साफ तौर पर दिखाती हैं। फिलहाल उनका यह ट्रांसफॉर्मेशन बेहद भरोसेमंद और प्रभावशाली है किरदार की झलक देता है, जो बाहर से जितना मजबूत है, अंदर से उतना ही दृढ़ संकल्पित भी है।

# 'अहान और आर्यन' बचपन की दोस्ती अब फिल्मी पर्दे पर मचाएगी धूम?



बॉलीवुड के उभरते सितारे अहान पांडे इन दिनों अपनी सफलता और आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म सैयारा से धमाकेदार डेब्यू करने के बाद, अहान ने अब सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे और निर्देशक आर्यन खान के साथ काम करने की अपनी इच्छा जाहिर की है। हाल ही में फिल्मफेयर के साथ एक इंटरव्यू में अहान ने अपनी और आर्यन की गहरी दोस्ती और भविष्य में साथ काम करने की संभावनाओं पर खुलकर बात की। जब अहान से पूछा गया कि क्या वह आर्यन खान के निर्देशन में अभिनय करना चाहेंगे, तो उन्होंने बड़े ही परिपक्व अंदाज में जवाब दिया। अहान ने स्पष्ट किया कि अगर वे कभी साथ आते हैं, तो वह किसी कमर्शियल दिखावे या अपनी हालिया फिल्मों की सफलता की वजह से नहीं होगा। 28 साल के एक्टर ने कहा हाँ, भविष्य में, क्यों नहीं? किसी दिखावटी चीज़ के लिए नहीं, बैड्स (द बा***ड्स ऑफ़ बॉलीवुड) या सैयारा की वजह से नहीं, बल्कि एक सच्चे रिश्ते की वजह से। उस रिश्ते के बारे में बताते हुए, अहान ने कहा कि किसी के साथ बड़े होने से एक अलग तरह की समझ पैदा होती है। उन्होंने उस समय को याद किया जब आर्यन स्कूल से लौटते थे और अपने माता-पिता से मिलने से पहले सीधे उनके घर आ जाते थे। उनके माता-पिता मुझे फ़ोन करके पूछते थे कि वह ऐसा क्यों करता है। जब आप इस तरह का इतिहास शेयर करते हैं, तो आप एक-दूसरे के बारे में बहुत कुछ समझते हैं, और एक परफॉर्मर के तौर पर एक्सप्लोर करने के लिए बहुत कुछ होता है, उन्होंने आगे कहा। सैयारा स्टार ने आखिर में कहा कि साथ काम करना काम जैसा नहीं लगेगा और यह कुछ ऐसा है जिसका वह सच में बेसब्री से इंतज़ार करेंगे। काम के मोर्चे पर, अहान अभी अली अब्बास ज़फ़र द्वारा निर्देशित एक एक्शन-एंटरटेनर पर काम कर रहे हैं। वह मोहित सूरी की अगली फ़िल्म के लिए अपनी सैयारा की को-स्टार अनीता पड्डा के साथ फिर से काम करने के लिए भी तैयार हैं। यह नया प्रोजेक्ट 2025 के रोमांटिक ड्रामा के पीछे की टीम को वापस लाता है और इस साल के आखिर में इसकी शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है। यश राज फ़िल्म्स द्वारा समर्थित, इस बिना टाइटल वाली फ़िल्म को 2027 में दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज़ करने की योजना है। सैयारा एक बड़ी कमर्शियल सफलता थी और इसने दुनिया भर में 580 करोड़ रुपये कमाए थे। अहान और अनीता की जोड़ी को काफ़ी सराहा गया था। इस बीच, आर्यन ने पिछले साल द बा***ड्स ऑफ़ बॉलीवुड से अपने डायरेक्शन करियर की शुरुआत की थी।



# खलनायक की वापसी! संजय दत्त ने किया बल्लू बलराम के कमबैक का ऐलान

बॉलीवुड के खलनायक एक बार फिर बड़े पर्दे पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को मुंबई में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान संजय दत्त ने अपनी कल्ट क्लासिक फिल्म के सीक्वल खलनायक रिटर्न्स की आधिकारिक घोषणा की। इस ऐतिहासिक पल ने न केवल प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया, बल्कि संजय की पत्नी मान्यता दत्त को भी भावुक कर दिया। इस कार्यक्रम के वीडियो, जो अब ऑनलाइन वायरल हो रहे हैं, उनमें मान्यता को निर्माता अक्षा कंबोज को भावुक होकर गले लगाते हुए देखा जा सकता है, जबकि संजय मंच पर उनके बगल में खड़े थे। कार्यक्रम के एक अन्य वीडियो में, मान्यता को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि वीडियो देखकर उनके रोंगटे खड़े हो गए और उन्होंने इस सीक्वल को एक ऐसी फ़िल्म बताया जिसे संजय लंबे समय से बनाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि अभिनेता ने अपने जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, और लोगों से मिले प्यार ने ही उन्हें आगे बढ़ने की हिम्मत दी है। उन्होंने आगे कहा कि अभिनेता अक्सर उन किरदारों में वापस आना चाहते हैं जिन्होंने उन्हें एक पहचान दी हो, और खलनायक फ़िल्म का बल्लू बलराम संजय के लिए ऐसा ही एक यादगार किरदार है। मान्यता ने यह भी बताया कि इस सीक्वल को लेकर चर्चाएँ एक दशक से भी ज़्यादा समय से चल रही थीं। उन्होंने याद करते हुए कहा कि अक्सर शाम के समय घर पर खाने-पीने और बातचीत के दौरान इस फ़िल्म को बनाने का विचार सामने आता था। इसे एक पैशन प्रोजेक्ट बताते हुए उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से इस फ़िल्म को बनाने के बारे में बातें करते आ रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि खलनायक रिटर्न्स एस्पेक्ट एंटरटेनमेंट का पहला प्रोडक्शन होगा। जियो स्टूडियोज़ और श्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स इस फ़िल्म के सह-निर्माता हैं।

# भारतीय किसान संघ जिला इकाई ने समस्याओं के शीघ्र निदान के लिये ज्ञापन सौंपा

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

उपार्जन एवं अन्य बिंदुओं को लेकर गत दिवस भारतीय किसान संघ जिला इकाई ने कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री के नाम एसडीम को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के शीघ्र निदान की मांग की। भारतीय किसान संघ ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि प्रांत के सभी जिलों में सैटेलाइट सर्वे की विफलता के कारण फसलों के सत्यापन में विसंगति से स्लॉट बुकिंग नहीं हो पा रही है। अत: पटवारियों के सत्यापन को अंतिम मान्यता देकर स्लॉट बुकिंग हो, मिश्रित स्लॉट बुकिंग ( छोटे एवं बड़े किसानों के अनुपात में) व्यवस्था शीघ्र प्रारंभ की जाए।स्लॉट बुकिंग की समय सीमा 10 मई तथा खरीद की समय सीमा 20 मई तक बढ़ाई जाए। पराली / नरवई जलाने के नाम पर



किसानों पर प्रकरण दर्ज करने व जुर्माना लगाने का दमन चक्र बंद किया जाए।स्लॉट बुकिंग की साइट रात में खुलने के कारण बुकिंग में परेशानी आ रही है। अत: साइट दिन में खोली जाए,गेहूँ खरीदी खुली धूप में होने के कारण किसानों को परेशानी हो रही है, अत: छांव व पेयजल की व्यवस्था की जाए, स्लॉट बुकिंग की लिमिट प्रति दिवस 1100 क्विंटल से बढ़ाकर 2500-3000 क्विंटल की जाए, पांढुरना जिले में प्रति हेक्टेयर 17-19 क्विंटल का उपज मानक तय किया गया है. इसे बढ़ाकर 25 क्विंटल प्रतिजाए। सहकारी संस्थाओं के प्रकरण में ऋणी के अभिलेख पर्याप्त हैं, किन्तु पांढर्णा एवं नरसिंहपुर जिलों में अतिरिक्त जमानतदार लिए जा रहे हैं, इसे बंद किया जाए।

उक्त मौके पर भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री तुलाराम जी प्रांत मंत्री स्वदेश कोठारी सरदार सिंह संभाग अध्यक्ष अनिरुद्ध जी जिला अध्यक्ष संतोष राय जिला मंत्री अभिषेक पटेल विष्णु पटेल देवी सिंह भाव सिंह राजेंद्र भाई गिरधर पटेल आदि मौजूद थे।। साथ ही खाद्य विभाग के कार्यालय में देवेंद्र खोवरिया से मुलाकात की और गेहूं उपार्जन में हो रही अनियमिताएं के बारे में जानकारी दी।

# केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेषानुसार एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के निर्देषानुसार बंदीजनो हेतु केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में विषेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं साक्षरता षिविर का आयोजन किया गया। उक्त विषेष स्वास्थ्य षिविर का षुभारंभ न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा, मुख्य न्यायाधिपति म.प्र.उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। उक्त शुभारंभ कार्यक्रम में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री विवेक अग्रवाल उपस्थित रहे। शुभारंभ कार्यक्रम के पश्चात केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में बंदियो हेतु स्वास्थ्य सह विधिक साक्षरता षिविर का आयोजन जिले के माननीय प्रधान जिला न्यायाधीष एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अखिलेष शुक्ला के मुख्यातिथ्य में किया गया। षिविर को संबोधित करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीष द्वारा बंदीजनो को स्वस्थ रहने, एक अच्छे नागरिक बनने के साथ ही एक श्रेष्ठ मानव के रूप में विकसित होने का आव्हान किया। स्वास्थ्य एवं विधिक सहायता को बदियो का मूलभूत अधिकार स्पष्ट करते हुये प्रत्येक बंदीजन को षिविर आयोजन का लाभ प्राप्त करने हेतु भी निर्देषित किया। षिविर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री मनीष मिश्रा द्वारा भी संबोधित किया गया। षिविर में स्वागत उद्बोधन सहायक जेल अधीक्षक श्री एडवर्ड स्वामी द्वारा एवं आभार प्रदर्षन जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री राजेष सक्सेना द्वारा किया गया। आयोजित स्वास्थ्य षिविर के द्वारा कुल 372 बंदियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर लाभांवित किया गया जिसमें से एचआईव्ही के 11 मरीज एवं टी.बी. के 03 मरीज सहित 27 महिला बंदी सम्मिलित रही। षिविर में 06 बंदियो को विधिक सहायता एवं 155 बंदियो को विधिक सलाह भी प्रदान की गई। मुख्य न्यायिक मजिस्टेट श्री राकेष सनोडिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेष मीणा, व्यवहार न्यायाधीष श्री धर्मेन्द्र नागवंषी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीष मिश्रा, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ देवेन्द्र सिंह, जेल अधीक्षक श्री अजमेर सिंह ठाकुर, नरेन्द्र व्यास, आषीष खरे, डॉ नम्रता शुक्ला, डॉ. जी.सी.चैरसिया उपस्थित थे।



## कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने किया चिनकी-बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण कार्य का निरीक्षण

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने शुक्रवार को नर्मदा घाटी विकास विभाग की निर्माणाधीन चिनकी-बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना अंतर्गत बोरास-बराज के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बराज के तकनीकी पहलुओं जैसे शीट पाइल, डायफ्राम वॉल एवं राफ्ट फाउंडेशन पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही निर्माण स्थल पर चल रहे पियर निर्माण, वर्टिकल गेट एवं डेक स्लैब कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने परियोजनांतर्गत प्रस्तावित 5 मेगावाट पावर हाउस एवं रेस्ट हाउस के निर्माण स्थलों की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने और उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर को अवगत कराया गया कि इस परियोजना से तेंदूखेड़ा विकासखंड की लगभग 41 हजार 100 हेक्टर भूमि सिंचित होगी, जिससे क्षेत्र के कृषकों को महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होगा।निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्रीमती कलावती व्यारे, कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर, समस्त सहायक यंत्री, उपयंत्री तथा निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर मौजूद थे।

# विप्र धेनु सुर संत हित लीन मनुज अवतार



**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** रामचरित मानस में हमें प्रभु राम के तीन स्वरूप के दर्शन मिलते हैं देव स्वरूप जिसमें वो अहिल्या सहित अनेक भक्तों का उद्धार करते हैं।आदि देव भौतिक स्वरूप जिसमें वो भय बिन होय न प्रीति नीति से सागर में पुल का निर्माण करते हैं दुष्ट राक्षसों का बध करते हैं।और तीसरा मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप जिनके सम्पूर्ण चरित्र और आचरण में मर्यादा सर्वोपरि है।जो संस्कृति संस्कार धर्म कर्म देशभक्ति मानवता सहित मर्यादा से परिपूर्ण हैं।

जो विप्र धेनु सुर संत हित के रक्षार्थ अवतरित हुए हैं।उक्ताशय के विचार कथावाचक पं.रामस्वरुप शर्मा ने बरिया बारे हनुमान मंदिर परिसर नरसिंहपुर में रामचरित मानस कथा प्रसंग में व्यक्त करते हुए निरंतर सत्संग में उपस्थित होकर श्रोताओं से राम कथा सुनने का आव्हान किया।साहित्यकार ओजस्वी कवि अशोक त्रिपाठी ने हनुमान जी महाराज के ज्ञान गुण सागर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हनुमान जी ज्ञान और गुणों के सागर हैं।अशोक वाटिका में विरहाकुल सीता जब आग में अपना शरीर अर्पित करने के लिए अंगार की आस करती हैं तभी वो अंगार के रूप में प्रभु राम की मुद्रिका उनके सम्मुख गिरा कर उनके विरह को कम करते हैं।

रामचन्द्र गुण बरनैं लागा सुनितहिं सीता कर दुख भागा।मां सीता से मिलने का इससे और श्रेष्ठ कोई दूसरा तरीका हो नहीं सकता था।रावण सहित राक्षसों को सबक सिखाने वे साम दाम दंड भेद में से दंड नीति का सहारा लेते हैं।वे जानते हैं कि राक्षस साम नीति मानते नहीं। दाम नीति से वे परिपूर्ण हैं उनके पास सोने की लंका है और भेद नीति के लिए पर्याप्त समय नहीं है।इसलिए वे दंड नीति का सहारा लेकर राक्षसों सहित अक्षय कुमार का बध करते हैं और लंका को जलाकर रावण का मान मर्दन करते हैं।धन्य हैं ज्ञान में अग्र गणनीय हनुमान जी महाराज। सुविचारों के क्रम में अनमोल वचन माला का वाचन ऋषि कुमार महोबिया ने किया।मदन जी श्रीवास्तव ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किए।पं.गणेश कुमार चतुर्वेदी ने आयोजित रामचरित मानस सत्संग और गीता सत्संग की जानकारी देते हुए कार्यक्रम का संचालन किया आभार प्रदर्शन अरुण कुमार खरे ने किया।कार्यक्रम में सोमनाथ पटेल धनपत तिवारी यू एस उपाध्याय डा महेश त्रिपाठी डा केदार गुप्ता प्रेमशंकर राघव मदन श्रीवास्तव मदन गोपाल शर्मा एड सुरेन्द्र वर्मा विनोद तिवारी बंधु भगवत मेहरा कृष्ण कुमार शुक्ला ऋषि महोबिया अरुण खरे गणेश कुमार चतुर्वेदी सहित अनेक श्रोता उपस्थित थे।

## बैठक में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में शुक्रवार को जनपद पंचायत साईंखेड़ा में सरपंच, सचिव एवं जीआरएस की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने जलगंगा संवर्धन अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए सभी पंचायतों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि वर्षा जल का अधिकतम जल संरक्षण समय की आवश्यकता है और इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत को ठोस एवं परिणाममुखी कार्य करना होगा। उन्होंने निर्देशित किया कि पंचायत स्तर पर सोख्ता गड्ढा, खेत-तालाब, ट्रेंच निर्माण तथा बोरी बंधान जैसे कार्य प्राथमिकता से किए जाएं। साथ ही इन कार्यों में अधिक से अधिक जनसहयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि अभियान को जनआंदोलन का रूप दिया जा सके। कलेक्टर ने सभी ग्राम पंचायतों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी पंचायतें आज से ही 50- 50 जल संरक्षण संबंधी गतिविधियां करें और माह मई तक कार्य पूर्ण करें और उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान ग्राम पंचायत पलोहाबड़ा के सचिव श्री मिथलेश खरे को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्र में अधूरे पड़े वॉटर हार्वेस्टिंग कार्यों को तीन दिवस के भीतर पूर्ण करें, अन्यथा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक एवं रिकव्हरी की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनपद साईंखेड़ा अंतर्गत 16 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ग्रामों में निजी एवं शासकीय भवनों में अधिक से अधिक वॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं निर्मित की जाएं तथा वॉटर रिचार्जिंग के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि हैंडपंपों के पास सोख्ता गड्ढे का निर्माण किया जाए, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि हो सके। इसके अलावा अनुपयोगी पड़े पुराने बोरवेल एवं कुओं को पुनर्जीवित करने के लिए ऐसी व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए, जिससे वर्षा जल इन स्त्रोतों तक पहुंचकर उनका रीचार्ज कर सके। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने स्पष्ट किया कि जल संरक्षण के इन प्रयासों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने भी बैठक में आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सभी कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समय-सीमा में कार्यों की पूर्णता सुनिश्चित की जाए।

# कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने ग्राम गरधा एवं निवारी में गौशालाओं का किया निरीक्षण

### ग्रीन ग्रास व जल संरक्षण पर विशेष जोर

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने शुक्रवार को जिले के विकासखंड सांईखेड़ा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गरधा एवं ग्राम पंचायत निवारी में संचालित गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम गरधा में कलेक्टर ने गौशाला परिसर के आसपास उपलब्ध खाली भूमि का समुचित उपयोग करते हुए ग्रीन ग्रास (हरा चारा) विकसित करने के निर्देश दिए, जिससे गौवंश को पर्याप्त एवं पौष्टिक आहार मिल सके। उन्होंने भूसा भंडारण की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया और इसे निरंतर बनाए रखने को कहा। ग्राम निवारी में कलेक्टर ने गौशाला के आसपास खाली पड़ी भूमि का उपयोग जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण करने पर जोर दिया। साथ ही यहां भी ग्रीन ग्रास विकसित कर चारे की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चारा उत्पादन एवं जल संरक्षण जैसे प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं, जिससे गौवंश की बेहतर देखभाल सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर ने गौशालाओं के संचालन की सराहना की। यहां की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसी प्रकार नियमित निगरानी एवं समुचित प्रबंधन बनाए रखा जाए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, एसडीएम श्रीमती कलावती व्यारे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## 27 से 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** ग्रीष्म ऋतु के तापमान में अत्याधिक वृद्धि को देखते हुए जिले में संचालित समस्त शासकीय, अनुदान प्राप्त संबद्ध विद्यालयों में अध्ययनरत प्री-प्रायमरी से कक्षा 5 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 27 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक का अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर ने जारी किया है। छात्र- छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है।

## दो वर्षीय अबोध बालिका के साथ बलात्संग करने वाले आरोपी को न्यायालय ने 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया

**नरसिंहपुर, स्वतत्रमत ।** विशेष न्यायालय ;पाक्सो एक्ट नरसिंहपुर श्रीमति ज्योति मिश्रा ने दो वर्ष एवं तीन महीने की अबोध बालिका के साथ उसका अपहरण कर बलात्संग करने वाले आरोपी श्याम लाल उम्र 26 वर्ष निवासी थाना गोटेगांव को धारा 5/6 पाक्सो अधिनियम के अपराध का दोषी पाते हुये 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 3000 रुपये के जुर्माना एवं धारा 87 भारतीय याय संहिता के अपराध का दोषी पाते हुये 3 वर्ष के कठोर कारावास एवं 2000 रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी उप निदेशक अभियोजन श्री रामकुमार पटेल के निर्देशन में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारीए श्री अमित राय एवं कपिल पाण्डे द्वारा की गई। अभियोजन के अनुसार दिनांक 02/08/2025 को आरोपी श्याम लाल ने थाना गोटेगांव के अंतर्गत एक गांव में दो वर्ष तीन माह की अबोध बालिका को गोद में ले जाकर उसका अपहरण कर उसे एक स्कूल के दहलान में लेजाकर उसके साथ बलासंग किया था जिसकी रिपोर्ट बालिका की माता द्वारा पुलिस थाना गोटेगांव में की गई थी जहां उप निरीण् जयावती कुढ़ापे द्वारा प्रकरण की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण का अनुसंधान आरंभ किया गया था।

अनुसंधान के दौरान बालिका का मेडिकल परीक्षण करवाया गया था एवं आरोपी को गिरफ्तार कर विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्?यायालय में प्रस्?तुत किया गया था। विचारण के दौरान अभियोजन के द्वारा अबोध बालिका के कथन न्यायालय में करवाये गये थे जिसमें उसके द्वारा उसके साथ हुई घटना को बताया गया था।

# दक्ष इंटरनेशनल स्कूल में एसडीएम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया सम्मानित

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

गाडरवारा दक्ष इंटरनेशनल स्कूल में प्रत्येक कक्षा के शीर्ष 10 छात्र /छात्राओं को मेधावी छात्र प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और पदक से सम्मानित किया गया। दक्ष 2026 विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला और भाषा प्रदर्शनी में प्रत्येक कक्षा से सर्वश्रेष्ठ तीन प्रस्तुतियां देने वाले बच्चों को भी प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं सीबीएसई प्रथम बोर्ड के टॉपर्स को भी सम्मानित किया गया। ज्ञात हो की दक्ष इंटरनेशनल स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10 प्रथम बोर्ड परीक्षा में 100त्न परिणाम प्राप्त किया है जिसमें टॉपर ने 90त्न अंक प्राप्त किए हैं 7 इस पुरस्कार समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती कलावती ब्यारे एस डी ?म, गाडरवारा ने सभी छात्र/छात्राओं को आशीर्वाद दिया, मार्गदर्शन किया और बधाईयाँ दीं 7 अपनी व्यक्तिगत यात्रा साझा करते हुए एसडीएम ने बच्चों को कड़ी मेहनत करने, बेहतर इंसान बनने और समाज को कुछ वापस देने के लिए प्रोत्साहित किया। एस डी ?म मैडम ने दक्ष इंटरनेशनल स्कूल की बच्चों के और समाज के प्रति सेवा भाव और गैर-व्यावसायिक सोच और प्रयास की सराहना की 7 इस अवसर पर दक्ष स्कूल के मेंटर चैतन्य यादव ने सभी शिक्षकों और अभिभावकों को बच्चों के शानदार रिजल्ट के लिए बधाईयाँ दीं। स्कूल के प्रधानाध्यापक पी. के. चौधरी ने एसडीएम मैडम को स्कूल में बेटियों के लिए मुफ्त एडमिशन, ए ऑय लैब और स्कूल में ही मुफ्त टूशन जैसी कई अन्य सुबिधाओं से अवगत करवाया 7 चैतन्य यादव ने माननीय एस डी ?म मैडम को अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया ।




# गुरु की शरण में रहकर अहंकार को त्यागें एवं नारी का सम्मान करें : स्वामी इंद्रदेव सरस्वती

### नवंबर माह में होगी शिव महापुराण कथा



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** शनिवार को नगर में बड़े हर्ष उल्लास के साथ संत श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी इंद्रदेव सरस्वती महाराज का आगमन हुआ। सुबह श्रीधाम एक्सप्रेस से आगमन पर स्टेशन पर उनका शिष्यों ने ढ़ोल बाजे के साथ स्वागत किया एवं उन्हें सुरेन्द्र नामदेव के आवास तक लेकर आये। उन्होंने नगर के नूपुर कान्वेंट स्कूल में स्वागत उपरांत शिष्यों से संवाद करते हुए बताया कि इसी वर्ष नवंबर माह में उनके द्वारा यज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जायेगा जिसमे सभी की सहभागिता एवं सहयोग जरुरी है। इस दौरान शिष्यों द्वारा पूछे गये विभिन्न प्रश्नों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि स्वयं में गुरु केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक तत्व है जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। गुरु के बिना ईश्वर की प्राप्ति असंभव मानी गई है। जिस तरह बिना नक्शे के अनजान राह पर भटकने का डर रहता है, वैसे ही बिना गुरु के संसार रूपी सागर को पार करना कठिन है। उन्होंने कहा कि ?गुरु शिष्य के भीतर छिपे विकारों को दूर कर उसे आत्मज्ञान से परिचित कराते हैं। उन्होंने गुरु दीक्षा का महत्तव बताते हुए कहा कि दीक्षा का अर्थ है स्वयं को गुरु के चरणों में समर्पित कर देना और उनके बताए अनुशासन का पालन करना। दीक्षा केवल दिखावा नहीं होनी चाहिए, बल्कि हृदय से परिवर्तन की चाह होनी चाहिए। उन्होंने नारी शक्ति को समाज और धर्म का आधार मानते हुए कहा कि एक शिक्षित और संस्कारी नारी पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों को तार सकती है। उन्होंने पुरुष प्रधान समाज को सचेत करते हुए कहा कि जहाँ नारी का अपमान होता है, वहाँ कभी सुख-समृद्धि नहीं रह सकती।उन्होंने मीराबाई, शबरी और अन्य महिला भक्तों के उदाहरण देकर समझाया कि भक्ति के मार्ग पर नारियाँ पुरुषों से कहीं अधिक कोमल हृदय और समर्पित होती हैं। उनके संवाद कार्यक्रम का सार यह रहा कि गुरु की शरण में रहकर अहंकार को त्यागें और समाज में नारी का सम्मान करें।

संवाद एवं स्वागत कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि शिव महापुराण कथा में हर संभव सहयोग करते हुए उसे भव्य आयोजन बनाएंगे। नपा नेता प्रतिपक्ष जिनेश जैन ने कहा कि महाराज जी के आगमन से आत्मीय प्रसन्नता हुई है। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए जितेंद्र नामदेव एवं सुरेन्द्र नामदेव ने आगामी रुपरेखा से अवगत कराया। अंत में खिचड़ी प्रसादी से कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर अनेक धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नहीं मिल रहीं एनसीईआरटी की पुस्तकें निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदना मजबूरी

### अभिभावकों को निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदनी पड़ रही है

कटनी (स्वतंत्रमत)



निजी स्कूलों का सत्र शुरू हो गया है। किताब दुकानों पर अभिभावकों की भीड़ जुट रही है। इस वर्ष भी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें लागू नहीं होने से अभिभावकों को महंगी किताबें खरीदनी पड़ रही है। कटनी के निजी स्कूलों में फीस अधिनियम का भी पालन नहीं हो पा रहा है। इस कारण निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबों के बदले निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें अभिभावकों को खरीदनी पड़ रही है, जहां निजी स्कूल के सातवीं कक्षा की किताबें सात हजार में मिल रही है। वहीं एनसीईआरटी की किताबें 700 रुपये में मिल रही हैं। साथ ही दुकान संचालक जानबूझकर कई कक्षाओं के एनसीईआरटी की किताबें नहीं उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे अभिभावक निजी प्रकाशकों की किताबें लेने के लिए मजबूर हैं। कई विषयों की किताबें बाजार में नहीं मिल रही है। ऐसे में स्कूल संचालकों को कमीशन देने के फेर में किताब दुकान निजी प्रकाशकों की किताब का मनमाना कीमत वसूल रहे हैं। कुछ स्कूल एनसीईआटी के साथ-साथ निजी प्रकाशकों की किताबें भी चला रहे हैं। उधर, अधिकारियों का कहना है कि अभिभावक शिकायत करेंगे तो कार्यवाही की जाएगी।

***आठ से नौ हजार में मिल रही 8वीं की किताबें***- एनसीईआरटी की एक किताब 50 से 60 रुपये मिलती है तो निजी प्रकाशकों की किताबें 300 से 400 रुपये में मिल रही है। ऐसे में तीसरी कक्षा में एनसीईआरटी की पांच किताबें 300 से 400 रुपये में मिल रही है। वहीं 8वीं कक्षा के एक बच्चे की किताबों और स्टेशनरी पर आठ हजार से नौ हजार रुपये तक खर्च आ रहा है। ऐसे में अभिभावक परेशान हो रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि सभी स्कूलों में एनसीईआरटी की ही किताबें लागू होनी चाहिए, लेकिन स्कूल निजी प्रकाशकों की किताबें बेच रहे हैं।

***हर साल बदल देते हैं किताबें***- निजी स्कूल हर साल एक या दो किताब बदल देते हैं, जिससे पुरानी किताबों से भाई-बहन भी नहीं पढ़ पाते हैं। मजबूरन हर साल नई किताबों का बंच खरीदना पड़ता है। अभिभावकों का कहना है कि एनसीईआरटी की किताबें लागू करने से आर्थिक बोझ से भी राहत मिलेगी। निजी प्रकाशकों की किताबों से भारी बस्ते का बोझ

निजी स्कूल 10 से 12 किताबें निजी प्रकाशकों की चला रहे हैं। इस कारण बस्ते का बोझ भी बढ़ रहा है। साथ ही अभिभावकों को एक बच्चे के लिए पांच से सात हजार रुपये में मिल रहा है। निजी स्कूल एनसीईआरटी की जितनी पुस्तकें पाठ्यक्रम में शामिल करते हैं। उतनी ही एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटी के नाम पर निजी प्रकाशकों की पुस्तकें भी शामिल करते हैं। पांचवीं कक्षा में 10 से 12 किताबें चलाई जा रही है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने भी इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दे रखे हैं।



# विश्व पुस्तक दिवस पर माधवनगर में काव्य गोष्ठी का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)

प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र माधवनगर में वनमाली सृजन केन्द्र कटनी ईकाई द्वारा विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ गजलकार चंद्रकिशोर श्रीवास्तव चंदन की अध्यक्षता एवं हास्य कवि शरद जायसवाल के मुख्य आतिथ्य तथा युवा कवि तुषार तपन के संचालन में संपन्न हुआ। दीपक श्रीवास के संयोजन तथा चंद्रकिशोर श्रीवास्तव चंदन द्वारा प्रस्तुत माँ वीणा पाणी की चरण वंदना के पश्चात गोष्ठी का आगाज़ करते डॉ. प्रद्युम्न मिश्र ने कहा- माटी की खुसबू संजोये हुए, विरासत को अपने बचाए हुए हैं। कलम हाथ ले कर के कवि बढ़ चले हैं। हिन्दी के ध्वज को उठाये हुए हैं। हास्य कवि शरद जायसवाल ने कहा- प्रश्नों के उत्तर सभी उमड़-घुमड़ के आए, उतनी बुद्धि तेज हो जितने जूते खाए। वरिष्ठ गजलकार चंद्रकिशोर श्रीवास्तव चंदन ने कहा- खो रहा सभ्यता का चलन आदमी, कर रहा आदमी से जलन आदमी। अनिल मिश्र ने कहा- जिंदगी में हर तरफ हलचल बहुत है, मन सरोवर में हुआ दलदल बहुत है। प्रियांशु तिवारी ने कहा- भावों की मालाएं अवतरित सुर की, सभी कलाएं अवतरित शब्द अक्षरों के चित्रों से होती हैं कविताएं अवतरित। आज के युवा कवि तुषार तपन ने कहा- तुझको तेरे भीतर का विश्वास अमर कर देगा, तेरा ये पौरुष तेरा इतिहास अमर कर देगा। आभार दीपभान चौबे ने व्यक्त किया।

# करुणा प्रेम और सह-अस्तित्व का सजीव उत्सव-मानव एकता दिवस

कटनी (स्वतंत्रमत)




जब हृदय में करुणा, प्रेम और एकत्व की दिव्य चेतना जागृत होती है, तब मानव अपने सीमित स्वार्थों से ऊपर उठकर सम्पूर्ण सृष्टि के कल्याण का सशक्त माध्यम बन जाता है। परोपकार, करुणा और परमार्थ जैसे अलौकिक मूल्यों से प्रकाशमान यह पावन अवसर उस दिव्य अनुभूति का प्रतीक बनाए जहाँ मानव को मानव हो प्यारा, एक-दूजे का बने सहारा का संदेश केवल शब्दों तक सीमित न रहकर हृदयों में जीवंत हुआ। मानव एकता दिवस 24 अप्रैल को, बाबा गुरबचन सिंह की दिव्य स्मृति में, सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के सान्निध्य में दिल्ली के ग्राउंड नं. 8 में आयोजित हुआ। इसके साथ ही समूचे देश की हजारों सत्संग केंद्रो पर श्रद्धा और समर्पण भाव से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और निष्काम सेवा का जीवंत स्वरूप बनकर उभरा। संत निरंकारी मण्डल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि समूचे भारतवर्ष के लगभग 200 स्थानों पर रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया गया। जिससे लगभग 40,000 यूनिट रक्त संकलित किया गया, जो निष्काम सेवा, परोपकार और मानवता के प्रति समर्पण की जीवंत अभिव्यक्ति बनकर उभरा। युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में यह दिवस वर्षभर चलने वाली सेवा-सरिता का शुभारंभ है, जिसके अंतर्गत देशभर में लगभग 705 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगेय जो करुणा और एकत्व की भावना को निरंतर सुदृढ़ करेंगे। उल्लेखनीय है कि रक्तदान की यह पावन परंपरा पिछले चार दशकों से निरंतर जारी है। अब तक 9,174 रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 15,00,230 यूनिट रक्त संकलित किया जा चुका है, जो मानव सेवा के प्रति निरंकारी मिशन की अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। मानव एकता दिवस के अवसर पर ब्रांच कटनी में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमे सरकारी अस्पतालों के अनुभवी चिकित्सक एवं उनकी टीम ने रक्तदाताओं की समुचित स्वास्थ्य जांच के उपरांत सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से रक्तदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराई। जिनसे 121 रक्त युनिट संकलित की गई। संपूर्ण आयोजन के दौरान स्वच्छता, सतर्कता एवं सेवा-भाव का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे यह पहल केवल जीवनदायिनी सेवा तक सीमित न रहकर मानवता, करुणा और उत्तरदायित्व के उच्चतम आदर्श का प्रतीक बनकर उभरी। युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह ने सत्य, सरलता और सद्भावना का मार्ग दिखाते हुए युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने और ऊर्जा को समाजसेवा में लगाने की प्रेरणा दी। बाबा हरदेव सिंह जी ने श्रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं का संदेश देकर सेवा को जीवन का अनिवार्य अंग बनाया, जिसे सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज निरंतर आगे बढ़ा रही हैं। कटनी संयोजक राजकुमार हेमनानी द्वारा ये जानकारी दी गई साथ ही बताया कि एक आपत स्थिति के लिए भी रक्तदाताओं को अरक्षित रखा गया है।






# अग्रहरि परिवार हीरागंज को मिला प्रथम पुरस्कार

कटनी (स्वतंत्रमत)

श्री हिन्दू उत्सव समिति कटनी द्वारा भगवान श्रीराम के प्राकट्योत्सव पर नवमी शोभायात्रा के स्वागत में द्वार सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसके परिणाम आने के पश्चात गत 22 अप्रैल को भार्गव कंपाउंड में पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम रखा गया। प्रतियोगिता में लगभग 35 परिवारों ने भाग लिया था। अग्रहरि परिवार हीरागंज ने भी अतीव मनहर द्वार सज्जा कर अयोध्या की तर्ज पर बालक राम की जीवंत झाँकी प्रस्तुत की और प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्री राम उत्सव समिति द्वारा बालक राम के रूप में प्रस्तुत विवान अग्रहरि पिता विकास अग्रहरि को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया एवं समस्त अग्रहरि परिवार को बधाई दी।

## मानव सेवा ही ईश्वरीय सेवा, प्याऊ का शुभारंभ




**कटनी (स्वतंत्रमत)।** समाजसेवी वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सुषमा सिंह ठाकुर ने भीष्म गर्मी को देखते हुए ग्राम पंचायत मंगेली ग्राम धनवाही में राहगीरों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था प्याऊ खोलकर राहत देने का नेक कार्य किया। इस मौके पर उपस्थित ग्राम वासी सत्यम ठाकुर, महेश ठाकुर, अतुल अघारी ठाकुर, अजय सिंह, प्रेम सिंह चौहान, हरिसिंह पोटेटे, रूबी सिंह, दीपक ठाकुर, तमाम लोगों की उपस्थिति में प्याऊ का शुभारंभ किया गया।

## महिला आरक्षण बिल 2023 लागू करो, अभी करो- महिला कांग्रेस

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी के निर्देश पर महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सौम्या राँधेलिया के नेतृत्व में महिला आरक्षण बिल अधिनियम लागू करो अभी करो अभियान की शुरुआत हुई। सौम्या ने बताया कि इस अभियान के तहत कटनी के प्रत्येक वार्ड से महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पोस्ट कार्ड भेजकर महिलाओ द्वारा आरक्षण वर्तमान की 543 लोकसभा सीटों में लागू करने की मांग की जा रही है। मुख्य डाक घर के समक्ष महिलाओं द्वारा पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत की गई। सभी महिलाओं ने पोस्टकार्ड में (33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करो अभी करो), एसटी, एससी, ओबीसी, वर्ग की महिलाओं को आरक्षण में तुरंत शामिल किए जाने की माँग शामिल है। महिला कांग्रेस ने बताया कि देश की भाजपा सरकार महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन बिल पास कर देश की महिलाओं के साथ धोका करने का काम किया है, एवं देश में एक झूंठ भ्रम फैलाया जा रहा है जबकि महिला आरक्षण बिल 2023 में पूर्ण बहुमत के साथ पारित हो चुका है। जिसे भाजपा ने नारी वंदन अधिनियम बिल का नाम देकर लाया था जो कि परिसीमन बिल पर मुखौटा था। सरकार के झूँठ को महिला कांग्रेस देश भर में बेनकाब करेगी।

# एसीसी स्कूल कैमोर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर व्याख्यान आयोजित

कटनी (स्वतंत्रमत)




कटनी नारी सशक्तिकरण को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में मनाए जा रहे नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 25 अप्रैल को विजयराघवगढ़ क्षेत्र के एसीसी स्कूल कैमोर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक प्रभावी व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र छात्राओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम की जानकारी देना एवं महिलाओं के अधिकारों सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक बनाना था। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों आर्थिक सशक्तिकरण आत्मनिर्भरता शिक्षा का महत्व नेतृत्व और प्रतिनिधित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। व्याख्यान में बताया गया कि आर्थिक रूप से सशक्त नारी ही समृद्ध भारत की आधारशिला है। साथ ही शिक्षा से स्वावलंबन और विकास की उड़ान जैसे विषयों पर भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। संसद और समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को देश के विकास से जोड़ते हुए उनके योगदान को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं विशेषकर पोषण और महिला कल्याण से जुड़ी पहल की जानकारी भी साझा की गई जिससे छात्र छात्राएं जागरूक होकर इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। विद्यालय के प्राचार्य सुधांशु मिश्रा ने अपने संबोधन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के कानूनी प्रावधानों और महिलाओं के अधिकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज में समानता और सम्मान की भावना को अपनाने का संदेश दिया।इस अवसर पर शिक्षक मिनी तिवारी महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक श्वेता गोस्वामी, जासूम जाधव, शोभारानी बर्मन, शिवम मिश्रा एवं विकास रजक सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम न केवल जानकारीपूर्ण रहा बल्कि छात्र छात्राओं में महिला सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति नई सोच और जागरूकता भी विकसित करने में सफल रहा।

# नारी शक्ति वंदन अभियान अंतर्गत महिला सम्मान एवं साड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन

### नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा 10-25 अप्रैल तक चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)



संस्था मानव जीवन विकास समिति द्वारा और महिला एवं बाल विकास विभाग बड़वारा द्वारा नारी शक्ति वंदन सम्मेलन कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह (धीरू भैया) के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। मानव जीवन विकास समिति सचिव एवं पर्यावरणविद निर्भय सिंह द्वारा बताया गया कि समिति बड़वारा ब्लाक के भमडार बिजौरी आंगनवाड़ी में बच्चों को पोषण शिक्षा कार्यक्रम के तहत शिक्षा को बढ़ावा देने एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पोषण कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत 22 बच्चों के माता को साड़ी और टोपी पहनाकर सम्मान किया गया। पोषण पुनर्वास केंद्र बड़वारा मे भर्ती 48 बच्चों के माता को साड़ी और टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। बड़वारा क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद 150 परिवार के माता को साड़ी और टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। सिंह के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम में शामिल 220 महिलाओं को साड़ी और टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। निर्भय सिंह बताते हैं कि हम समिति के प्रयास से कटनी जिले के बड़वारा, ढीमरखेड़ा और विजयराघवगढ़ ब्लाक में स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने कार्य कर रहे हैं। परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू द्वारा कार्यक्रम का परिचय बताया गया। नारी शक्ति बंधन पखवाड़ा 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक पूरे प्रदेश एवं जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के सहयोग से महिलाओं की सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए पूरे जिले में संचालित किया गया। महिला बाल विकास विभाग बड़वारा द्वारा 270 आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण प्रदर्शनी, स्व सहायता समूह की प्रदर्शनी, बाल विवाह की रोकथाम, जागरूकता कार्यक्रम, रैली एवं शपथ ग्रहण साथ ही महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 181, 1098, 112 के प्रचार प्रसार आदि गतिविधिया आयोजित की गई। बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह (धीरू भैया) अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी मात्र शक्ति एवं मंचासीन मंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष, मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह एवं सभी अधिकारी और कर्मचारीगढ़ का स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास की अभिनव पहल की सराहना की एवं समस्त गणमान्य सदस्यों का अथाह सहयोग से क्षेत्र का विकास संभव हुआ है। वर्तमान में 10 आंगनवाड़ी भवन बनवाने की भी घोषणा भी की है। शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसे कार्यों को बढ़ावा देने कार्य कर रहे है। मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता ने कहा मात्र शक्ति सबसे महान है हम सभी का सम्मान करते है। महिलाओं को लोक सभा व राज्य सभा में 33 प्रतिशत आरक्षण बिल बन रहा है जिससे महिलाओं की भागीदारी सभी क्षेत्र में बढ़ेगी। महिलाओं की सुरक्षा के लिए विविध प्रकार के हेल्पलाइन नंबर चलाए जा रहे हैं जिसकी मदद से महिलाओं बेटियों को सुरक्षा मिलेगी। पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र जायसवाल द्वारा बताया गया कि बड़वारा विधानसभा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार पटेल के द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बताया कि आपको सतर्क रहने की आवश्यकता है, डिजिटल फ्राड से बचने के लिए किसी भी प्रकार का ओटीपी शेयर नहीं करें। सुरक्षा के लिए डायल 112, 1098, 1091, 1090 का हेल्पलाइन में भी सुरक्षा मिलेगी। नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत महिला सम्मान समारोह बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत बड़वारा से बबीता सिंह, राजकुमार पाण्डेय, अशीष प्रताप सिंह, आस्था सिंह, राजेश चौधरी, महिला बाल विकास विभाग बड़वारा से रोशनी गुप्ता, आयुषी शर्मा, अर्पिता प्यासी, ज्योति बर्मन, रोशनी गुप्ता, परवीन मंसूरी, प्रियंका पांडेय, रजनीश एवं मानव जीवन विकास समिति टीम से राम किशोर चौधरी, चंद्रपाल कुशवाहा, पूनम शर्मा, सुनैना सिंह, ओम प्रकाश यादव, फग्गू केवट, कमलेश तिवारी, गुलशन सिंह सहित 250 प्रतिभागियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन किया गया।

# गुजरात के खिलाफ चेन्नई की उम्मीदें एक बार फिर सैमसन पर

**चेन्नई (वार्ता)।** अलग-अलग ताकतों पर आधारित एक हाई-स्टेक्स मुकाबला होने वाला है, जब चेन्नई सुपर किंग्स रविवारको एमए चिदंबरम स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी; इस मैच का नतीजा शायद इन-फॉर्म खिलाड़ियों और टीम के संतुलन से तय होगा। चेन्नई सुपर किंग्स इस मुकाबले में सीजन की खराब शुरुआत के बाद ज़ोरदार वापसी करके उतर रही है। इस बदलाव के केंद्र में संजू सैमसन रहे हैं, जिनके कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ ओपनिंग करने की उम्मीद है। सैमसन के आक्रामक स्ट्रोकप्ले ने सीएसके को टॉप ऑर्डर में गति दी है, जबकि गायकवाड़ अब तक भले ही औसत प्रदर्शन कर रहे हों, फिर भी पारी को संभाले हुए हैं। मध्य क्रम, जिसमें सरफराज खान, डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे शामिल हैं, स्थिरता और ताकत का मिश्रण पेश करता है; जरूरत पड़ने पर हर कोई रन बनाने की गति बढ़ा सकता है। एमएस धोनी के संभावित शामिल होने से




अनुभव और मैच खत्म करने की ताकत जुड़ती है, जबकि कार्तिक शर्मा विकेटकीपिंग के लिए एक वैकल्पिक विकल्प बने हुए हैं। ऑल-राउंड गहराई को जेमी ओवर्टन ने और मजबूत किया है, जिनकी दोहरी भूमिका टीम की लाइनअप में लचीलापन लाती है। गेंदबाज़ी यूनिट में नूर अहमद की स्पिन, अंशुल कंबोज की निरंतरता और गुरजपनीत सिंह व मुकेश चौधरी के तेज़ गेंदबाज़ी के विकल्प शामिल हैं। अकील हुसैन से एक इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है, खासकर ऐसी पिच पर जो स्पिन गेंदबाज़ों के लिए मददगार हो; वहीं, हाल ही में चोट के कारण हुए बदलावों के बाद आकाश मधवाल टीम को और गहराई देते हैं। दूसरी ओर, गुजरात टाइटन्स अपने ज़बरदस्त टॉप ऑर्डर पर बहुत ज़्यादा निर्भर है, जिसमें साई सुदर्शन, कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर शामिल हैं। इस तिकड़ी ने इस सीजन में टीम के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाए हैं; सुदर्शन ने हाल ही में एक शतक जड़ा है, जबकि गिल टीम के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

## करो या मरो के मुकाबले में भिड़ेंगे लखनऊ और कोलकाता

**लखनऊ (वार्ता)** लगातार हार झेल रही लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना रविवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग के 38वें मैच में, वापसी कर रही कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए करो या मरो जैसा है, क्योंकि दोनों ही टीमें इस सीज़न में संघर्ष कर रही हैं और उनका भविष्य एक अहम मोड़ पर खड़ा है, लेकिन दोनों की मौजूदा स्थिति (मोमेंटम) बिल्कुल अलग है। लखनऊ लगातार चार हार से जूझ रही है और पॉइंट्स टेबल में नीचे खिसकती जा रही है, जबकि कोलकाता इस सीज़न की अपनी पहली जीत दर्ज करने के बाद नए आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेगी। लखनऊ के लिए, बल्लेबाज़ी में निरंतरता की कमी






सबसे बड़ी चिंता का विषय रही है। मिचेल मार्श और आयुष बडोनी की सलामी जोड़ी टीम को ठोस शुरुआत देने में नाकाम रही है, जिससे कप्तान ऋषभ पंत पर शुरुआती दबाव बढ़ गया है। निकोलस पूरन, एडेन मार्करम, मुकुल चौधरी और हिम्मत सिंह से सजी मध्यक्रम की बल्लेबाज़ी ने कुछ मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन उनमें सामूहिक निरंतरता की कमी दिखाई देती है। मार्श टीम के सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और टीम के लिए कुछेक उम्मीद की किरण हैं, जबकि मार्करम के आक्रामक रवैये ने टीम की बल्लेबाज़ी को कुछ गति प्रदान की है। हालाँकि, पूरन और पंत के संघर्ष ने टीम की मैचों को मज़बूती से खत्म करने की क्षमता को काफी नुकसान पहुँचाया है। युवा खिलाड़ी मुकुल चौधरी एक अहम योगदानकर्ता के रूप में उभरे हैं विशेष रूप से इस सीजन की शुरुआत में कोलकाता के खिलाफ खेली गई उनकी मैच-जिताऊ पारी ने टीम के बुरे दौर में उम्मीद जगाई है। दूसरी ओर, गेंदबाज़ी विभाग काफी हद तक भरोसेमंद रहा है। प्रिंस यादव ने अनुभवी गेंदबाज़ों मोहम्मद शमी और मोहसिन खान के सहयोग से गेंदबाज़ी आक्रमण की कमान शानदार ढंग से संभाली है। दिग्विजय सिंह राठी और तेज़ गेंदबाज़ी के सनसनी मयंक यादव के अतिरिक्त सहयोग के साथ, लखनऊ के पास किसी भी बल्लेबाज़ी क्रम को चुनौती देने के लिए पर्याप्त संसाधन मौजूद हैं। इस बीच, कोलकाता ने अपनी हार का सिलसिला तोड़ने के बाद उम्मीद की एक किरण देखी है। कप्तान अजिंक्य रहाणे, टिम सीफर्ट के साथ मिलकर टीम को एक मजबूत शुरुआत देने की कोशिश करेंगे; वहीं फिन एलन और सुनील नारायण जैसे विकल्प टीम के शीर्ष क्रम को और अधिक लचीलापन प्रदान करते हैं।



## लुंगी एनगिडी कैच पकड़ने के प्रयास में हुए चोटिल

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी पंजाब किंग्स के प्रभसिमरन सिंह का कैच लेने के प्रयास में चोटिल होकर मैदान में नीचे गिर गये और उन्हें एंबुलेंस में अस्पताल ले जाया गया। यह घटना पंजाब किंग्स की पारी के तीसरे ओवर में हुई। एनगिडी प्रभसिमरन सिंह का कैच लेने के प्रयास में पीछे की ओर भागने के क्रम में मिड ऑफ के फ़ील्डर से पीछे की तरफ से गिरे और उनके सिर जमीन से टकरा गया। एनगिडी दर्द में दिख रहे हैं। मैदान में उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। स्ट्रेचर लाया गया- चोट थोड़ी गंभीर है हालांकि अच्छी बात यह है कि एनगिडी फिजियो से बात कर रहे हैं। दोनों टीम के फ़ीजियो एनगिडी के साथ हैं। एम्बुलेंस बीच मैदान पर आ रही है। प्राथमिक उपचार के बाद एनगिडी को एम्बुलेंस के जरिए मैदान से बाहर ले जाया जाएगा।

# पंजाब ने आईपीएल का सबसे बड़ा टारगेट किया चेज

### दिल्ली को 6 विकेट से हराया

### श्रेयस अय्यर ने नाबाद 71 रन बनाए

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। टीम ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराया। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 2 विकेट पर 264 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 265 रन का लक्ष्य 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज है। केएल राहुल (नाबाद 152) और नीतीश राणा (91) की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 35वें मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ दो विकेट पर 264 रन बनाकर आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। आज यहां दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस




जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स को तीसरे ओवर में अर्शदीप सिंह ने पथुम निसंका (11) को आउट कर पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये नीतीश राणा ने केएल राहुल के साथ रनों की अविजित साझेदारी कर टीम के स्कोर को 15.3 ओवरों में 200 रनों के पार पहुंचा दिया। इस दौरान केएल राहुल ने अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 47 गेंदों में 12 चौके और पांच छक्के लगाते हुए अपना शतक पूरा किया। 17वें ओवर में नीतीश कुमार को बाउंड्री पर जीवनदान मिला। दोनों बल्लेबाजों के बीच आईपीएल के इस सत्र की रिकार्ड 220 रनों की सबसे बड़ी साझेदारी हुई। 19वें ओवर में जेवियर बार्टलेट ने शतक की ओर बढ़ रहे नीतीश राणा को श्रेयस अय्यर के हाथों कैच आउट करा दिया। नीतीश राणा ने 44 गेंदों में 11 चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 91 रनों की पारी खेली। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में दो विकेट पर 264 रनों का रिकार्ड विशाल स्कोर खड़ा किया। केएल राहुल ने 67 गेंदों में 16 चौके और नौ छक्के उड़ाते हुए नाबाद 152 रनों की पारी खेली। यह आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वाधिक स्कोर और आईपीएल का तीसरा सर्वाधिक स्कोर है।

## नई महिला इंटरनेशनल मास्टर शिविका रोहिल्ला सम्मानित

नयी दिल्ली (वार्ता)

भारत की नई महिला इंटरनेशनल मास्टर शिविका रोहिल्ला को शुक्रवार रात यहां एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिविका के माता-पिता, कोच और उनके स्कूल की प्रिंसिपल मौजूद थे। मात्र छह वर्ष की उम्र से शतरंज खेलना शुरू करने वाली शिविका ने हंगरी के बुडापेस्ट में अपना महिला इंटरनेशनल मास्टर नॉर्म हासिल किया। 18 वर्षीय शिविका ने इस अवसर पर कहा, जब मैं छह साल



की थी तब मैंने 64 खानों का खेल खेलना शुरू किया था। उसके बाद यह खेल मेरा जीवन बन गया। मेरी मां निधि इस दौरान मेरी सबसे बड़ी प्रेरणास्त्रोत रहीं। शिविका के पिता डॉ नरेंद्र रोहिल्ला ने इस अवसर पर कहा, मेरे लिए यह बड़े गर्व की बात है कि मैं आज इस मंच पर अपनी बेटी के साथ बैठा हूँ। इतने वर्षों में हम वित्तीय उतार-चढ़ाव से गुजरते रहे और यही सोचते रहे कि उसे खेलने दें या नहीं। लेकिन हमने उसे खेलने दिया। उसकी मां उसकी सबसे बड़ी प्रेरणास्त्रोत रही। मैं बस पीछे से उनके लिए सपोर्ट सिस्टम बना रहा। वह खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी सर्वश्रेष्ठ रही है। मेरी शुभकामनाएं यही हैं कि वह आगे चलकर महिला जीएम और जीएम बने। पिछले एक दशक से शिविका के कोच की भूमिका निभा रहे विशाल सरीन इस अवसर पर बेहद भावुक नजर आये। उन्होंने रुंधे गले से कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि शिविका भविष्य में बहुत आगे जायेगी। शिविका के स्कूल की प्रिंसिपल डॉ एनी कोशी ने शिविका को बधाई देते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की।

## श्रीलंका की महिला टीम ने बंगलादेश को सात विकेट हराया और सीरीज भी जीती

**राजशाही (वार्ता)।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद हसिनी परेरा (95), इमेशा दुलानी (56) और हर्षिता समरविक्रमा (नाबाद 44) रनों की पारियों की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने शनिवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में बंगलादेश को 21 गेंद शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की महिला टीम ने 46.3 ओवरों में तीन विकेट पर 214 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट ससे अपने नाम कर लिया। श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ही ओवर में कप्तान चामरी




अटापट्टू (10) का विकेट गंवा दिया। उन्हें मरूफ़ा अख़ूतर ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी इमेशा दुलानी ने हसिनी परेरा के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिये 108 रनों की साझेदारी हुई।मरूफ़ा अख़ूतर ने 32वें ओवर में इमेशा दुलानी को आउट कर बंगलादेश को दूसरी सफलता दिलाई। इमेशा दुलानी ने 79 गेंदों में सात चौके लगाते हुए 56 रन बनाये। 46वें ओवर में सोभना मोस्तारी ने शतक की ओर बढ़ रही हसिनी परेरा का शिकार कर लिया। हसिनी परेरा ने 131 गेंदों में 13 चौके लगाते हुए 95 रनों की पारी खेली। हर्षिता समरविक्रमा ने नाबाद 44 रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके लगाये। इससे पहले आज यहां बंगलादेश की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 213 रनों का स्कोर बनाया। सोभना मोस्तारी ने टीम के लिए सर्वाधिक 74 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में आठ चौके लगाये। कप्तान निगार सुल्ताना ने (40), शर्मिन अख्तर ने (25), रितु मोनी ने (20), सरमिन सुल्ताना ने (17) और फरगाना हक ने (11) रनों का योगदान दिया। श्रीलंका के लिए कविशा दिलहारी ने तीन विकेट लिये। निमाशा मीपेज को दो विकेट मिले। माल्की मदारा और चामरी अटापट्टू ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## ऑरेंज कैप टेबल में शीर्ष पर पहुंचे कोहली

बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) बनाम गुजरात टाइटंस (जीटी) का शुक्रवार रात का मैच आईपीएल 2026 के ऑरेंज कैप तालिका में दिलचस्प बदलाव लेकर आया है। आरसीबी ने यह मुकाबला पांच विकेट से जीता।

***ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड***- विराट कोहली एक बार फिर अपने परिचित अंदाज़ में दिखे। पारी की शुरुआत करते हुए, बड़े लेकिन बहुत बड़े नहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए और अंत में वह ऑरेंज कैप तालिका में भी परिचित जगह पर पहुंच गए। आरसीबी को जीत के लिए 206 रन बनाने थे। कोहली ने पारी की शुरुआत की, 14वें ओवर तक बल्लेबाज़ी की, मैच ख़त्म नहीं कर पाए लेकिन 44 गेंदों पर 81 रन बनाकर जीत की मजबूत नींव रखी। उन्हें प्लेयर ऑफ़ द मैच भी चुना गया और वे रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए। अब उनके नाम सात पारियों में 328 रन हैं, जो दूसरे स्थान पर मौजूद सनराइज़र्स हैदराबाद (स्क्रा।) के अभिषेक शर्मा से पांच रन ज़्यादा हैं।

## एलएंडटी फाइनेंस ने पिछले वित्त वर्ष कमाया रिकॉर्ड मुनाफा

**मुंबई, (वार्ता)।** देश की प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एलएंडटी फाइनेंस ने वित्त वर्ष 2025-26 में समेकित आधार पर रिकॉर्ड 3,003 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया जो सालाना आधार पर 14 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने वित्तीय परिणामों में बताया है कि वित्त वर्ष की चौथी तिमाही उसका शुद्ध मुनाफा 27 प्रतिशत बढ़कर 807 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। गत 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी द्वारा दिया गया खुदरा ऋण 26 फीसदी बढ़कर 1,19,508 करोड़ रुपये पर




पहुंच गया। चौथी तिमाही में खुदरा वितरण वार्षिक आधार पर 62 प्रतिशत बढ़कर 24,107 करोड़ रुपये रहा जो किसी तिमाही में अब तक का सबसे अधिक वितरण है। निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रति इक्विटी शेयर 2.75 रुपये के लाभांश की सिफारिश की है। वित्तीय परिणामों के साथ कंपनी ने अपनी अगले पांच साल के लिए अपनी रणनीतिक योजना की भी घोषणा की है। कंपनी तकनीक-आधारित निष्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगी और 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हासिल करने, दो प्रतिशत से कम क्रेडिट लागत बनाये रखने, तीन प्रतिशत से 3.2 प्रतिशत के बीच संपत्ति पर रिटर्न और 16 प्रतिशत से 18 प्रतिशत के बीच इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) प्राप्त करने की दिशा में काम करेगी। एलएंडटी फाइनेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुदीप्त रॉय ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 कंपनी के लिए काफी अच्छा रहा। हालांकि शुरू में माइक्रोफाइनेंस के काम में कुछ मुश्किलें आईं और साल के अंत में वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव की वजह से भी चुनौतियां रहीं। फिर भी, कंपनी अपनी योजना पर टिकी रही। उन्होंने भरोसा जताया कि वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद कंपनी चालू वित्त वर्ष में भी अच्छा प्रदर्शन करेगी।

## कैट ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक का लाइसेंस रद्द करने का स्वागत किया

नयी दिल्ली (वार्ता)

अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक का लाइसेंस रद्द करने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे जनहित में उठाया गया कदम बताया है। कैट ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह सख्त कार्रवाई देश के उन करोड़ों लोगों की मेहनत की कमाई की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, जिन्होंने इस संस्था पर विश्वास कर अपना पैसा जमा किया था। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और लोकसभा सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि आरबीआई का यह आदेश बार-बार नियमों की अनदेखी, प्रबंधन संबंधी विफलताओं तथा केंद्रीय बैंक के निर्देशों की अवहेलना के बाद आया है। साल 2024 में भी आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक की बैंकिंग गतिविधियों पर कड़े प्रतिबंध लगाये थे, लेकिन संस्था आवश्यक सुधार करने में विफल रही। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया ने पेटीएम के प्लेटफॉर्म के माध्यम से वर्षों में एकत्र किये गये विशाल वित्तीय एवं उपभोक्ता डाटा के प्रबंधन, भंडारण आदि की व्यापक जांच मांग की।

# देश के शेयर बाजार का सफर लम्बा : निर्मला सीतारमण

**मुंबई ( वार्ता)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत के प्रतिभूति बाज़ार की विकास यात्रा में बड़ी उपलब्धियों को को रेखांकित करते हुए कहा कि यह यात्रा उल्लेखनीय रही है और भारतीय बाजार आज एक मज़बूत, प्रौद्योगिकी-आधारित और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र में सबसे अच्छे बाजारों में एक है। वित्त मंत्री ने विश्वास और ईमानदारी को बाजार की अदृश्य लेकिन सबसे अहम अवसंरचना बताते हुए बाजार विनियामक सेबी से कदाचार के विरुद्ध बहुत कठोर रुख अपनाने को कहा। श्रीमती सीतारमण ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के 38वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते कहा कि भारतीय बाज़ारों की यात्रा पारंपरिक ट्रेडिंग रिंग से निकल कर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक ऑर्डर बुक तक, भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों से पूर्ण डीमैटेरियलाइजेशन तक, और बिखरी हुई निगरानी से रीयल-टाइम नियामकीय पर्यवेक्षण



तक पहुंच गयी है। वित्त मंत्री ने कहा कि इन बाज़ारों का आकार यात्रा की चुनौतियों से तय हुआ है और इस दौरान उत्पन्न दबावों और अस्थिरता के दौर ने नियमन और बाज़ार अवसंरचना को मज़बूत किया है। उन्होंने कहा, भारतीय बाज़ारों का इतिहास हमें पहले के दशकों के तनावपूर्ण दौर से महत्वपूर्ण सबक भी सिखाता है, जिससे मज़बूत नियमन विकसित हुआ। अस्थिरता के दौर ने बेहतर बाज़ार ढांचा बनाया, चुनौतियों ने बेहतर संस्थानों को जन्म दिया। इसी तरह परिपक्व वित्तीय प्रणालियाँ सीखते हुए, अनुकूलन करते हुए और अधिक मज़बूत बनकर उभरती हैं। सेबी की भूमिका को रेखांकित करते हुए सीतारमण ने कहा कि उसकी प्रभावशीलता केवल उसके अधिकारों की व्यापकता से नहीं, बल्कि उन्हें अनुशासन के साथ लागू करने से आती है। उन्होंने उन्होंने कहा, सेबी ने सभी सूचीबद्ध प्रतिभूतियों के लिए टी 1 (ट्रेड प्लस वन) सेटलमेंट चक्र लागू करने में भारत का नेतृत्व किया, जो जनवरी 2023 में पूरा हुआ। इससे भारत कई बड़े बाज़ारों, जैसे अमेरिका, से आगे निकल गया, जिसने टी 1 को मई 2024 में अपनाया। ट्रेड प्लस वन निपटन चक्र का अर्थ है कि प्रतिभूति लेनदेन एक कार्यदिवस के भीतर निपटाया जाता है, यानी शेयर और धनराशि अगले कार्यदिवस तक हस्तांतरित हो जाते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि सेबी ने एएसबीए (एप्लिकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट) प्रणाली भी शुरू की, जो आईपीओ के लिए एक वैश्विक नवाचार है, जिसने रिफंड चक्र को समाप्त कर दिया और निवेशक के बैंक खाते में केवल आवंटित राशि को ही ब्लॉक किया (खाते में रोका)। उन्होंने सेबी और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने मिलकर भारत को दुनिया का ऐसा पहला बाजार क्षेत्र बनाया, जहां यूपीआई के माध्यम से आईपीओ आवेदन संभव हुआ, जिससे प्राथमिक बाज़ारों में रीयल-टाइम खुदरा भागीदारी हर स्मार्टफोन तक पहुंची। उन्होंने कहा कि कि आज भारत दुनिया की सबसे उन्नत डिपॉजिटरी अवसंरचनाओं में से एक संचालित करता है, जिसमें नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड के पास पांच लाख करोड़ डॉलर से अधिक मूल्य की डीमैट प्रतिभूतियाँ हैं। उन्होंने संस्थान की प्रभावशीलता दिखाने वाले कुछ आँकड़े भी साझा किए सेबी की सफलता दर सुप्रीम कोर्ट में 90 प्रतिशत से अधिक, सिक्योरिटीज अपीलेट ट्रिब्यूनल में 73 प्रतिशत और सिविल कोर्ट या एनसीएलटी में 92 प्रतिशतहै। वित्त मंत्री ने कहा ये आँकड़े इसकी कानूनी संरचना की संस्थागत मज़बूती को दर्शाते हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान आईपीओ ( प्राथमिक शेयर निर्गम) गतिविधि मजबूत रही, 366 आईपीओ के माध्यम से लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई गई, जो नियामकीय समर्थन के कारण संभव हुआ। भारत में खुदरा भागीदारी की क्रांति हमारे वित्तीय इतिहास के सबसे लोकतांत्रिक विकासों में से एक है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि बढ़ती भागीदारी के साथ जागरूकता भी आवश्यक है।उन्होंने कहा, समझ के बिना भागीदारी जोखिम पैदा कर सकती है, और सुरक्षा उपायों के बिना पहुंच खतरे उत्पन्न कर सकती है, और जोर दिया कि निवेशक संरक्षण को रक्षात्मक से विकासात्मक कार्य में विकसित होना चाहिए। मंत्री ने कहा कि नियामक प्रणालियों का लक्ष्य अत्यधिक प्रतिबंध नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें अधिक परिष्कृत और पूर्वानुमानित बनना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी प्रमुख वैश्विक बाज़ारों ने अति और संकट के दौर देखे हैं, और संस्थागत ताकत का वास्तविक माप सुधारात्मक कदमों की गति और कठोरता में निहित है। सीतारमण ने कहा कि विश्वास और ईमानदारी वित्तीय बाज़ारों की अदृश्य अवसंरचना हैं।

# सशक्त हो रहा रोड नेटवर्क यातायात हुआ सुगम : डॉ. यादव

भोपाल (स्वतंत्र मत)।





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सड़क निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वर्तमान में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 77 हजार किलोमीटर से अधिक सड़क नेटवर्क है। प्रदेश में 11,632 किलोमीटर सड़कों का निर्माण और सुदृढ़ीकरण, 5,741 किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण, 190 पुल और फ्लाई ओवर का निर्माण किया गया है। वर्तमान में 16,954 किलोमीटर सड़क निर्माण और 531 पुल एवं फ्लाई ओवर परियोजनाएँ प्रगति पर हैं। प्रदेश में बड़े पैमाने पर कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 6 प्रमुख विकास पथ (एक्सप्रेसवे) परियोजनाओं पर काम शुरू किया गया है। इसके साथ ही भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन में रिंग रोड निर्माण की प्रक्रिया भी जारी है, जिससे शहरों में यातायात दबाव कम होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अधोसंरचना विकास को नई गति देने के लिए साथ लगभग 1 लाख करोड़ रुपये का समझौता किया गया है। इसमें से 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है और कई परियोजनाओं पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। पिछले 13 महीनों में 875 निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर 25 ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया गया और कई मामलों में कार्रवाई की गई। इसके साथ ही प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से योजना से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया को डिजिटल बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अधोसंरचना विकास को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए भी निरंतर नवाचार किये जा रहे हैं। सड़क निर्माण के दौरान खुदाई से बने स्थानों को लोक कल्याण सरोवर के रूप में विकसित किया जा रहा है। अब तक 506 सरोवर बनाए जा चुके हैं और 600 नए सरोवर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा सड़क किनारे भूजल रिचार्ज, फ्लाई ओवर पर रैन वॉटर हार्वेस्टिंग और ग्रीन बिल्डिंग निर्माण जैसे कदम भी उठाए जा रहे हैं।

### लोक निर्माण सर्वेक्षण मोबाइल ऐप

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सटीक जानकारी के लिए विभाग ने लोक निर्माण सर्वेक्षण मोबाइल ऐप विकसित किया है। इससे प्रदेश में 71 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों, लगभग 3 हजार भवनों और 1400 से अधिक पुलों आधारित सर्वेक्षण किया जा चुका है। इस डिजिटल डेटा से विभाग को अधोसंरचना की वास्तविक स्थिति का स्पष्ट आंकलन प्राप्त हुआ है। अब योजनाएँ अधिक सटीक तरीके से बनाई जा रही हैं।

### समग्र रोड नेटवर्क मास्टर प्लान तैयार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि लोक निर्माण विभाग ने समग्र रोड नेटवर्क मास्टर प्लान तैयार किया है। इसमें शहरों के लिए बायपास मार्ग, औद्योगिक क्षेत्रों की बेहतर कनेक्टिविटी और जिला मुख्यालयों के बीच सड़क संपर्क मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। दूरी यात्रा समय कम करने के लिए 6 नए ग्रीनफील्ड सड़क मार्ग भी चिन्हित किए गए हैं, जिससे प्रदेश के कई क्षेत्रों में विकास की नई संभावनाएँ खुलेंगी।

### जीआईएस आधारित बजट मॉड्यूल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि पारदर्शी शासन व्यवस्था के अनुरूप लोक निर्माण विभाग ने जीआईएस आधारित बजट मॉड्यूल शुरू किया है। अब हर सड़क प्रस्ताव को डिजिटल नक्शे पर दर्ज किया जाता है, जिससे तुरंत पता चल जाता है कि वह सड़क पहले से बजट में है या किसी अन्य विभाग के अंतर्गत आती है।

### लोकपथ मोबाइल ऐप 2.0

लोक निर्माण विभाग द्वारा शुरू किया गया लोकपथ मोबाइल ऐप अब उन्नत होकर लोकपथ 2.0 बन चुका है। यह ऐप नागरिकों के लिए एक स्मार्ट ट्रैवल गाइड की तरह कार्य करता है। इस ऐप में रूट प्लानर, टोल जानकारी, स्हस सुविधा, अस्पताल और पेट्रोल पंप की जानकारी तथा दुर्घटना संभावित स्थानों की चेतावनी जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यह एप ब्लैक स्पॉट से लगभग 500 मीटर पहले चेतावनी देकर सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देता है। मोदी की विकास दृष्टि और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विकास को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की दिशा में विभाग तकनीकी, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए प्रदेश को आने वाले वर्षों में देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# मंत्री नागर के भाई ने दी महिला सीईओ को जिंदा गाड़ने की धमकी

### मंत्री के भाई ने मनाया भाजपा का असली नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा



भोपाल (स्वतंत्र मत)। मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जनपद पंचायत की सीईओ के साथ मंत्री के भाई इंदर सिंह चौहान द्वारा की गई अभद्रता, गाली-गलौज और कथित दबाव की घटना न केवल प्रशासनिक गरिमा पर हमला है, बल्कि यह महिलाओं के सम्मान के खिलाफ भी एक गंभीर अपराध है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता भूपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि आज जब पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी तथाकथित नारी शक्ति वंदन या नारी सम्मानज्ज के नाम पर अभियान चला रही है, उसी समय उनके ही नेताओं के परिवार के लोग एक महिला अधिकारी का अपमान कर रहे हैं। यह दोहरा चरित्र और दिखावटी राजनीति का सबसे बड़ा उदाहरण और यही भाजपाई नारी वंदन माडल है।

हम स्पष्ट रूप से मांग करते हैं कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच हो, दोषी इंदर सिंह चौहान के खिलाफ तत्काल उचित धाराओं में स्न्ढ्क्र दर्ज की जाए, उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए, और संबंधित मंत्री अपनी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए सार्वजनिक रूप से जवाब दें।

यह केवल एक अधिकारी का मामला नहीं है-यह हर उस महिला का सवाल है जो ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभा रही है। अगर सत्ता के संरक्षण में इस तरह की घटनाएं होती रहेंगी, तो नारी सम्मान केवल एक नारा बनकर रह जाएगा। कांग्रेस चेतावनी देती हैं कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो इस मुद्दे को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर उठाया जाएगा और जन आंदोलन किया जाएगा।

## डॉ. यादव ने स्व. केलकर की जयंती पर किया नमन

भोपाल (स्वतंत्र मत)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिल्पकार स्व.यशवंतराव केलकर की जयंती पर पुण्य स्मरण कर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. केलकर की व्यक्तित्व निर्माण और वैचारिक अधिष्ठान को मजबूत करने की अद्वितीय क्षमता से देश के असंख्य कार्यकर्ता संस्कारित हुए।

## दमोह में ग्रेवल प्रोफाइल कार्यों में गड़बड़ी पर बड़ा एक्शन

दमोह (स्वतंत्र मत)। मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए मनोज कुमार गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। गुप्ता जो पहले ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दमोह में प्रभारी कार्यपालन यंत्री के पद पर पदस्थ थे और वर्तमान में सहायक यंत्री के रूप में कार्यरत थे, उन पर मुख्यमंत्री अवसंरचना मद 6084 के तहत ग्रेवल प्रोफाइल सुधार कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप पाए गए। जारी आदेश के अनुसार यह कार्रवाई मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम 9 (1) के तहत की गई है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय मुख्य अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा परिक्षेत्र जबलपुर निर्धारित किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निलंबन अवधि में मनोज गुप्ता को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

# हर जरूरतमंद को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ : तोमर



### ऊर्जा मंत्री ने जनसुनवाई में किया समस्याओं का निराकरण

भोपाल (स्वतंत्र मत)। जन-जन की सेवा ही मध्यप्रदेश की सरकार का मूलमंत्र है और इसे साकार करते हुए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार को अपने रेसकोर्स रोड स्थित 38 नम्बर सरकारी कार्यालय पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान समस्याओं को सुना और उनका त्वरित निदान किया। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि आपका यह सेवक जिस मुकाम पर है, वह आप सभी के आशीर्वाद का ही प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यह उनका हक है, जो मध्यप्रदेश की कर्मशील सरकार द्वारा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर जरुरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना प्रदेश सरकार का संकल्प है। इसकी पूर्ति के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए हर जिला, तहसील स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

## जनजातीय समाज की श्रीमती सुहनिया मरावी बनीं 'लखपति दीदी'

भोपाल । मध्यप्रदेश के मंडला जिले के बिछिया ब्लॉक के छोटे से गांव कन?हारीकला की रहने वाली श्रीमती सुहनिया मरावी अपनी मेहनत और लगन से खुद की जिंदगी बदल कर पूरे जनजातीय समाज के लिए प्रेरणा बन गई हैं। स्थानीय बोली में बर्रा कहे जाने वाले बंजर खेत और सीमित संसाधनों के कारण अभावों में जीने वाली सुहनिया आज आत्मनिर्भर होकर लखपति दीदी के रूप में पहचान बना चुकी हैं। सुहनिया मरावी के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उन्हें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से मिलने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

# अंत्योदय का संकल्प विकसित भारत-2047 पर हुआ चिंतन शिविर

### सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री कुशवाहा हुए शामिल




भोपाल (स्वतंत्र मत)। केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के ललित होटल में अंत्योदय का संकल्प, अमृतकाल का प्रतिबिंब एवं विकसित भारत 2047 को समर्पित चिंतन शिविर के भव्य उद्घाटन समारोह में मध्यप्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब के राज?यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद्र कटारिया उपस्थित रहे। उनके साथ केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक एवं केंद्रीय राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा भी मौजूद रहे। यह चिंतन शिविर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संवेदनशील और समावेशी विकास के विज़न को समर्पित है, जिसमें वंचित, पिछड़े, दिव्यांग एवं समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे अंतिम व्यक्ति तक सामाजिक न्याय पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया।

उद्देश्य केवल नीतियां बनाना नहीं, बल्कि हर जरूरतमंद नागरिक को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना है। सामाजिक न्याय, समान अवसर और सबका साथ-सबका विकास ही विकसित भारतञ्च2047 की मजबूत नींव है।

इस चिंतन शिविर में हरियाणा के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण बेदी,त्रिपुरा के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री सुधांशु दास, मिजोरम के समाज कल्याण मंत्री पी. लालरिनपुई, दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविन्दर सिंह, उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप, उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री असीम अरुण, केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव सुधांश पंत एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की सचिव वी. विद्यावती आदि उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में भगवान भरोसे चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र

हटा (स्वतंत्र मत)। एक ओर भीषण गर्मी के चलते जिला कलेक्टर द्वारा जिले में संचालित निजी एवं शासकीय स्कूलों का समय बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए बदल दिया गया एवं कक्षा एक से पांचवीं तक के बच्चों का 30 अप्रेल तक अवकाश घोषित कर दिया गया है लेकिन इसके ठीक विपरीत जिले सहित हटा ब्लाक में चल रहे आंगनबाड़ी केन्द्र इन दिनों भगवान भरोसे चल रहे है। भीषण गर्मी के बावजूद आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन समय में अब तक कोई बदलाव नहीं किया गया है। जहां एक ओर तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं छोटे-छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को तय समय पर केंद्र पहुंचना पड़ रहा है जिससे उनकी सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। क्योंकि भीषण गर्मी में भी आंगनबाड़ी केन्द्रों का समय आज दिनांक तक नहीं बदला गया है। जिससे बच्चे सुबह 9 बजे आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाते है और तपती दोपहर में 2 बजे के बाद तक बैठते है। सबसे बड़ी बात यह है कि बच्चें आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्मी से झुलस रहे है लेकिन एसी में बैठे अधिकारी और कर्मचारी बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल चिर्तिंत नहीं है।

# दीपक बुझाकर नहीं,दीप जलाकर मनाएं जन्मोत्सव : नीरज नयन



दमोह (स्वतंत्र मत)। नीरज नयन महाराज वृंदावन ग्राम बिलाई हिंडोरिया में चल रही भागवत कथा में पंचम दिवस महाराजश्री ने कहा भारतीय संस्कृति में प्रत्येक कार्य का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया जाता है। वर्तमान समय में पाश्चात्य सभ्यता का अंधानुकरण करते हुए लोग दीप बुझाकर जन्मदिन मना रहे हैं जो कि सनातन धर्म के विपरीत है हमें अपनी संस्कृति पर नाज होना चाहिए, जन्मोत्सव कैसे मनाया जाता है। यह बाबा नन्द से सीखने जैसा है नंद बाबा ने लाला के जन्मोत्सव पर सर्वप्रथम ब्राह्मणों से स्वस्ति वाचन कराया गायों का पूजन किया, भगवान शिव का पूजन,अभिषेक कराया। दीन दुखियों को दान दिया भूखे को भोजन कराया, हमें नंद बाबा द्वारा किए सत्कर्मों को आदर्श मानकर ऐसे ही शुभकर्म सत्कर्म जन्म दिन पर करना चाहिए जिससे हमारा जन्म दिन अविस्मरणीय तथा और के लिए प्रेरणा बन जाए।

कथा के मुख्य श्रावक चंद्रभान श्रीमती संध्या ने बताया कि पहले लगता था कि कथा में कैसे बैठूंगा इतनी देर तक और कथा सुनने के बाद अब ऐसा लगता है कि सात दिन के बाद कथा सुने बिना कैसे रहूंगा.सच में भागवत की अद्भुत महिमा है. उन्होंने अपने परिवार,पड़ोस, रिश्तेदार और आस पास के गांवों से आने वाले सभी महानुभावों को बड़ी संख्या में कथा में उपस्थित होने पर बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद ज्ञापित कर रहे है। शनिवार को षष्ठम दिवस रूकमणि विवाह पर बताया रूकमणि विवाह पर जै-जै अजब धाम छोटे सरकार महाराज भी कथा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जमुना प्रसाद, नर्मदा प्रसाद, कमलेश पटेल, महेंद्र पटेल ने भी सभी श्रोताओं से आग्रह किया है कि कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# प्रवेश हेतु साक्षात्कार 27 अप्रैल से 15 मई तक

दमोह (स्वतंत्र मत)। जिले के समस्त शासकीय/अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत् समस्त संकाय 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को एवं समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि यदि विद्यार्थी अपने संकाय से अलग किसी दूसरे संकाय यथा कला संकाय से विज्ञान संकाय में अथवा वाणिज्य संकाय से कला संकाय में इत्यादि इस तरह के संकाय परिवर्तन के साथ के स्नातक प्रथम वर्ष में अथवा स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश लेना चाहता है तो उसे दिनांक 27.4.26 से 14.5.26 तक पीएमसीओई शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में उपस्थित होकर विषय ज्ञान साक्षात्कार मौखिक परीक्षा में सम्मिलित होना पड़ेगा। तत्पश्चात मौखिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर उसे महाविद्यालय द्वारा पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। जिसे दिखाकर विद्यार्थी जिले के अथवा प्रदेश के किसी भी शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में अथवा स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में अपने वांछित संकाय एवं विषय में प्रवेश ले सकेगा।


**पश्चिम मध्य रेल**

**संकेत एवं दूरसंचार विभाग**

**खुली निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई निविदा आमंत्रित करते है। क्र. सं. 1 निविदा सूचना क्रमांक :रू जबल-एन-सिग.-टेण्डर-2026-16, कार्य का नाम लोकेशन सहित : पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर डिवीजन के सतना-रीवा खंड में टर्नआउट नवीनीकरण से संबंधित संकेत एवं दूरसंचार कार्य (सिग्नलिंग कार्य), निविदा का अनुमानित मूल्य (रु. में) : रु 16702739.59, निविदा फार्म की कीमत (रुपये) : रु 00/-, कार्यालय का पता : मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, 'जबलपुर, बयाना राशि रुपये : रु 334100/-, समापन अवधि (माह) : 11 माह, निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 22.05.2026 को 15. 00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। क्र. सं. 2 निविदा सूचना क्रमांक : जबल-एन-सिग.-टेण्डर-2026-17, कार्य का नाम लोकेशन सहित : पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर डिवीजन के मझगवां स्टेशन पर लाइनों के सीएसएल/सीएसआर को बढ़ाने के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य, निविदा का अनुमानित मूल्य (रु. में) : रु 4444180.06, निविदा फार्म की कीमत (रुपये) : रु 00/-, कार्यालय का पता : मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर, बयाना राशि रुपये : रु 88900/-, समापन अवधि (माह) : 11 माह, निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 22.05.2026 को 15. 00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाईन आवेदन की जा सकती है।

हस्ता.
मंडल रेल प्रबंधक(संकेत एवं दूरसंचार)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


# बड़वानी में 18 करोड़ के सड़क एवं पुल निर्माण कार्यों का शुभारंभ

### क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मिलेगी नई गति




भोपाल (स्वतंत्र मत)। मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह ने शनिवार को बड़वानी जिले के प्रवास के दौरान विभिन्न सड़क एवं पुल निर्माण परियोजनाओं का शुभारंभ एवं भूमिपूजन किया। सिलावद में स्थानीय नागरिकों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत पर उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र में लंबे समय से महसूस की जा रही बुनियादी सुविधाओं की कमी अब दूर हो रही है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में अधोसंरचना विकास को नई दिशा मिली है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।मंत्री श्री सिंह ने बताया कि सिलावद-होलगांव मार्ग पर गोई नदी पर पुल निर्माण (1039.88 लाख), सेंधवा-बलवाड़ी रोड ब्रिज के पास 1 किमी सर्विस रोड निर्माण (253.38 लाख) तथा दोंदवाड़ा से मालकातर मार्ग (4 किमी) निर्माण (510.56 लाख) जैसे कार्यों से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और लगभग 5 किलोमीटर की दूरी कम होगी। इन सभी कार्यों पर कुल लगभग 18 करोड़ की लागत आएगी।मंत्री श्री सिंह ने कहा कि सड़क और पुल केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के अवसरों को आमजन तक पहुंचाने का माध्यम हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में 19 किलोमीटर लंबी टू-लेन सड़क का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिसकी लागत लगभग 38 करोड़ है। वर्तमान में बड़वानी जिले में सैकड़ों करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल निर्माण कार्य करना नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण और स्थायी अधोसंरचना का विकास करना है। जनजातीय क्षेत्रों सहित सभी वर्गों तक विकास की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।

मंत्री श्री सिंह ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आवास, स्वास्थ्य, गैस कनेक्शन एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं ने आमजन के जीवन स्तर में व्यापक सुधार किया है। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, सांसद गजेंद्र पटेल, विधायक श्याम बर्डे, पूर्व मंत्री प्रेम सिंह पटेल, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र. / सं.क्र.11/2026-2027

दिनांक 24.04.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अंकित कुमार आर्य, अमित कुमार आर्य पिता धरमदास आर्य ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम पंडित जवाहरलाल नेहरू के भवन क्रमांक 141 ललित कालोनी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000430146 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 500 कच्चा वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दानपत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रयपत्र, वसीयतनमा, त्यागपत्र, रिलीज डीड/ बंटवारा नामा, शपथ पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री मंगल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**



## ➤ बिचौलियों पर अंकुश लगाने जिला प्रशासन की कार्यवाही

### पुराने गेहूं की रीसाइक्लिंग रोकने कई गोदाम हुए सील

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के आदेशानुसार शनिवार को प्रशासनिक अमले द्वारा जिले में स्थित ऐसे कई निजी गोदामों को सील करने की कार्यवाही की गई, जहां गेहूं का भंडारण पाया गया था। ज्ञात हो कि समर्थन मूल्य पर उपार्जन में पुराने गेहूं की रीसाइक्लिंग की आशंका को देखते हुये कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने आदेश जारी कर जिले में स्थित निजी गोदामों से गेहूं की निकासी पर उपार्जन अवधि तक प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर के आदेश पर ऐसे सभी गोदामों को सील किया जा रहा है, जहां पूर्व वर्ष का गेहूँ रखा हुआ है, ताकि किसानों की आड़ में बिचौलियों या व्यापारियों द्वारा पहले से भंडारित गेहूं को उपार्जन केंद्रों पर बेचा न जा सके।

## ➤ सिहोरा जेल में लगाया गया विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

### 93 बंदियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के निर्देशापालन में न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सिहोरा श्यामसुंदर झा, पैनल लॉयर एवं पैरालीगल वॉलंटियर्स की उपस्थिति में विधिक सहायता शिविर एवं विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मेडिकल कॉलेज के आठ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम, जेल चिकित्सक डॉ आरपी त्रिपाठी एवं सिविल अस्पताल सिहोरा की लेब टेक्नीशियन टीम द्वारा जेल में निरुद्ध समस्त 93 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार प्रदान किया गया।





# विश्व मलेरिया दिवस पर जिनसार के विद्यार्थियों ने चलाया जागरूकता अभियान

### रैली और पोस्टर के माध्यम से आमजन को मलेरिया के प्रति किया जागरूक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर 25 अप्रैल को विक्टोरिया हॉस्पिटल में जिनसार के बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी (प्राचार्य प्रभारी) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया तथा इसका समन्वयन स्वप्निल मसीह एवं पूर्वी विजय कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वस्थ आदतें अपनाने तथा मलेरिया मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मलेरिया के प्रति जागरूकता फैलाना, इसके कारण, लक्षण एवं उपचार के बारे में शिक्षित करना, स्वच्छता को बढ़ावा देना तथा मच्छरों के प्रजनन को रोकना, शीघ्र निदान एवं उचित उपचार के लिए प्रेरित करना आदि शामिल रहा।

***कार्यक्रम की मुख्य विशेषताए-*** इस कार्यक्रम का आयोजन अस्पताल के बाहर जागरूकता रैली के माध्यम से किया गया। विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य संदेशों वाले पोस्टर लेकर भाग लिया,

जनसामान्य को जागरूक करने हेतु नारे लगाए गए, समुदाय के साथ संवाद स्थापित कर बेहतर समझ विकसित की गई, इस रैली को समुदाय से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई तथा इससे निवारक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व को सुदृढ़ करने में सहायता मिली। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं सक्रियता के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। समग्र रूप से यह रैली अत्यंत सफल रही और समुदाय को शिक्षित करने तथा मलेरिया उन्मूलन हेतु सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रभावी पहल सिद्ध हुई।

## अनुकंपा के लिए बैंक ने युवक को 8 सालों तक भटकाया, हाईकोर्ट ने लगाया जुर्माना

### अनुकम्पा नियुक्ति पर विचार करने मप्र हाईकोर्ट ने दिए आदेश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मप्र हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति के एक मामले में यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताते हुए बड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में जस्टिस जय कुमार पिल्लई की अदालत ने बैंक द्वारा युवक की नौकरी की मांग ठुकराने वाले आदेश को रद्द कर दिया और 2 महीने में नए सिरे से फैसला लेने का निर्देश दिया है। साथ ही बैंक पर 50 हजार के जुर्माना भी लगाया है।

#### ये है पूरा मामला

दरअसल रीवा में रहने वाले निखिल कोल ने यह याचिका दायर करके 30 जनवरी 2018 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें बैंक ने अनुकंपा नियुक्ति देने से इंकार कर दिया था। युवक ने बैंक में चपरासी/मैसेंजर पद पर नियुक्ति की मांग की थी। याचिकाकर्ता के पिता स्व. शंकर प्रसाद कोल बैंक में नियमित कर्मचारी थे और रीवा जिले की सगरा शाखा में दफ्तरी पद पर कार्यरत थे। उन्होंने 22 वर्ष 4 माह तक सेवा दी। 7 अगस्त 2016 को सेवा के दौरान अचानक हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया। इधर पिता की मौत के बाद परिवार पूरी तरह आर्थिक संकट में आ गया। याचिकाकर्ता की मां का निधन पहले ही 2012 में हो चुका था। युवक परिवार का इकलौता बेटा है। उस पर पत्नी, एक छोटे बेटे और 3 अविवाहित बहनों की जिम्मेदारी आ गई, जो पढ़ाई कर रही थीं। इसी परिस्थिति में युवक ने बैंक की अनुकंपा नियुक्ति योजना के तहत आवेदन किया था। स्थानीय अधिकारियों ने आवेदन की अनुशंसा कर आगे भेजा, लेकिन बाद में बैंक ने मृत कर्मचारी का सेवा रिकॉर्ड संतोषजनक नहीं था यह कहकर आवेदन खारिज कर दिया। मप्र हाईकोर्ट ने कहा कि बैंक की अनुकंपा नियुक्ति नीति में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिसमें मृत कर्मचारी के कथित असंतोषजनक सेवा रिकॉर्ड के आधार पर आश्रित की नौकरी रोकी जा सके।

#### फिर से विचार करने के आदेश

मप्र हाईकोर्ट ने बैंक का 30 जनवरी 2018 का आदेश निरस्त करते हुए निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता के आवेदन पर 60 दिन में दोबारा विचार किया जाए। निर्णय नीति के अनुसार और पुराने अवैध कारणों से प्रभावित न हो। यदि याचिकाकर्ता पात्र पाया जाए तो नियुक्ति भविष्यकालीन प्रभाव से दी जाए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता एनपी चौधरी ने दलीलें रखीं। कोर्ट ने कहा कि बैंक ने न केवल देरी की बल्कि अदालत में जवाब तक दाखिल नहीं किया। इस कारण गरीब याचिकाकर्ता को 2016 से लगातार आर्थिक कष्ट झेलना पड़ा। इसलिए बैंक पर 50 हजार की लागत लगाई गई, जो डिमांड ड्राफ्ट से 30 दिन में याचिकाकर्ता को देना होगा। अदालत ने बैंक अधिकारियों को चेतावनी दी कि भविष्य में अनुकंपा नियुक्ति जैसे कल्याणकारी मामलों में बिना कारण, अपारदर्शी या नीति से बाहर जाकर आदेश पारित किए गए तो अदालत गंभीर दृष्टि से देखेगी।

## 6 वर्षीय अंश को मिला नया जीवन

### मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से हुई सफल सर्जरी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना मासूम बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसी कड़ी में जबलपुर के ग्वारीघाट क्षेत्र के रहने वाले 6 वर्षीय बालक अंश यादव को हृदय रोग से मुक्ति दिलाकर नया जीवन प्रदान किया गया है। जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला से प्राप्त जानकारी के अनुसार, भटौली (दुर्गा नगर) निवासी राजेश यादव के पुत्र अंश यादव की बीमारी का पता तब चला जब डॉ. विकास झारिया एवं डॉ. गौतमी चौधरी की आरबीएसके टीम क्षेत्र में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंची थी। जांच के दौरान टीम ने पाया कि अंश हृदय रोग से ग्रसित है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नोडल अधिकारी डॉ. अमजद खान के मार्गदर्शन में तत्काल कार्यवाही की गई। जिला अस्पताल के विशेषज्ञों से जांच कराने के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन डॉ. नवीन कोठारी ने बालक को उपचार हेतु अनुशंसा प्रदान की। औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अंश को बेहतर इलाज के लिए नारायणा हृदयालय, मुंबई रेफर किया गया। 20 अप्रैल 2026 को मुंबई के विशेषज्ञों द्वारा बालक की सफल हार्ट सर्जरी की गई।

## संजय गांधी ताप विद्युत गृह की यूनिट-2 ने लगाया उत्पादन का शतक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरुआत एक नई ऊर्जा, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता के साथ करते हुए अपने प्रदर्शन की नई इबारत लिखनी प्रारंभ कर दी है। कंपनी की उत्पादन इकाइयों ने न केवल सतत एवं विश्वसनीय विद्युत उत्पादन की प्रतिबद्धता को दोहराया है, बल्कि वित्तीय वर्ष के पहले ही महीने में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित कर यह सिद्ध कर दिया है कि कंपनी निरंतर प्रगति और रिकॉर्ड स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है।

## सुअरमार बमों के साथ आरोपी पकड़ाया

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोहलपुर पुलिस ने बीती रात एक युवक को दो सुअरमार बम के साथ उस वक्त धर दबोचा, जब वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर 40 फिट रोड तरफ दबिश दी गई जहां झाड़ियों तरफ एक युवक घूमते हुए मिला, जिसे घेराबंदी कर दबोचा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अधारताल जवाहर नगर निवासी 20 वर्षीय रोकहित गौड़ बताया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उक्त सुअरमार बम उसे गोरखपुर निवासी यश बेन ने दिये है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

## दो उपार्जन केद्रों में खरीदी प्रारंभ



सिहोरा (स्वतंत्र मत)

मप्र शासन के तहत स्थापित गेहूं उपार्जन केदो में गेहूं खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ कर दिया गया है । इसी क्रम में मझौली तहसील की सहजपुरा समिति के केंद्र क्रमांक 2 का शुभारंभ बघेली गांव स्थित हिमांशु वेयरहाउस में वही कछपुरा समिति के खरीदी केंद्र का मां अन्नपूर्णा वेयरहाउस सिलुवा में खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया । इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री राजमणि सिंह बघेल, दिलीप पटैल, समिति प्रबंधक राकेश दुबे, रविशंकर श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान केवल कानून की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का कर्तव्य

जबलपुर




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय द्वारा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के समापन अवसर पर महिलाऐं एवं कानून विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में डॉ. आदित्य गर्ग, विधि विशेषज्ञ ने महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों, विधिक संरक्षण तथा वर्तमान सामाजिक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि आधुनिक विधिक व्यवस्था ने महिलाओं को समान अधिकार प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है। महिलाओं का सशक्त होना समाज के समग्र विकास के लिए अनिवार्य है। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान केवल कानून की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का कर्त्तव्य है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14,15 एवं 21 के अंतर्गत महिलाओं को प्राप्त अधिकारों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. अरुण शुक्ल ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए अनेक कानून मौजूद है, लेकिन उनकी प्रभावशीलता तब ही सुनिश्चित होगी तब समाज में जागरूकता बढ़ेगी और महिलाएँ स्वंय अपने अधिकारों के प्रति सजग होगी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी एवं संयोजक प्रो. अरुण शुक्ल द्वारा डॉ. ज्योति जुनगरे, श्रीमती बबिता ठाकुर एवं कु. राधा सैनी को शाल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र/छात्राऐं उपस्थित रहे।

## एम्बुलेंस ने बाइक सवार कर्मचारी नेता को रौंदा, मौत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



वाहन निर्माणी जबलपुर (व्हीएफजे) के श्रमिक नेता की देर रात भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। दअरसल कर्मचारी नेता असीम दुबे एक विवाह समारोह से वापस अपने घर बाईक से लौट रहे थे। रात्रि करीब डेढ़ बजे जैसे ही वह खमरिया अस्पताल तिराहे के समीप पहुंचे, उसी समय शहडोल से जबलपुर आ रहीं एक एम्बूलेंस ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी। जिससे असीम बाईक सहित गिर गया और एम्बूलेंस की चपेट में आ गया, जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद तेज रफ्तार एम्बूलेंस भी एक पेड़ से जा टकरायी। सूचना पर पहुंची खमरिया पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

जानकारी अनुसार कर्मचारी नेता असीम दुबे रांझी में एक विवाह समारोह से शामिल होकर अपने गृहग्राम पिपरिया लौट रहे थे। खमरिया अस्पताल तिराहे के पास शहडोल से जबलपुर की ओर आ रही एंबुलेंस ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईण् वहीं 36 वर्षीय असीम दुबे ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। टक्कर के बाद एंबुलेंस भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतर गई और पेड़ से जा टकराई। घटना के बाद राहगीरों ने तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। हादसे की सूचना मिलते ही खमरिया पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद एंबुलेंस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जांच में लिया गा है। वहीं एंबुलेंस में सवार मरीज को पुलिस और सुरक्षा गार्ड की मदद से दूसरे वाहन से अस्पताल भेजा गया। मृतक असीम दुबे ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लाई फेडरेशन की व्हीकल फैक्ट्री कार्य समिति के सचिव थे। उनकी मौत की खबर से कर्मचारियों में शोक की लहर है। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद असीम दुबे का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम पिपरिया में किया गया।

## वाट्सएप पर शादी का कार्ड खोलते ही ढाई लाख रुपये हो गये पार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ऑनलाईन ठगी करने वाले जालसाज नये-नये तरीके अख्तियार कर लोगों की मेहनत की कमाई को उड़ा रहे है। ऐसा ही एक मामला गोसलपुर क्षेत्र में सामने आया। जहां संदीप कुमार साहू के वाट्सअप नंबर पर एपीके फाईल भेजी गई, जिसमें शादी का निमंत्रण कार्ड था। जिसे खोलते ही मोबाईल हैंग हो गया और उनके खाते से करीब ढाई लाख रुपये पार हो गये। पुलिस ने बताया कि ग्राम सिलुआ निवासी संदीप कुमार साहू कृषि काम करता है। दो माह पहले उनके मोबाईल पर वाट्सअप के माध्यम से एक एपीके फाईल आई, जिसमें शादी का निमंत्रण कार्ड था। जिसे संदीप ने ओपन कर लिया, जिसके बाद उसका मोबाईल हैंग हो गया, जिसके बाद संदीप ने उक्त फाईल डिलीट कर दी और अपने मोबाईल का सुधार कार्य करवा लिया। जिसके बाद विगत 16 मार्च को 218 रुपये उसके एकाउंट से कटे, जिस पर उसने ध्यान नहीं दिया। इसके बाद 23 मार्च 2026 को उसके एसबीआई गोसलपुर शाखा के एकाउंट से 46116 रुपये कटने का मैसेज आया। जिसके बाद उसने बैंक में संपर्क कर समरी रिपोर्ट मांगी, जिसे चैक करने पर उसे पता चला कि कि उसके खाते से 16 से 23 मार्च के बीच में दो लाख 58 हजार 191 रुपये ऑनलाईन फ्रॉड कर निकाले गये है।

# निर्माणाधीन मंदिर में पुजारी की हत्या

### बरगी बांध के पास की घटना, जांच में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)





बरगी बांध के समीप स्थित एक निर्माणाधीन मंदिर में पुजारी तारापुरी महाराज की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गईण् तारापुरी महाराज की खून से लथपथ लाश शुक्रवार को उनकी कुटिया में मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि पुजारी के शरीर पर धारदार हथियारों के निशान थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सिवनी के ग्राम ईश्वरपुर निवासी तारापुरी महाराज करीब एक साल पहले बरगी बांध के पास आकर निवास करने लगे थे और वे स्थानीय लोगों की मदद से मंदिर का निर्माण करा रहे थे। वह मंदिर परिसर में ही कुटिया बनाकर उसमें रह रहे थे। बीते दिन महाराज घुंसौर में चल रहे एक केस की पेशी में गए थे, जहां से वे रात को अपनी कुटिया में लौटे, देर रात अज्ञात तत्वों ने कुटिया पहुंचकर तारापुरी महाराज की हथियारों से हमला कर हत्या कर दी।

***खून से सनी मिली लाश-*** शनिवार सुबह जब आसपास के लोग मंदिर दर्शन करने पहुंचे तो पुजारी नजर नहीं दिखे, इसके बाद कुटिया पहुंचे तो देखा कि तारापुरी महाराज खून से लथपथ मृत हालत में पड़े थे, उनके शरीर पर धारदार हथियारों के निशान थे। पुजारी की हत्या की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते कई लोग एकत्र हो गए, मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि पुजारी के शरीर गंभीर चोटों के कई निशान है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरु कर दी है। यहां तक कि कुछ संदिग्धों को भी हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होगें, पुलिस मंदिर क्षेत्र के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज भी खंगाल रही है।

**जमीनी विवाद में हत्या की आशंका** - करीब एक साल पहले मृतक तारापुरी महाराज ईश्वरपुरी (सिवनी) बरगी डैम के पास आकर रहने लगे थे। मां नर्मदा के भक्त होने के कारण यहीं रहने लगे थे। स्थानीय लोगों की मदद से बांध के किनारे मंदिर का निर्माण करा रहे थे। साधु शुक्रवार को घंसौर में चल रहे एक केस की पेशी पर गए थे और रात में वापस कुटिया लौटे थे। पुलिस ने बताया कि मंदिर में मौजूद लोगों का कहना था कि मृतका का एक बेटा है, जो कि परिवार के साथ मंडला में रहता है। ईश्वरपुर गांव में उनकी चार एकड़ जमीन है, जिसकी कीमत करीब 70 से 80 लाख है। इसी जमीन को लेकर परिवार के भाईयों और बहनों से विवाद भी चल रहा था। शुक्रवार को सिवनी तहसील में पेशी थी, जिसके चलते तारापुरी महाराज गए थे। बताया जा रहा है कि वहां पर जमीन को लेकर विवाद भी हुआ था।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**